वर्ष- 12 अंक - 135
लखनऊ, शुक्रवार 03 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

सांझा उत्सव से महिलाओं के हुनर को मिलेगी व्यापक पहचान : डिप्टी सीएम 03
प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली में विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन 12

## दिव्यांगजन को रेल रियायती कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

भारतीय रेल की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे एवं उत्तर रेलवे में दिव्यांगजन को रेल रियायत कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन सुविधा प्रदान कर दी है। लखनऊ के हजरतगंज में उत्तर रेलवे एवं पूर्वोत्तर रेलवे के कार्यालयों में इस बाबत सूचना मिली है।

उत्तर रेलवे में लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि दिव्यांगजन को रेल रियायत कार्ड बनवाने के लिए कम भाग दौड़ करनी पड़े, इसके लिए अंग्रेजी के लेटर में दिव्यांगजनआईडी डॉट इंडियनरेल डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट पर रेल रियायत कार्ड बनवाने की सुविधा दे दी गयी है। इसके लिए वेबसाइट का एक जनवरी 2025 से संचालन आरम्भ हो गया है। इस सुविधा का लाभ किसी भी स्थान से वेबसाइट पर जा कर उठाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन को आवेदन पत्र जमा करने के लिए कार्यालय तक आने की आवश्कता नहीं रहेगी। आवेदन को ऑनलाइन जमा करने के बाद उसकी स्थिति को वेबसाइट पर देखा जा सकेगा। दिव्यांगजन कार्ड या दिव्यांगजन रेल किराया रियायत कार्ड को वेबसाइट पर दिखायी देने पर डाउनलोड करने की सुविधा है। दिव्यांगजन अपने कार्ड को डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेगें।

## मनु भाकर व डी गुकेश सहित चार एथलीटों को मिलेगा ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड

**राष्ट्रीय खेल पुरस्कार वितरण 17 जनवरी को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में होगा**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

डबल ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर को हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह, नए विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश और पैरा-हाई जम्पर प्रवीण कुमार के साथ मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित जाएगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। पुरस्कार के लिए आवेदन करने में त्रुटि के कारण शुरुआत में मनु को खेल रत्न जीतने की दौड़ में शामिल एथलीटों की सूची से बाहर कर दिया गया था।



राष्ट्रीय खेल पुरस्कार वितरण 17 जनवरी को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में होगा। 22 वर्षीय भाकर अगस्त में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बन गईं।
इन्हीं खेलों में, हमरनप्रीत ने भारतीय हॉकी टीम को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाया।

दूसरी ओर, 18 वर्षीय गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने, साथ ही पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम को ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने में भी मदद की। चौथे प्राप्तकर्ता पैरा हाई-जम्पर प्रवीण होंगे, जिन्हें पेरिस पैरालिंपिक में टी64 चैंपियन का ताज पहनाया गया था। टी 64 वर्गीकरण उन एथलीटों के लिए है जिनके घुटने के नीचे एक या दोनों पैर गायब हैं और दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर हैं।

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न** मनु भाकर (निशानेबाजी), डी. गुकेश (शतरंज), हरमनप्रीत सिंह (हॉकी) और प्रवीण कुमार (पैरा-एथलेटिक्स)।

**अर्जुन पुरस्कार** ज्योति याराजी (एथलेटिक्स), अन्नू रानी (एथलेटिक्स), नीटू (मुक्केबाजी), स्वीटी (मुक्केबाजी), वंतिका अग्रवाल (शतरंज), सलीमा टेटे (हॉकी), अभिषेक (हॉकी), संजय (हॉकी), जरमनप्रीत सिंह ( हॉकी), सुखजीत सिंह (हॉकी), राकेश कुमार (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा-एथलेटिक्स), जीवनजी दीप्ति (पैरा-एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा-एथलेटिक्स), सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा-एथलेटिक्स), धरमबीर (पैरा-एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा-एथलेटिक्स), एच होकाटो सेमा (पैरा-एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा) -एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा-एथलेटिक्स), नितेश कुमार (पैरा-बैडमिंटन), थुलसिमथी मुरुगेसन (पैरा-बैडमिंटन), निथ्या श्री सुमति सिवन (पैरा-बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा-बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा-जूडो), मोना अग्रवाल (पैरा-शूटिंग), रूबीना फ्रांसिस (पैरा-शूटिंग), स्वप्निल सुरेश कुसाले (शूटिंग), सरबजोत सिंह (शूटिंग), अभय सिंह (स्क्वैश), साजन प्रकाश (तैराकी), अमन (कुश्ती)।

खेल मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, पुरस्कार विजेता 17 जनवरी, 2025 (शुक्रवार) को 11 बजे राष्ट्रपति भवन में एक विशेष रूप से आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

2024 ओलंपिक वर्ष होने के कारण, 32 एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जिसमें अमन सहरावत, स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह जैसे अन्य पेरिस खेलों के पदक विजेता शामिल हैं।

## विकास के आयामों को बंद करती थीं पिछली सरकारें : योगी

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारें जहां विकास के आयामों, उद्योगों, कारखानों को बंद करने और उन्हें बेचने में लगी रहती थीं, वहीं भाजपा की डबल इंजन सरकार नव सृजन और नया निर्माण कर विकास का माहौल बनाने में जुटी हुई है। मिसाल के तौर पर गोरखपुर के बंद खाद कारखाने और पिपराइच की बंद चीनी मिल को देखा जा सकता है। पूर्व की सरकारों ने जहां इसे बंद कर दिया था और बेचने की तैयारी में थीं, वहीं डबल इंजन की सरकार ने इन्हें फिर से चला दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में नए साल में उत्तर प्रदेश नई गति से विकास पथ पर आगे बढ़ेगा। यहां नौकरी और रोजगार के अवसर और तेजी से बढ़ेंगे। यहां के युवाओं को कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री योगी नए साल के दूसरे दिन गुरुवार को गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी, किसान हित और खाद्य एवं दवा सुरक्षा से जुड़ी 1533 करोड़ रुपये की नौ विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 1478 करोड़ 80 लाख 68 हजार रुपये के चार विकास कार्यों का शिलान्यास तथा 53 करोड़ 73 लाख 66 हजार रुपये के पांच विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जनता इंटर कॉलेज चरगांवा में हुए समारोह में योगी ने कहा कि विकास की ये परियोजनाएं आने वाले समय मे नए गोरखपुर का दर्शन और भी सशक्त रूप में कराएंगी।



**सौगात**

**गोरखपुर में 1533 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्य करने का जज्बा होना चाहिए। समाज के प्रति जवाबदेही का जज्बा होगा तो सभी समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज गोरखपुर की पिपराइच की चीनी मिल चल रही है, खाद कारखाना चल रहा है, गोरखपुर में चिड़ियाघर भी खुल गया है। गोरखपुर में लखनऊ, वाराणसी सहित सभी तरफ से शानदार रोड कनेक्टिविटी है। विकास होने से रोजगार के नए-नए अवसर भी आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में पांच साल में 15 से 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है। उद्योग लगने से हजारों युवाओं को रोजगार की गारंटी मिली है। आज गोरखपुर में चार विश्वविद्यालय हैं, वेटरिनरी कॉलेज भी बन रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। इसकी शुरुआत विकास कार्यों से हो रही है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में बन रहे वेटरिनरी कॉलेज से जहां पशुपालन का प्रशिक्षण प्राप्त होगा तो वहीं कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बन रहा है। इससे कृषि की पढ़ाई के साथ किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक का प्रशिक्षण सुलभ होगा। गोरखपुर के नवीनीकृत कृषि विद्यालय में भी किसानों को नए तौर तरीकों को सीखने का मौका मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय कृषि विद्यालय के नवीनीकृत होने पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय 1932 में बना था लेकिन इसका भवन जीर्ण शीर्ण हो गया था। अब नए भवन के साथ किसानों को नई तकनीक के प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं को जानने का सुविधाजनक अवसर मिलेगा।

### टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश के लिए आगे आएं सेवानिवृत्त अधिकारी व शिक्षाविद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब एक अभिनव पहल की है। मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त हो चुके आईएएस, आईपीएस, पूर्व कुलपति, शिक्षाविदों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों को निक्षय मित्र की बड़ी जिम्मेदारी दी है। निक्षय मित्र के रूप में यह वरिष्ठ नागरिक टीबी उन्मूलन के प्रयासों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने इस संबंध में सभी के साथ बैठक की और टीबी मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग का आह्वान किया। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस और पूर्व कुलपतियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के टीबी मुक्त भारत के संकल्प के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ भारत से ही समर्थ भारत का निर्माण संभव है और जब भारत समर्थ होगा तभी शक्तिशाली होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा था। इसे मिशन मोड में लेते हुए प्रधानमंत्री ने भारत के लिए वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक टीबी रोगी भारत मे हैं और भारत को टीबी मुक्त करने के लिए सबसे बड़ी आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश में टीबी उन्मूलन अनिवार्य है।

## ओएनडीसी से छोटे व्यवसायों को बल, ई-कॉमर्स में क्रांति : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स में क्रांति लाने में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित खुले ऑनलाइन मंच- ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कामर्स (ओएनडीसी) के योगदान का उल्लेख करते हुए गुरुवार को कहा कि यह विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वणिज्य एवं उद्योगमंत्री पीयूष गोयल की ओएनडीसी के बारे में सोशल मीडिया मंच एक्स पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने लिखा कि ओएनडीसी ने छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने और ई-कॉमर्स में क्रांति लाने में योगदान दिया है। इस तरह से विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

श्री गोयल ने लिखा कि मोदी सरकार ने भारत में ई-कॉमर्स को लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से 2021 में इसे लॉन्च किया था। पिछले तीन वर्षों में, इसने न केवल कई उपलब्धियां हासिल की हैं, बल्कि नेटवर्क पर उनके लिए समान अवसर बनाकर व्यवसायों, विशेष रूप से छोटे उद्यमों को सशक्त भी बनाया है। विक्रेताओं और खरीदारों के बीच की खाई को पाटकर, ओएनडीसी देश के ई-कॉमर्स के क्षेत्र में लगातार क्रांति कर रहा है। वाणिज्य मंत्री ने ओएनडीसी की उपलब्धियों को एक पोस्टर के माध्यम से प्रकाशित किया है जिसके अनुसार इस मंच पर इस छोटी अवधि में ही लेन-देन की संख्या 15 करोड़ हो गया है। इस खुले नेटवर्क से 200 से अधिक ई-कामर्स नेटवर्क जुड़ चुके हैं और इससे 600 से अधिक शहरों और कस्बों के सात लाख बिक्रेता तथा सेवा प्रदाता जुड़ चुके हैं।



### संक्षिप्त समाचार

**भारत भूकंप पीड़ित वानुआतु को पांच लाख डालर की देगा मदद**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने पिछले महीने दक्षिणी प्रशांत महासागर में आए विनाशकारी भूकंप में बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान से पीड़ित द्वीपीय देश वानुआतु को पांच लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 4.28 करोड़ रुपये) की तत्काल राहत सहायता देने की घोषणा की है।

**राहुल के खिलाफ मानहानि मामले की 10 जनवरी को अगली सुनवाई**

**सुलतानपुर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुलतानपुर की एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 10 जनवरी निर्धारित की है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट में दाखिल किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, इससे वे आहत हुए।

**गौमांस तस्करी के आरोपित की आठ करोड़ की सम्पत्ति कुर्क**

**जालौन।** जालौन पुलिस ने गौमांस तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तस्कर अतीक अहमद की 8 करोड़ रुपये की सम्पत्ति को कुर्क कर लिया है, जिसमें दिल्ली स्थित उसका मकान भी शामिल है। यह मकान पुलिस ने सील कर जब्त कर लिया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने किसान आंदोलन को लेकर पंजाब सरकार के रवैये पर उठाये सवाल**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने किसान आंदोलन को लेकर पंजाब सरकार के रवैये पर सवाल उठाया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि राज्य सरकार का रवैया आंदोलन को लेकर उचित नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि राज्य सरकार किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को क्यों नहीं समझा पा रही है कि अस्पताल में जाने के बाद भी उनका अनशन और आंदोलन चलता रहेगा। मामले की अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी।

### चंदन गुप्ता हत्या कांड मामले में 28 आरोपी दोषी करार

**एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने सुनाया फैसला**

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



कासगंज के तिरंगा यात्रा में मारे गए चंदन गुप्ता मर्डर केस में एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को 28 आरोपियों को दोषी करार दिया है। जबकि 2 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। लगभग 7 साल के बाद चंद को एनआईए की स्पेशल कोर्ट से न्याय मिला है। आप को बता दें कि 26 जनवरी 2018 को कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पूरे शहर में दंगा हो गया था। इस मामले में चंदन के पिता सुशील गुप्ता ने थाना कासगंज में आरोपी सलीम सहित 20 नामजद एवं अन्य लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराई थी। फिलहाल सात साल बाद आरोपियों को सजा हुई है।

## शासकों को खुश करने के लिए लिखे इतिहास से निजात पाने का समय आ गया : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश के इतिहासकारों से भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति के इतिहास को तथ्यों और प्रमाणों के साथ लिखने का आह्वान करते हुए कहा कि अब शासकों को खुश करने के लिए लिखे इतिहास से निजात पाने का समय आ गया है।

अमित शाह गुरुवार को दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख : सातत्य और संबद्धता का ऐतिहासिक वृतांत पुस्तक के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण का विमोचन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इतिहास बहुत व्यापक और कटु होता है। 150 साल का एक कालखंड ऐसा था जब इतिहास का मतलब दिल्ली दरीबा से बल्ली मारान तक और लुटियन से जिमखाना तक सीमित था। उन्होंने कहा कि इतिहास यहां बैठकर नहीं लिखा जाता है। शाह ने कहा कि शासकों को खुश करने के लिए लिखे गये इतिहास से निजात पाने का समय अब आ गया है। उन्होंने कहा कि मैं देश के इतिहासकारों से अपील करता हूं कि वे हमारे हजारों साल पुरानी संस्कृति के इतिहास को तथ्यों और प्रमाणों के साथ लिखें और उसे गर्व के साथ दुनिया के सामने पेश करें। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों ने जो किया वो किया लेकिन अब हमें कौन रोक सकता है? देश आजाद है और देश के विचारों के अनुसार सरकार चल रही है। अब हमारा काम है कि हम तथ्यों और प्रमाणों के साथ अपने दृष्टिकोण से देश का प्रतिनिधित्व करें। कश्मीर से भारत के जुड़ाव के प्रश्न को बेमानी बताते हुए शाह ने कहा कि इस पुस्तक से ये बात सिद्ध हो गई है कि भारत के कोने-कोने में मौजूद संस्कृति, भाषा, लिपि, आध्यात्मिक विचार, तीर्थ स्थलों की कला, व्यापार और वाणिज्य पिछले 10 हजार साल से कश्मीर में उपस्थित था और वहीं से देश के बहुत से हिस्सों में पहुंचा। उन्होंने कहा कि जब एक ग्रंथ कश्मीर और झेलम की बात करते हैं तो कोई नहीं कह सकता कि कश्मीर किसका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग पहले भी था, आज भी है और हमेशा रहेगा। इसको कोई कानून की धाराओं से अलग नहीं कर सकता।



**आह्वान**

**कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग पहले भी था, आज भी है और हमेशा रहेगा**

## नीट परीक्षा को लेकर विशेषज्ञ समिति की सिफारिशें लागू करेगी केंद्र सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार नीट की परीक्षा को लेकर विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू करेगी। केंद्र सरकार ने इसकी सूचना गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को दी। केंद्र की इस सूचना के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई तीन महीने के लिए टाल दिया। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल में होगी।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है और सरकार उस रिपोर्ट की सभी अनुशंसाओं पर अमल करेगी। मेहता ने इसके लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई तीन महीने के लिए टाल दी।

सुप्रीम कोर्ट ने 2 अगस्त, 2024 को नीट की परीक्षा दोबारा कराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि नीट परीक्षा में सिस्टेमैटिक ब्रीच नहीं हुआ था। पेपर लीक केवल पटना और हजारी बाग में ही हुआ। कोर्ट ने कहा था कि हमने सरकार की ओर से नियुक्त कमेटी के काम का दायरा तय किया है। इसके दायरे में एग्जाम सिक्योरिटी और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तय करना होगा, जिसमें एग्जाम सेंटर के अलॉट करने की प्रक्रिया की समीक्षा, एग्जाम सेन्टर की सीसीटीवी मॉनिटरिंग, पेपर में गड़बड़ी नहीं हो यह सुनिश्चित करना और शिकायतों के निवारण की व्यवस्था करना तय किया है। साथ ही पेपर को खुले ई-रिक्शा के बजाय रियल टाइम इलेक्ट्रॉनिक लॉक सिस्टम के साथ बंद वाहन में भेजे जाने की व्यवस्था पर विचार किया जाए।




### ब्रजेश पाठक की बड़ी कार्रवाई, हटाए गये अयोध्या मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** भ्रष्टाचार के आरोप में अयोध्या के राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही संविदा पर तैनात लिपिक की मौत के मामले की भी जांच कराई जाएगी। पीड़ित के परिवार ने प्रधानाचार्य पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अयोध्या मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य के प्रकरण को गंभीरता से लिया है। जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए डिप्टी सीएम ने कार्रवाई की है। डिप्टी सीएम ने बताया कि कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। डॉ. ज्ञानेन्द्र की प्रताड़ना से संविदा लिपिक प्रभुनाथ मिश्र की मृत्यु के आरोपों की भी जाँच करायी जायेगी। अयोध्या के प्रधानाचार्य की लगातार गम्भीर शिकायतें हुई। उन पर पूर्व अनुमोदित फर्मों से क्रय की गयी औषधियों, हाउस कीपिंग, बायोमेडिकल वेस्ट, मरीजों का खाने आदि का भुगतान न करते हुए लम्बित बिलों का भुगतान करने में कमीशन की मॉग के आरोप लगे हैं।

## रौद्र रूप दिखाएगी शीतलहर

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पछुआ हवाओं का असर उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है।

गुरुवार को अचानक पारा धड़ाम हो गया और कानपुर में 5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंच गया। यही हाल लगभग पूरे प्रदेश का रहा। मौसम विभाग का कहना है कि बर्फबारी होने से आगामी दिनों में शीतलहर चलने की पूरी संभावना है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एस एन सुनील पांडे ने गुरुवार को बताया कि पहाड़ों पर इन दिनों पश्चिमी विक्षोभ जबरदस्त सक्रिय है। इनकी वजह से जमकर बर्फबारी हो रही है। पछुआ हवाएं उत्तर प्रदेश के गंगा के मैदानी इलाकों को प्रभावित कर रही हैं। इन सर्द भरी हवाओं से कानपुर का तापमान न्यूनतम तापमान बुधवार को 10 डिग्री सेल्सियस था, वह आज 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अचानक 5 डिग्री सेल्सियस तापमान कम होने से सिहरनभरी सर्दी बढ़ गई और लोग कांप उठे। इसके साथ ही आसमान में कोहरा छाया रहा और दृश्यता भी 2 किलोमीटर की बजाय 400 मीटर तक ही सीमित रही। इससे हाईवे व सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। उन्होंने आगे बताया कि आगामी दिनों में जिस प्रकार पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, उससे पूरी संभावना है कि शीतलहर अपना रौद्र रूप दिखाएगी।

ऐसे में शीतलहर से बचने के लिए खासकर बुजुर्ग लोग घरों पर ही रहें और अलाव का सहारा लें। इसके साथ ही सुबह शाम की सैर करना इन दिनों नुकसानदायक हो सकता है।

### बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय प्रभु की जमानत याचिका खारिज



**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय प्रभु दास की जमानत याचिका आज दूसरी बार खारिज हो गई। न्यूज एजेंसी डेली स्टार के मुताबिक चटगांव सेशन कोर्ट के जज सैफुल इस्लाम ने दोनों पक्षों की दलील पढ़ने के बाद ये फैसला दिया। इस मामले में करीब आधे घंटे तक सुनवाई चली। चिन्मय दास पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। फैसले के बाद चिन्मय प्रभु के वकील अपूर्व भट्टाचार्य ने कहा कि वे जमानत को लेकर हाईकोर्ट में अपील करने की तैयारी कर रहे हैं।

**सुविधा** महाकुम्भ के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था


## स्टेशनों पर बनाए जा रहे ऑब्जरवेशन रूम

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** महाकुम्भ के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। जिसमें 24 घंटे ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान एक लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी। इस बार रेलवे बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
विशेष चिकित्सा सेवाएंसीपीआरओ शशि कांत त्रिपाठी ने बताया है कि महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूमों में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।
उन्होंने बताया कि हृदय सम्बंधित समस्याओं की त्वरित पहचान के लिए ईसीजी मशीन, दिल के रुकने पर उसे सामान्य करने के लिए डिफ़िब्रिलेटर, आक्सीजन की कमी से निपटने के लिए आक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर तथा रक्त शर्करा की माप करने के लिए ग्लूकोमीटर, जो मधुमेह से प्रभावित लोगों के लिए जरूरी है। सीपीआरओ ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी सहित प्रमुख स्टेशनों पर ऑब्जर्वेशन रूम्स स्थापित किए गए हैं, जहां स्टाफ तैनात रहेगा। इनमें स्टाफ नर्स 15, फार्मासिस्ट 12, हास्पिटल अटेंडेंट (एचए) 12 एवं हाउस कीपिंग असिस्टेंट 15 तैनात रहेंगे। इन कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए कि सभी शिफ्ट्स में चिकित्सा सेवाएं सुचारु रूप से चलती रहें। प्रत्येक शिफ्ट का समय 8 घंटे होगा।




### क्यूआर कोड स्कैन करते ही तत्काल सुरक्षा तंत्र से जुड़ जायेंगे श्रद्धालु

महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बेहद पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इनमें डिजिटल तकनीक का भी भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। पहली बार श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से पल-पल की अपडेट मिलेगी। श्रद्धालु अपनी बात सेकेंडों में बड़े पुलिस अफसरों से लेकर पूरे महकमे तक पहुंचा पाएंगे। महाकुम्भ पुलिस ने सुरक्षा के चार ऐसे डिजिटल दरवाजे बनाए हैं, जिनके माध्यम से यह सब कुछ पल भर में किया जा सकेगा। बस आपको क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। ऐसा करते ही श्रद्धालु तुरंत सुरक्षा तंत्र के साथ जुड़ जाएंगे।



# डीएम ने वृद्धजनों को गर्म वस्त्रों का किया वितरण, जाना वृद्धों का हाल

**43 पुरुष और 47 महिला वृद्धजनों को प्रदान किए इनर, गर्म शाल और मोजे**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव के दृष्टिगत गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग समाज कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहाँ निवासरत 90 वृद्धजनों को गर्म कपड़े (इनर, शाल, मोजे) वितरित किया। गर्म वस्त्र पाकर वृद्धजन खुशी से झूम उठे। इस दौरान वृद्ध जनों को फल, मिष्ठान, समोसा आदि खाद्य सामग्री का भी वितरण किया गया।

वृद्ध आश्रम पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 43 पुरुष एवं 47 महिला वृद्धों को गर्म इनर, गर्म शाल और मोजे देकर सम्मानित किया। कहा कि सर्दी बढ़ रही है, सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े दिए गए हैं। बुजुर्ग सर्दी से अपना बचाव करें। यहां आकर आपसभी के बीच समय बिताने में हमेशा सुकून मिलता है। वस्त्र पाकर वृद्धों के चेहरे पर मुस्कान देखी गई।



डीएम ने आश्रम प्रबंधक और स्टाफ से कहा कि वह वृद्धजनों का ध्यान रखें, यह न महसूस होने दें कि उनका परिवार नहीं है। उन्होंने वृद्धजनों को हर संभव मदद दिलाने का भी भरोसा दिया। वृद्धजनों से मुलाकात के दौरान वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त करते हुए कहा कि यदि उन्हें कोई समस्या है तो उसे उनके संज्ञान में लाया जाय। व्यवस्थाओं पर वृद्धजनों की ओर संतोषजनक उत्तर प्राप्त होने पर डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों तथा सुपरवाईज़र को निर्देश दिया गया कि आवासित सभी बुजुर्गों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं वृद्धजनों को मुहैय्या करायी जायें। डीएम ने समाज कल्याण विभाग और आश्रम प्रबंधक को वृद्धजनों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने बुजुर्गों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही मनोरंजन के लिए सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध करने को भी कहा। इस दौरान डीएम ने सभी बुजुर्गों को अपनेपन का एहसास कराया और वृद्धाश्रम से चलते समय सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर उनके दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की तथा पुनः वृद्धाश्रम आने का वादा भी किया। कहा कि बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलना हर्ष की बात है। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह मौजूद रहे।

## वोटर लिस्ट के अन्तिम प्रकाशन की तिथि बढ़ी, अब सात को होगा प्रकाशन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन के सम्बन्ध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. लखनऊ द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है, जिसके अनुसार निर्वाचक नामावलियों के अन्तिम प्रकाशन की संशोधित तिथि 06-01-2025 के स्थान पर दिनांक 07-01-2025 कर दी गई है। इस बात की जानकारी एडीएम संजय कुमार सिंह ने दी।

# शब्दाक्षर संस्था की काव्य गोष्ठी में बिखरे काव्य के सुर

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

शहर के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना में शब्दाक्षर संस्था ने काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। अंकित रस्तोगी के आवास पर हुई काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि मधुकर शैदाई, विशिष्ट अतिथि द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, शशिकान्त मिश्र, डा वेद प्रकाश अग्निहोत्री मौजूद रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता कवि संत कुमार बाजपेई संत ने की। काव्य गोष्ठी में संत कुमार बाजपेयी, मधुकर शैदाई, डा द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री वेद, शशिकांत मिश्र शशि, नवनीत गुप्ता, प्रखर मिश्र, श्याम मोहन मिश्र, सुरेश ठाकुर, वानी गुप्ता, शब्दाक्षर जिलाध्यक्ष वीरेश वाजपेयी ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



# तीन जनवरी से ब्लॉक स्तर पर शुरु होगी प्रतियोगिताएं

**विजेता प्रतिभागियों को जिला और राज्य स्तर पर प्रतिभा का मिलेगा मौका**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नेहरू युवा केंद्र द्वारा विकासखंड स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं 3जनवरी से कराई जाएंगी। मेरा युवा भारत एवं नेहरू युवा केंद्र लखीमपुर खीरी द्वारा 3जनवरी से 11जनवरी तक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र लखीमपुर खीरी के माध्यम से बताया गया कि फिट इंडिया फिटनेस क्लबों की स्थापना को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विकास खंड स्तर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन क्लस्टर के रूप में किया जाएगा। जिसके आयोजन को जिले के पांच विकास खंडों का चयन किया गया है। जहां पर निकटवर्ती विकासखंड के भी युवा मंडल के सदस्य और युवा प्रतिभाग करेंगे। जिसके लिए 03 और 04 जनवरी में मोहम्मदी में प्रसून दीक्षित, 05और 06 जनवरी को बिजुआ में नागेंद्र प्रताप शुक्ला, 06 और 07 जनवरी को लखीमपुर में सौरभ त्रिवेदी, 08 और 09 जनवरी को नकहा में अमित मौर्य और 10और 11 जनवरी को गोला में संदीप कुमार वर्मा को प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग में वॉलीबॉल, 400 मीटर दौड़, और 45 से 55 भार वर्ग में कुश्ती, वही बालिका वर्ग में कबड्डी, 500 मीटर स्लो साइकिल रेस और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिले के 15 से 29 आयु वर्ग के युवक और युवती मंडल के सदस्य प्रतिभाग कर सकते हैं। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया जाएगा और विजेता प्रतिभागियों को जिला स्तर पर प्रतिभाग करने और जिला स्तर के विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

## बैटरी रिक्शा से अज्ञात चोरों ने चुराई बैटरी

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात अज्ञात चोरों ने पुलिस को जबर्दस्त चुनौती देते हुए घर के बाहर खड़े ऑटो रिक्शा से चारों बैटरी खोल ली। सुबह उठने पर रिक्शा मलिक ने देखा तो उसके होश उड़ गए जिसके बाद उसने घटना की लिखित तहरीर थाने में दी है। पीड़ित प्रवीण गुप्ता का मकान राष्ट्रीय राजमार्ग पर कस्बे के अंदर भारत पेट्रोल पंप के सामने है उसने बताया है कि वह रोज अपने रिक्शे को घर के बाहर खड़ा करता है। 1 जनवरी 2025 को भी उसने अपने रिक्शा को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठा तो उसने देखा कि रिक्शा से अज्ञात चोरों द्वारा बैटरी को चोरी कर लिया गया है जिसके बाद उसने लिखित तहरीर थाने में दी है।

**अभी एक दिन पहले ही टावर से चार बैटरियां हुई थी चोरी:** कड़ाके की ठंड में चोर क्षेत्र में सक्रिय हैं और लगातार चोरी की घटनाओं को दे रहे हैं अंजाम अभी 31 दिसंबर की रात्रि को उचौलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने लगे टावर से अज्ञात चोरों द्वारा चार बैटरियां चोरी कर ली गई थी। और बीती रात फिर पनाहपुर में लगे टावर से एक बैटरी चोरी की गई। टेक्नीशियन गुरुण पांडे ने बताया है कि दोनों टावरों से हुई चोरी की घटनाओं की लिखित तहरीर थाने में दे दी गई है।

## उद्योग व्यापार मंडल इकाई ममरी का गठन, अनूप अध्यक्ष, जावेद बने महामंत्री

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उद्योग व्यापार मंडल ममरी की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अनूप वर्मा को अध्यक्ष और जावेद अंसारी को महामंत्री बनाया गया। भेखराम वर्मा की अध्यक्षता में हुई व्यापारियों की बैठक में सर्वसम्मति से अनूप वर्मा को अध्यक्ष, सुनील सोनी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रेम सागर को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, जावेद अंसारी को महामंत्री, महेंद्र वर्मा को संगठन मंत्री, सुमित कुमार मौर्य को मंत्री, महेंद्र शर्मा को वरिष्ठ मंत्री और सौरभ वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। शैलेंद्र गुप्ता, राजू शुक्ला और संजीव राठौर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बैठक में विजेंद्र पटेल, उमाशंकर, महेंद्र कुमार, जावेद अहमद, अदिक वर्मा, श्री चंद वर्मा, विनोद वर्मा, समेत तमाम व्यापारी मौजूद थे।

# आधी रात में निकले एसडीएम, रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण, बांटें कंबल

**तहसील क्षेत्र में एसडीएम ने निराश्रित जरुरतमंदों को कंबल बांटें, दिखी मुस्कान**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

खीरी जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर बुधवार की सर्द रात में सभी उप जिलाधिकारियों ने अपने तहसील क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर न केवल रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की बल्कि निर्धन व जरूरतमंद व्यक्तियों को किया कंबल प्रदान किया।

**निघासन:** एसडीएम राजीव कुमार निगम ने आधी रात को अपनी नींद छोड़कर सड़कों पर निकल पड़े। निराश्रित, जरूरतमंदो के पास पहुंचे और उन्हें कंबल वितरित किए, ताकि उनकी ठंड से बचने में मदद हो सके। उन्होंने निघासन और सिंगाही में स्थापित रेन बसेरों में व्यवस्थाओं की पड़ताल की, वहीं अलाव के प्वॉइंट्स भी चेक किए।



**लखीमपुर:** कड़ाके की ठंड से जूझ रहे गरीब और बेसहारा लोगों की मदद के लिए लखीमपुर सदर के एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह ने देर रात अपने दल के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर जरूरतमंद लोगों की खोज की और उन्हें कंबल वितरित किए। एसडीएम ने जल रहे अलाव का निरीक्षण किया और ठंड से राहत देने की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ठंड के इस दौर में प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है कि कोई भी बेसहारा व्यक्ति ठंड के कारण परेशान न हो।

**मोहम्मदी:** भीषण ठंड में तहसील प्रशासन गरीबों को ठंड से राहत देने की कवायद में जुट गया है। एसडीएम अवनीश कुमार ने देर रात निकल कर गरीबों में कंबल बांटे और नगर पालिका परिषद मोहम्मदी द्वारा संचालित रैन बसेरों में व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

**पलिया:** एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने पलिया नगर पालिका क्षेत्र में रैन बसेरे का निरीक्षण किया, साथ ही गरीब निराश्रित लोगों में कंबल वितरित किये। रैन बसेरे में रुकने वालों से उन्हें मिल रही सुविधाओं के बार में भी जानकारी दी। एसडीएम ने गरीब निराश्रित लोगों में गर्म कंबलों को वितरण किया। साथ सडक़ किनारे सो रहे निराश्रित लोगों को रैन बसेरे में पहुंचवाया। उन्होंने बताया कि रात्रि में तहसील क्षेत्र में नगर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे है। इसके अलावा धौरहरा में एसडीएम राजेश कुमार, मितौली में एसडीएम विनीत उपाध्याय ने भ्रमणशील रहकर अपने तहसील क्षेत्र में गरीब एवं जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया।

## बरेली में होगा टीम का ट्रायल

**आज राजेंद्र गिरी स्मारक स्टेडियम में जमा होंगे दस्तावेज**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** छोटी काशी गोला स्पोर्ट्स सेपक टकरा एसोसिएशन की टीम का चयन ट्रायल बरेली में होगा। संगठन के जॉइंट सेक्रेटरी पूर्व आइटीबीपी तानसिंह ने बताया कि जिला खीरी के खेल में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी रिंकू ठाकुर, कोषाध्यक्ष सानू सिंह राजपूत, रेफरी अरविंद कुमार से संपर्क करेंगे। खीरी जिले के सभी खिलाड़ी 3 जनवरी को शाम 4 बजे राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में अपना आधार कार्ड और निवास प्रमाण पत्र लेकर आएं। उत्तर प्रदेश सरकार का खेल, खेल के प्रति योगदान सराहनीय है। खेल के प्रचार प्रसार श्री रामकृष्ण पीजी कॉलेज, आंध्र प्रदेश में आयोजित की जाएगी। 27वें जूनियर नेशनल 28वीं जूनियर सेपक टाकरा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप ओपन चयन ट्रायल 29 जनवरी से 02 फ़रवरी तक आयोजित होने वाली बालक और बालिका चैम्पियनशिप नंदयाल आंध्रप्रदेश में होगी। 28वीं जूनियर सेपक टाकरा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिये ओपन चयन ट्रायल 05 जनवरी को साई सेंटर, बरेली कैंट, सदर बाजार, बरेली। रिपोर्टिंग टाइम सुबह 9 बजे से रहेगा। प्रवेश शुल्क 250 रुपये रखा गया है। पात्रता (जूनियर) 1जनवरी को या उसके बाद जन्म के खिलाड़ी और सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों ओपन चयन ट्रायल में हिस्सा लेंगे। बीए शर्मा (साई कोच) के पास रिपोर्ट करना होगा और सत्यापन के लिये अपना मूल आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज़ फोटो, हाईस्कूल अंकतालिका एव जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

## खबरें एक नजर में


### एक बीघा सरसों की फसल काटने पर पुलिस को दी तहरीर

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के गांव खडसरा में 31 दिसंबर 2024 की रात लगभग 9:00 बजे दबंगों ने दबंगई से एक बीघा सरसों की फसल काट डाली पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। ऋषि पाल पुत्र रूपन ने बताया कि विपक्षी मूलचंद पुत्र जीवन अमरपाल पुत्र रूपन निवासी खडसरा ने 31 दिसंबर 2024 की रात लगभग 9:00 बजे उसके खेत में खड़ी सरसों की फसल को काट डाला जब इसकी शिकायत उसने की तो वह लोग उसे गाली गलौज करते हुए धमकाते हैं। पीड़ित ऋषिपाल ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

### श्री गुरु गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव 6 से, समापन 8 को

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** श्री गुरुगोविन्द सिंह का प्रकाश उत्सव 6 से 8 जनवरी तक मनाया जाएगा। जिसमें 6 जनवरी को सुबह 9 बजे से श्रीअखंड पाठ, 7 जनवरी सुबह 10 बजे से शाम तक, 8 जनवरी श्री अखंड पाठ का समापन किया जाएगा। साथ ही प्रातः 9 से ढाई बजे तक, इसके बाद लंगर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी गुरूद्वारा श्री गुरुसिंह सभा के पदाधिकारियों ने दी।

### मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के विशेषज्ञ डॉक्टर मिलेंगे रायबरेली में




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के द्वारा आयोजित की गई प्रेस वार्ता जिसमें मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के डॉक्टर सुनील कुमार वर्मा डायरेक्टर, जी आई सर्जन, सर्जरी ऑकोलॉजी, बैरिएट्रिक एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग जो अपनी सेवाएं जनपद रायबरेली में भी प्रदान कर रहे हैं। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ, अपने विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को सेवाएं प्रदान कर रहा है व आम जनों को इन रोगों से कैसे बचा जा सकता है इसके लिए भी कैंप आदि के माध्यम से प्रेरित कर रहा है। इस अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर प्रभात मिश्रा ने बताया कि मेदांता हॉस्पिटल की ओर से रायबरेली के निर्मल हॉस्पिटल में डॉक्टर संदीप कुमार वर्मा की ओपीडी माह के प्रथम व तृतीय बृहस्पतिवार को आयोजित की जा रही है इस प्रेस वार्ता का उद्देश्य आम जनों तक यह जानकारी पहुंचाना की लखनऊ ना जाकर आप इन बीमारियों के बारे में अपने शहर में ही मेडिकल क्षेत्र के विशेषज्ञों से परामर्श सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं एवं कैसे आप अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं।

### नव वर्ष के मौके पर पेट्रोल पंप संचालक ने बांटें कंबल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** विकास क्षेत्र के बछरावां महाराजगंज मार्ग पर रामपुर सरैया गांव के पास संचालित भारत पेट्रोलियम के केपी फिलिंग स्टेशन पर नव वर्ष के उपलक्ष्य में लगभग 500 कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर पेट्रोल पंप के संचालक द्वारा क्षेत्रवासियों, वृद्ध जनों, पुरुष व महिलाओं के साथ ट्रक बस सहित अन्य यात्री और मालवाहक वाहनों के चालकों और परिचालकों को कंबल दिए गए। कंबल पाने के बाद लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली। इस मौके पर पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर शिवम त्रिवेदी, मैनेजर रंजीत यादव, नवनीत, दिनेश यादव, सूरज, राजेश सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## स्वामी विवेकानंद में मूर्ति का अनावरण 12 को

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** स्वामी विवेकानंद की 162जयंती पर स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान स्कूल में 12जनवरी को दोपहर बाद 2बजे युग पुरुष स्वामी विवेकानंद और विद्यालय के संस्थापक शिवकुमार राबडा, राजकुमारी राबडा की मूर्ति का अनावरण, सम्मान समारोह और विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिबाला राबडा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय भाषा संस्थान सूरत के डॉ. गंगाप्रसाद शर्मा गुणशेखर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें स्वर्गीय शिवकुमार राबडा और राजकुमारी राबडा की स्मृति में लखनऊ के प्रसिद्ध कहानीकार महेन्द्र भीष्म को विवेक भारती, शाहजहांपुर की बाल साहित्यकार सृष्टि पाण्डे को सम्मानित किया जाएगा।

# बच्चों ने की लखनऊ आंचलिक विज्ञान केंद्र की एक्सपोजर विजिट

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड रमियाबेहड़ में चयनित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दुलही के बच्चे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड धर्मेश यादव के मार्गदर्शन में आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ में एक्सपोजर विजिट कराया गया। कक्षा 6 से 8 तक के उन बच्चों को जिन्होंने विद्यालय स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, ऐसे जिन्हें प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश सहित सहायक अध्यापकों के साथ बस द्वारा लखनऊ ले जाया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों को ड्रेस सहित स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई गई। बताया गया जिससे कि आगामी दिनों में




आयोजित होने वाले निबंध प्रतियोगिता में अच्छी जानकारी के साथ अपना निबंध लिख सके। सभी बच्चों को लंच डिनर हुआ जेब खर्च के लिए भी धनराशि उपलब्ध कराई गई। बच्चों में गजब का उत्साह था। सभी बहुत रोमांचित थे। बस में बच्चे पाठ्यक्रम के गीत गुनगुनाते और नाचते, गाते, हुए सामान्य ज्ञान, हिंदी तथा अंताक्षरी प्रतियोगिताएं करते लखनऊ पहुंचे। शैक्षणिक गतिविधियों से बच्चों में वैज्ञानिक सोच का तो विकास होता ही है साथ ही साथ उनमें नैतिकता, सामाजिकता, अनुशासन और जिम्मेदारी का भी आसानी से बोध हो जाता है। बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# प्रेमिका के न आने पर झोंका फायर

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

वाराणसी में बुधवार को न्यू ईयर पार्टी में सहेली के साथ जाने से आक्रोशित प्रेमी ने छात्रा के गेस्ट हाउस जाकर हंगामा काटा। उसे फोन करके कमरे पर आने की जिद की, लेकिन छात्रा ने इनकार कर दिया। सहेली के साथ होने की बात कहकर उसने फोन रिसीव करना बंद कर दिया। इससे नाराज युवक ने गेस्ट हाउस के बाहर देर रात हंगामा किया। बाद में दहशत फैलाने के लिए गेस्ट हाउस की ओर फायरिंग कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वारदात के दौरान उसका दोस्त भी साथ था। पेइंग गेस्ट हाउस संचालक ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी।



**गेस्ट-हाउस की दीवार में धंसी गोली**

सूचना पाकर डीसीपी काशी गौरव बंसवाल, एडीसीपी नीतू कादयान, एसीपी धनन्जय मिश्रा समेत पुलिस बल सुंदरपुर कालोनी में पहुंचा। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। देवरिया जिले के एक कस्बा निवासी युवती बीएचयू में डिग्री कोर्स की छात्रा है, पिछले डेढ़ साल से बनारस में रह रही है। पहले वह बीएचयू गेट के पास रहती थी। 3 महीने पहले ही वह पेइंग गेस्ट में शिफ्ट हो गई। देवरिया के उसी कस्बे के युवक रोशन सिंह से उसका कई वर्षों से परिचय है। दोनों में प्रेम-संबंध है। बुधवार को नए साल पर युवती एक सहेली के साथ चली गई, जब रोशन ने फोन किया तो उसने सहेली के कमरे पर होने की बात कही। इसके बाद युवक गेस्ट हाउस पहुंच गया, जहां छात्रा रहती है। यहां बाहर खड़े होकर छात्रा को फोन किया, उसे साथ आने को बोला। मगर छात्रा ने इनकार कर दिया। रोशन सिंह उसे लगातार फोन किए जा रहा था, इस पर छात्रा ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया। फोन न उठने पर आरोपी भड़क गया। वह गेस्ट हाउस के बाहर चिल्लाने लगा। इसी बीच उसका एक साथी और वहां आ गया। वहीं अन्य दोस्त कुछ दूरी पर उसका इंतजार कर रहे थे। गेस्ट हाउस संचालक ने बाहर चिल्लाने और खड़े होने से मना किया तो आरोपी आक्रोशित हो गया, उसने तमंचा निकाल लिया और लहराने लगा। इसके बाद गेस्ट हाउस पर सीधा फायर झोंक दिया। गोली फाइबर बोर्ड पर लगते हुए दीवार में जा धंसी। फायरिंग के बाद आसपास के लोग बाहर निकल आए। युवक ने दहशत फैलाते हुए बार-बार छात्रा का नाम लिया और फिर मौके से चला गया। गेस्ट हाउस संचालक ने डायल 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी, इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने जाकर जांच पड़ताल की।

## हरिश्चन्द्र डिग्री कॉलेज में छात्रों का प्रदर्शन

**वाराणसी।** हरिश्चन्द्र पीजी कॉलेज के मेन गेट पर गुरुवार को छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने इस दौरान प्रवेश प्रक्रिया में ओबीसी एडमिशन में की गई धांधली को लेकर आवाज उठाई। छात्रों का आरोप है कि प्राचार्य ने परीक्षा समिति से मिलीभगत कर ओबीसी वर्ग की सीटों पर जनरल का एडमिशन ले लिया है। एडमिशन में ओबीसी के कोटे में जनरल का हुआ एडमिशन एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के छात्र शिवम पटेल ने कहा- हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में इस वर्ष को नवप्रवेश लिया गया है। उसमें भारी अनियमितता और धांधली की गई है। शिवम ने आरोप लगाया कि प्राचार्य और परीक्षा समिति के लोगों की मिलीभगत से ओबीसी की रिक्त सीटें जनरल कैटेगरी से भरी जा रही थी। इसकी मुझे जानकारी हुई तो मैने आपत्ति दर्ज कराई। छात्र नेता शुभम पटेल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विवि से सम्बद्ध श्री हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी में आरक्षण के अनुरूप समस्त आरक्षित वर्ग के छात्र छात्राओं को 11 जून 2010 के महामहिम राज्यपाल सचिवालय, उप्र के पत्रांक संख्या ई-4681/जीएस एवं 15 जुलाई 2010 को उच्च जारी शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के पत्रांक सं. 1483/सत्तर-2-2010-3(58)/79 के अन्तर्गत कुलपति समस्त राज्य विवि तथा प्राचार्य/प्राचार्या समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त, स्ववित्तपोषित संस्थाओं में प्रथम वर्ष प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी वर्ग के छात्र/छात्राओं को आरक्षण दिये जाने की नियमावली हेतु निर्देशित किया गया है।

# सांझा उत्सव से महिलाओं के हुनर को मिलेगी व्यापक पहचान : डिप्टी सीएम

**▸ हस्तशिल्प उत्पाद खरीदकर विकसित भारत की परिकल्पना करें साकार : डिप्टी सीएम**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

पीएम नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति के उन्नयन हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में दीन दयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों का गठन कर महिलाओं की आर्थिक समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। आज सांझा उत्सव के माध्यम से महिलाओं को एक ऐसा मंच मिला है, जहां पर उनके हुनर को व्यापक स्तर पर पहचान व सम्मान मिलेगा। उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सांझा उत्सव 2025 के उद्घाटन के दौरान कहीं।

अपने संबोधन में श्री पाठक ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को एक प्लेटफार्म प्रदान किया गया है। मेले का आयोजन बहुत व्यवस्थित ढंग से हुआ है। इसमें पीएम स्वनिधि के स्ट्रीट वेंडर्स के भी स्टॉल लगाए गए हैं। डिप्टी सीएम ने लखनऊ के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि मेले में आकर ज्यादा से ज्यादा हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी कर विकसित भारत की परिकल्पा को साकार करने में सहयोग करें।

आपको बता दें कि गुरुवार को लक्ष्मण मेला मैदान में पांच दिवसीय सांझा उत्सव मेला का उद्घाटन डिप्टी सीएम ने फीता काटकर किया। मेला 2 जनवरी से प्रारंभ होकर 6 जनवरी तक चलेगा। उद्घाटन कार्यक्रम में सहायक निदेशक सूडा मोनिका वर्मा, परियोजना अधिकारी डूडा लखनऊ, मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ, सूडा व डूडा लखनऊ के अधिकारी व कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आए स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

लक्ष्मण मेला मैदान में पांच दिवसीय सांझा उत्सव मेला का उद्घाटन करने पहुंचे श्री पाठक ने मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए विभिन्न स्टाल पर जाकर महिलाओं से संवाद किया तथा उनके द्वारा तैयार किए उत्पादों के विषय जानकारी हासिल की।

इसी क्रम में मेले में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों द्वारा विभिन्न फूड स्टालस लगाए गए हैं। उप मुख्यमंत्री द्वारा इन स्टाल पर जाकर वेंडर्स से वार्ता भी की गई। डूडा लखनऊ द्वारा आयोजित सांझा उत्सव मेला में प्रदेश के समस्त जनपदों से आए स्वयं सहायता समूहों के सौ से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। जिनमें एसएचजी द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद यथा चिकनकारी के उत्पाद, सौन्दर्य प्रसाधन की सामग्री, वेस्ट मैटीरियल से तैयार की गई सजावटी सामग्री, आर्टीफिशयल ज्वैलरी, जरदोजी हैंडलूम, बच्चों के लिए खिलौने, पापड़, अचार आदि प्रदर्शन व बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस मेले में मिलने वाले सारे प्रोडेक्ट स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित किए गए हैं। यह इस मेले की विशेषता है।

# स्वच्छता हमारे जीवन की कार्य संस्कृति बन चुकी है : ए.के. शर्मा



**▸ पांच हजार महिला एवं पुरूषों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन को मजबूती प्रदान करने के लिए 150 इलेक्ट्रिक कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यावरण के अनुकूल व प्रदूषण रहित ये कूड़ा कलेक्शन गाड़ियां प्रतिदिन जोन-02, 05 व 08 के क्षेत्रीय निवासियों के दरवाजे पहुंचकर सेग्रीगेटेड कूड़ा उठाने का कार्य करेगी। इस कार्य में इन गाड़ियों को चलाने एवं कूड़ा उठाने तक में लगभग पांच हजार महिला एवं पुरूषों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने गुरूवार को लखनऊ नगर निगम जोन-08 के हिन्दनगर वार्ड, अवध चौराहा के पास सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत से ही स्वच्छता की लहर देश में चल पड़ी है। अब सभी सफाई स्वच्छता के प्रति सचेत और जागरूक हैं। स्वच्छता अब हमारे जीवन की कार्य संस्कृति बन गयी है। सभी निकायों में भी सफाई स्वच्छता को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा हो रही है। एक दूसरे से अपने नगर को ज्यादा स्वच्छ दिखाने का प्रयास हो रहा है। लखनऊ शहर सभी निकायों के लिए आदर्श बन गया है, क्योंकि यहां के लिए मुस्कुराइये कि आप लखनऊ में है, कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश के नगर अब देश की स्वच्छता रैंकिंग में पहले दूसरे पायदान पर आने लगे हैं, इसके लिए सभी नगरवासी, निकाय कार्मिक और सफाई मित्र बधाई व सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि सफाई निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। इसको बनाये रखने के लिए मैन और मशीन का बेहतर प्रयोग किया जाए।

**हम सभी प्रयास से हमारा शहर साफ सुथरा व प्रदूषण मुक्त रहेगा**

ए0के0 शर्मा ने लखनऊवासियों से अनुरोध किया है कि वे अपने घरों, दुकानों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों से समय से सूखा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग कर निकालकर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों को दे। जिससे इस कूड़े को कूड़ा कलेक्शन सेंटर, ट्रांसफर स्टेशन एवं एमआरएफ स्टेशन से लेकर शिवरी प्लान्ट तक शोधन के लिए पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इधर उधर कूड़ा फेकने से चारो ओर गंदगी फैलती है, जिससे बीमारियां पनपती हैं। हम सभी प्रयास करेंगे तो हमारा शहर साफ सुथरा व प्रदूषण मुक्त रहेगा और हम भी स्वस्थ रहेगे। इसके लिए सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करे और कूड़े को डस्टबिन में ही डालें।

## खबरें एक नजर में

### प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता दस जनवरी से

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता की शुरुआत 10 जनवरी से महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में होने जा रहा है। 15 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के लिए जिला व मंडल स्तर पर टीमों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लखनऊ में जिला स्तरीय टीम का चयन छह जनवरी को अपराह्न तीन बजे से होगी। इस संबंध में प्रभारी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि सब जूनियर बालिका वर्ग के लिए एक जनवरी 2008 या उसके पश्चात की जन्मतिथि होनी चाहिए। सभी प्रतिभागियों को पात्रता प्रमाण पत्र एवं जन्मतिथि प्रमाण पत्र साथ लेकर आना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिना आयु प्रमाण पत्र के किसी भी खिलाड़ी को चयन में सम्मिलित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस चयन प्रक्रिया के बाद मंडल स्तरीय चयन प्रक्रिया सात जनवरी को अपराह्न तीन बजे के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में ही आयोजित होगी। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

### लखनऊ में लेखपालों का हंगामा, सरोजनी नगर तहसील ऑफिस में धरने पर बैठे

**लखनऊ।** रिश्वत लेते पकड़े गए लेखपाल के समर्थन में सरोजनी नगर तहसील के सभी लेखपाल लामबंद हो गए। गुरुवार को तहसील परिसर में अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा-लेखपाल बिन्देश कुमार रावत को सतर्कता अधिष्ठान कर्मचारियों ने फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी थी। इसके बाद 31 दिसंबर को ट्रैप की कार्रवाई की गई। लेखपाल संगठन अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा ने मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा जांच के बाद दोषी पाए जाने पर फर्जी केस में फंसाने वाली ट्रैप टीम के खिलाफविधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे की वीडियो फुटेज सुरक्षित कराई जाए। लेखपाल संगठन अध्यक्ष ने बताया कि सतर्कता विभाग के कर्मचारी गहरू क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कर रहा है। सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है। लेखपाल बिन्देश ने 21 दिसंबर को मामले में जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दी थी। लेखपालों का कहना है कि लेखपाल बिन्देश ने सतर्कता अधिष्ठान के कर्मचारी को सरकारी भूमि पर प्लाटिंग करने से रोका। सूचना सरोजनी नगर एसडीम को दी थी। लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं की गई। मौका पाकर अवैध प्लाटिंग करने वाले कर्मचारी ने 31 दिसंबर को साजिश कर लेखपाल को ट्रैप करा दिया। लेखपाल संगठन अध्यक्ष ने कहा- जब तक मांगों को नहीं माना जाएगा, तब तक सभी लेखपाल तहसील परिसर में धरना देंगे।

### एक शाम हनुमान जी के नाम का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** नववर्ष के अवसर पर श्री बालाजी हनुमान चम्पू जी महाराज मंदिर चौक लखनऊ में एक शाम हनुमान जी के नाम कार्यक्रम का आयोजन श्री बालाजी हनुमान चम्पू जी सेवा समिति के द्वारा किया गया। जिसमें बाबा बजरंगबली का सुन्दर श्रृंगार के साथ अनमोल अटल जागरण पार्टी के नादान शर्मा, कुक्कू मौर्य, राजेश कश्यप राजू एवं वरिष्ठ कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ एवं महाआरती, झांकी तथा प्रसाद वितरण किया गया। श्री बालाजी हनुमान चम्पू जी सेवा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले काफी वर्षों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को करने का उद्देश्य सिर्फये है कि साल के पहले दिन अगर प्रभु का नाम लिया जाए तो पूरे साल ही भक्त भक्ति भाव से जुड़े रहते हैं और लगातार प्रभु का आशीर्वाद उनको प्राप्त होता रहता है। समिति की महिला प्रभारी दीपाली बाजपेई ने बताया कि आजकल लोग नववर्ष की संध्या पर किटी पार्टी जैसी पार्टियों का आयोजन करते है और सम्मिलित होते हैं वही हम लोगों ने पिछले कई सालो से साल के पहले दिन इस भक्ति भाव का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित होते और साल के पहले दिन प्रभु श्री राम का नाम करते है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में आये भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ किया और महाआरती में हिस्सा लिया इस अवसर पर महिलाओं को साड़ी वितरण किया और समाज सेवियों को सम्मानित किया गया।

### उत्तर रेलवे के 54 कर्मचारी सेवानिवृत्त, बेहतर सेवा देने के लिए हुए सम्मानित



**लखनऊ।** अपनी रेल सेवा का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए 31 दिसंबर को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 54 रेल कर्मचारी अपनी रेल सेवा से निवृत्त हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 2 जनवरी 2025 को मंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह के अंतर्गत प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र प्रदान किया गया, जिसका भुगतान कर्मी के नामांकित बैंक खाते में सीधे आर.टी. जी.एस. के माध्यम से भेजा जायेगा जो कर्मचारी के खाते में स्वतः क्रेडिट हो जायेगा। इन सभी कर्मचारियों को कुल रु. 20,23,59,579/- का भुगतान भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मण्डल कार्मिक अधिकारी आर.सी. बैरवा ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का स्वागत किया एवं उनकी रेल सेवाओं हेतु आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत अपर मण्डल रेल प्रबंधक, नीलिमा सिंह ने प्रत्येक सेवानिवृत कर्मचारी को समापक भुगतान प्रपत्र एवं गोल्ड कोटेड चांदी का पदक प्रदान कर सम्मानित किया एवं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना की।

# षड़यंत्रों का जवाब संगठन को मजबूत कर देगा अपना दल : अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



अपना दल (सोनेलाल) की अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को और भी मजबूती से अपना दल लड़ेगा। अपना दल अपने खिलाफ हो रहे षड़यंत्रों का जवाब संगठन को मजबूत कर देगा। अपना दल नये वर्ष में संगठन को मजबूत करेगा और कार्यकर्ताओं के बल पर बड़े मुकाम हासिल करेगा।

केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने लखनऊ में आयोजित अपना दल कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि अपना दल के किसी नेता कार्यकर्ता के प्रतिष्ठा पर आंच आयेगी तो हम समझौता नहीं करेगें। अपना दल के विरूद्ध षड़यंत्र कहां से चल रहे हैं, एक एक कार्यकर्ता अच्छे से जानते है। षड़यंत्र करने वाली ताकतें कान खोलकर सुन लें, षड़यंत्रों में पड़ कर अपना दल सामाजिक न्याय का विषय उठाना छोड़ देगा। यह होने वाला नहीं है। इस अवसर पर अपना दल (सोनेलाल) के प्रदेश अध्यक्ष ने अपना दल कमेरादल छोड़कर आये लाल जी पटेल, फूलचंद्र सरोज सहित तमाम नेताओं को अपना दल सोनेलाल की सदस्यता दिलायी। अपना दल (सोनेलाल) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने नये सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि आपका अपने पुरानी जगह और सोनेलाल की पार्टी में स्वागत है। आप का समय अनमोल है, श्रम महत्वपूर्ण हैं।

### भाजपा और सपा के बीच फिर छिड़ा पोस्टर वॉर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नए साल पर एक बार फिर बीजेपी और समाजवादी पार्टी के बीच पोस्टर की जंग शुरू हो गई है।नए साल के मौके पर बीजेपी दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर के जवाब में समाजवादी पार्टी की तरफसे एक पोस्टर जारी किया गया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निवास के सामने एक पोस्टर लगा है जिसमें, बुलडोजर पर निशाना साधा गया है।समाजवादी पार्टी के लखनऊ पश्चिम विधानसभा के सचिव रंजीत सिंह द्वारा लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया है, सपा के राज में बुलडोजर जाएगा गैराज में। बुलडोजर में नहीं रह गया कोई दम, साइकिल दिखाएगी 27 में दम। सपा के इस पोस्टर को बीजेपी के उस पोस्टर का जवाब मना जा रहा है, जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चे के सदस्य शम्सी आजाद ने लिखा था, चरखे से क्रांति आई, बुलडोजर से शांति आई। अब दोनों ही पोस्टर को लेकर चर्चा शुरू है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि को हराकर राजभवन ने जीता खिताब

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




राजभवन में इंटर-टेक्निकल विश्वविद्यालय स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट 'चांसलर्स कप' का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर और मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में डॉ. ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में राजभवन की टीम ने डॉ. ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय को 73 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। डॉ. ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ और राजभवन की टीम के बीच एक दिवसीय मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ।

इस मैच में राजभवन की टीम के कप्तान अशोक देसाई थे, जबकि ए0के0टी0यू0 की टीम का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति जयप्रकाश पांडे ने किया। मैच में ए0के0टी0यू0 लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। 12 ओवर के इस मुकाबले में राजभवन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाए। राजभवन की तरफ से अशोक देसाई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 रन (चार छक्कों के साथ) बनाए और तीन विकेट भी लिए। इसके अलावा, विनोद कुमार यादव ने 29 रन, श्री धर्मेंद्र सिंह ने 15 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में राजभवन की ओर से अरविंद यादव, विनोद कुमार यादव, रितेश चौहान प्रत्येक ने 2-2 विकेट और पुनीत द्विवेदी ने 1 विकेट लिया। जवाब में, ए0के0टी0यू0 लखनऊ की टीम 10 ओवर में मात्र 31 रन ही बना सकी, और राजभवन की टीम ने यह मैच 73 रनों से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच का खिताब अशोक देसाई को दिया गया, जिन्होंने अपने प्रदर्शन के जरिए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण रहा, बल्कि राजभवन और विश्वविद्यालयों के बीच आपसी सहयोग और सौहार्द का प्रतीक भी बना। राज्यपाल ने सभी खिलाड़ियों को उनके उत्साह और खेल प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों को और भी प्रोत्साहित करने का संकल्प व्यक्त किया।

**बिजली निजीकरण का विरोध**

# पांच जनवरी को प्रयागराज में कर्मचारी करेंगे बिजली पंचायत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



बिजली के निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश का जन जागरण अभियान गुरुवार को फतेहपुर और कौशांबी में हुआ । पांच जनवरी को प्रयागराज में बिजली पंचायत आयोजित होगी। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि निजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु पावर कार्पोरेशन प्रबंधन कंसल्टेंट की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ न करें। अन्यथा अनावश्यक तौर पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण बनेगा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय ने कहा कि यह पता चला है कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु कंसल्टेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि जहां एक ओर निजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होने से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। वहीं दूसरी ओर ऊर्जा निगमों में इससे अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण उत्पन्न होगा। संघर्ष समिति ने कहा कि कंसल्टेंट की नियुक्ति में भी भारी धनराशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि कंसलटेंट कॉर्पोरेट घरानों से ही होते हैं और कंसलटेंट ऐसा आरएफपी डॉक्यूमेंट तैयार करते हैं जो संबंधित कॉरपोरेट घराने को सूट करता है। यह एक प्रकार से मिली भगत का खेल है जिसे रोका जाना चाहिए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज जन जागरण अभियान के तहत फतेहपुर और कौशांबी में सभाएं कर बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को बिजली के निजीकरण के विरोध में जागरूक किया। 03 जनवरी को प्रतापगढ़ और प्रयागराज में तथा 04 जनवरी को भदोही और मिर्जापुर में जन जागरण अभियान के तहत सभाएं की जाएंगी।

# प्रमोशन घोटाले में आरोपों से मंत्री आशीष पटेल नाराज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उप्र प्राविधिक शिक्षा विभाग के प्रमोशन घोटाला में आरोपों से घिरे हुए मंत्री आशीष पटेल नाराज हो गये। मंत्री आशीष पटेल ने गुरूवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान धरना मास्टर पल्लवी पटेल धरने पर बैठी थी। वहां यूपी एसटीएफ के दो आदमी धरने के दौरान मौजूद थे, जब वहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। यूपी एसटीएफ पैर पर गोली मारा करती है, उनसे कहना चाहता हूं कि दम है तो आशीष पटेल के सीने में गोली मारकर दिखाये। मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष एवं विधायक पल्लवी पटेल के धरने के पीछे साजिश षड़यंत्र हुआ है। षड़यंत्र से इन्कार




नहीं किया जा सकता है। जब इस तरह के षड़यंत्र हो रहे हैं तो उनकी जान को खतरा है यह कहना गलत नहीं है। उन्हें वाई या जेड सुरक्षा नहीं चाहिए, उनके कार्यकर्ता ही उनकी सुरक्षा कर लेगें। लेकिन षड़यंत्र स्वरूप उनको मारने की भी साजिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री आशीष ने षड़यंत्र की बात पर आगे कहा कि कुछ समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलों पर उनके विरूद्ध घोटाले का आरोप लगाने के समाचार को प्राथमिकता के साथ दिखाया गया है। इसमें संबंधित विभाग की ओर से कोई टिप्पणी भी नहीं की जा रही है। सत्तरह सौ करोड़ रूपये खर्च कर के न्यूज चलवायी जा रही है तो उनके मान मर्दन का जवाब ईंट के मुकाबले पत्थर से दिया जायेगा।

### जैन कॉम्प्लेक्स में लगी आग, चार फायर टेंडर ने एक घंटे में आग पर काबू पाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के लाल हॉस्पिटल के पास स्थित जैन कॉम्प्लेक्स में देर रात आग लग गई। आलमबाग फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए सरोजिनी नगर और चौक से अतिरिक्त दमकल गाड़ियां मंगवाई। फायर कर्मियों ने बताया कि जैन कॉम्प्लेक्स शॉर्ट सर्किट से आग लगी। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

**बचाव** | **ठंड का बढ़ा प्रकोप, कृषि वैज्ञानिकों की किसानों को जारी की सलाह**

# फसलों को ठंड से बचाने के लिए खेत की बनाये रखें नमी

**▸ खेत में नमी बनाये रखते हुए यूरिया के साथ सल्फर मिलाकर करें छिड़काव**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। इसका असर सब्जी और रबी की फसलों पर पड़ सकता है। इससे बचाव के लिए खेतों की नमी बनाये रखना जरूरी है। यदि ज्यादा ठंड पड़े तो सल्फर का छिड़काव फायदेमंद होता है। इससे जमीन में गर्मी पैदा होती है। किसानों को चाहिए कि खेत में नमी बनाये रखते हुए उसमें यूरिया के साथ सल्फर मिलाकर छिड़काव करें, जिससे खेत की गर्मी बनी रहे।

इस संबंध में कृषि वैज्ञानिक डा. मुनीष का कहना है कि गेहूं, सरसों, मसूर, चना आदि पर ठंड का असर पड़ता है। इससे बचाव के लिए प्रथम प्राथमिकता खेत की नमी को बनाये रखना है। यदि नमी बनी रहेगी तो ठंड का असर कम होता है। आलू में तो नमी का बने रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि यदि एक बार पाला का असर हो गया तो आलू की पैदावार चौपट हो जाती है। यदि ठंड का असर ज्यादा हो तो उसमें सल्फर का छिड़काव करना चाहिए। सब्जी अनुसंधान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डा. ए.बी. सिंह ने कहा कि टमाटर, बैगन, मिर्च आदि पर ठंड का असर ज्यादा रहता है। टमाटर के खेत में नमी बनाये रखने के साथ ही उसके फल को मिट्टी से ऊपर रखने की कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि मिट्टी में सटकर उसमें सड़न पैदा हो जाती है। वहीं सल्फर के साथ ही नीम के अर्क का छिड़काव भी सब्जियों के लिए फायदेमंद होता है। बैगन में कीड़ों से बचाव के लिए नीम अर्क जरूरी है। वहीं कृषि अधिकारी डा. शैलेंद्र दुबे ने बताया कि 40 किलो यूरिया के साथ 2 किलो सल्फर का फसल में बुरकाव करें। सल्फर फसल के पोषक तत्वों के लिए महत्वपूर्ण होता है। यह सल्फर दानेदार होता है जो मिट्टी में आसानी के साथ जल्दी ही मिल जाता है और उसका असर भी किसान भाइयों को जल्दी देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि यदि सल्फर का बुरकाव करने में परेशानी है तो किसान भाई छिड़काव के जरिये भी फसल में सल्फर का प्रयोग कर सकते हैं। इसके लिए प्रति लीटर 2 ग्राम सल्फर पानी मे मिलाकर फसल में छिड़काव किया जा सकता है। इससे फसल के पौधे में गर्मी पैदा होगी और जमीन भी थोड़ी गर्म रहेगी। जिससे फसल में फुटाव व वृद्धि तेजी से होना शुरू हो जाएगी।







# रोडवेज बस को दूसरे बस ने मारी टक्कर, छह घायल

- लखनऊ से आते समय हाइवे पर हुआ हादसा
- बहराइच रोडवेज बस अड्डे से बस गुरुवार को लखनऊ के लिए हुई रवाना

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



लखनऊ-बहराइच मार्ग पर जरवल रोड क्षेत्र में यात्रियों को लखनऊ ले जा रही रोडवेज बस और लखनऊ से रही आलमबाग डिपो की बस में साइड लेने के चक्कर में टक्कर मार दी। जिससे बस में सवार आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बहराइच रोडवेज बस अड्डे से बस गुरुवार को लखनऊ के लिए रवाना हुई। बस जरवल रोड थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच मार्ग पर बरवलिया गांव के पास पहुंची। दोपहर डेढ़ बजे के आसपास साइड लेने के चक्कर में लखनऊ से आ रही आलमबाग डिपो की बस में जोरदार टक्कर मार दी। आलमबाग डिपो की बस यात्रियों को लेकर बहराइच आ रही थी। हादसे में बस में सवार पयागपुर थाना क्षेत्र के बेलवा पदुम गांव निवासी गीता पत्नी विनोद कुमार, प्रियांशु पुत्र विनोद कुमार, सुल्तानपुर जिले के बंधुवा कला हसनपुर गांव निवासी मोहम्मद शोएब पुत्र सलीम खान समेत आधा दर्जन यात्री घायल हो गए।

चौकी इंचार्ज राणा राज सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## निर्माण खंड दो से सेवानिवृत हुए लोगों की हुई विदाई



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़। गुरुवार को निर्माण खंड द्वितीय मैं शिवाजी यादव सहायक अभियंता की अध्यक्षता में शिवकांत दुबे अमीन ,बजरंग सिंह कार्य एजेंट ,रामाशीष बेलदार, पारस यादव बेलदार, रामप्रकाश बेलदार ,राजकुमार बेलदार ,राजेंद्र सिंह मेट ,हनुमंत लाल बेलदार ,की विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शिव नारायण सिंह ,राजेश वर्मा ,रामनिवास ,उपेंद्र सिंह, श्रवण ,मुकेश ,जयप्रकाश ,प्रदीप भारद्वाज इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# गरीबों की सेवा ही भगवान की है सच्ची सेवा

- बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घूम-घूम कर ठंड से कांप रहे जरूरतमंदों में राहगीरों को भी किया कंबल वितरण

मनकापुर गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।




गरीबों की सेवा भगवान की सच्ची सेवा है जो लोग गरीबों की मदद करते हैं उनको भगवान का आशीर्वाद मिलता है उक्त उद्गार बृहस्पतिवार को शास्त्री नगर मोहल्ले में मानस मंगल दल सेवा समिति के बैनर तले बाल सामाजिक कार्यकर्ता संघ मनकापुर की नशा मुक्ति अभियान नेत्री शिवा प्रियदर्शनी ने व्यक्त किया, उन्होंने कहा गरीबों की सेवा यज्ञ के समान है इस दौरान लमती, बल्लीपुर, देवरहना, हरसिंहवा, भरहू आदि गांव के बदायूं, राजकरन, जानकी, अनसुइया, सीता, राधा, उर्मिला, शांति, गीता आदि लोगों में कंबल वितरण किया गया। बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घूम-घूम कर ठंड से कांप रहे जरूरतमंदों में राहगीरों को भी कंबल वितरित किया। डॉ चरन सिंह, पूजा मनमोहिनी, दिव्या दिव्यदर्शनी, राकेश भरहू, अमित बैटरी, प्रभाशंकर मिश्रा, भीषम वर्मा, रामचंद्र जायसवाल, कामता मिश्रा, आर के नारद, आकाश, विकास आदि ने सहयोग किया।

# गुरुवार को खादी ग्राम उद्योग प्रदर्शनी में खूब हुई खरीदारी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज, टामसन मैदान में लगी खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमडी। भीड़ आने से दूर-दराज के जनपदों एवं राज्यों से आये उद्यमियों के चहरें पर खुशी देखी गयी। प्रदर्शनी में लगे स्टालों में क्षेत्रीय गांधी आश्रम गोण्डा, अवध ग्रामोद्योग संस्थान गोण्डा, तपसी आयुर्वेद चित्रकूट, सेवा निकेतन मानिकनगर, कुनाल खादी कानपुर, सपना ग्रामोद्योग, सूर्यकान्त त्रिवेदी सफीनगर उन्नाव के खादी उत्पाद एवं ग्रामोद्योगी उत्पाद, आंवला प्रोडक्ट, जड़ी-बूटी जैसे उत्पाद स्टालों पर अच्छी बिक्री के साथ ही जनपद के स्वयं सहायता समूहों के अरघा ब्राण्ड उत्पाद के इकाईयों के द्वारा भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री की जा रही है। प्रदर्शनी में भारत सरकार उप्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में वित्तपोषित खादी एवं ग्रामोद्योगी ओ.डी.ओ.पी. स्वयं सहायता समूह अन्य विभागों द्वारा वित्तपोषित सहायता प्राप्त प्रतिभागियों द्वारा अपने उत्पादों के साथ प्रतिभाग किया जाता है। प्रदर्शनी में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रतिदिन दी जायेगी, जिससे जनपद में शिक्षित एवं परम्परागत बेरोजगार महिला पुरूषों को अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने की प्रेरणा मिलेगी। जिला परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी देवीपाटन मण्डल, राकेश कुमार द्वारा अवगत कराया कि उक्त प्रदर्शनी में दूर प्रान्तों के उद्यमियों इकाईयों के द्वारा दिनांक 27.12.2024 तक रू0 90.12 लाख की बिक्री की गयी तथा यह प्रदर्शनी दिनांक 21.12.2024 से प्रारम्भ हो कर आगामी 04 जनवरी, 2025 तक चलेगी तथा सभी जनपद एवं मण्डल के आम जन से यह अनुरोध किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर प्रदर्शनी में पधारें तथा जनपद एवं बाहर से आये हुए उद्यमियों का मनोबल बढ़ायें।

# रंजिश में दो समुदाय में मारपीट, भाई-बहन समेत तीन घायल

- दो जिला अस्पताल रेफर, हिंसा प्रभावित क्षेत्र में रात को पुनः हुआ विवाद

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।





हरदी थाना क्षेत्र के हिंसा प्रभावित गांव महराजगंज से सटे सधुवापुर गांव में बुधवार रात को दो समुदाय में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के भाई, बहन समेत तीन लोग घायल हो गए। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।हरदी थाना क्षेत्र के सधुवापुर गांव निवासी इमरान अली पुत्र सिपाही को घर के सामने बहुसंख्यक समाज के लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। बचाने दौड़ी बहन साकरून (38) पत्नी राजू चांगिया गांव निवासी और भाभी नूरजहां जाकिर हुसैन की लोगों ने पिटाई कर दी। आसपास के लोगों के एकत्रित होने पर मारपीट शांत हुआ।सूचना मिलने पर हरदी थाने की पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इनमें इमरान और उसकी बहन साकरुन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव के लोग ईंट पत्थर चलने की बात भी बता रहे हैं। जिला अस्पताल में भर्ती इमरान ने बताया कि दरवाजा खोलते ही सभी ने पिटाई शुरू कर दी। वहीं थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि होटल पर चाय को लेकर विवाद हुआ है। उन्होंने बताया कि घायल के पिता सिपाही की तहरीर पर सर्वेश बाजपेई और गुलशन बाजपेई के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मालूम हो कि जिसे पीटा गया है। उसके मकान में महराजगंज हिंसा के दौरान आग भी लगा दी गई थी।

# दो बाइक व स्कूटी राख दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



शहर के मोहल्ला सखैय्यापुरा निवासी एक व्यक्ति के मकान के अगले हिस्से में खड़े वाहनों में आग लग गई। जिसमे तीन बाइक वाहन जल गए। आसपास के लोगों ने दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। कोतवाली नगर के मोहल्ला सखैय्यापुरा निवासी पीयूष जैन व्यवसाई हैं। उनके मकान परिसर में बुधवार रात को दो बाइक और स्कूटी बरामदे में खड़ी थी। लाइट न होने के चलते अंधेरा था। जबकि परिवार के लोग अंदर काम कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात कारणों से वाहनों में आग लग गई। आग लगने से सभी वाहन जलने लगे। आग की लपट देख परिवार के लोगों ने शोर मचाया। आसपास के लोग एकत्रित हुए। दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सभी वाहन जलकर राख हो गए। अग्निशमन अधिकारी विशाल रामानुज गौड़ ने बताया कि आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हुई है। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

# क्षेत्र में घूम रहा जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

- 19 नवंबर को गुंडा एक्ट के तहत हुई थी कार्रवाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




जिले में कानून का उल्लंघन करने वाले एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जो गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किए जाने के बावजूद सीमा क्षेत्र में घूम रहा था। यह कार्रवाई बहराइच के रिसिया थाना क्षेत्र में स्थित डिहवा गांव के रहने वाले राहत अली के खिलाफ की गई है। बताया गया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने 19 नवंबर को राहत अली के खिलाफ समाज में भय फैलाने के कारण गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की थी और उसे 6 महीने के लिए जिले की सीमा छोड़ने का आदेश दिया था। हालांकि राहत अली ने इस आदेश का उल्लंघन करते हुए जिले की सीमा में ही रहकर यह आदेश मानने से इनकार किया।

**आरोपियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

मुखबिर की सूचना पर रिसिया पुलिस ने राहत अली की तलाश शुरू की और गुरुवार को डिहवा पुलिया के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी ने बताया कि युवक के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति को कानून तोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री की छवि धूमिल करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

जनपद में चर्चाओ का बाजार गर्म है उसी के अनुसार केन्द्रीय विदेश राज्यमंत्री और गोन्डा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया के खिलाफ एक न्यूज पोर्टल पर फर्जी समाचार चलाकर उनकी छवि धूमिल करने एवं सम्मान को ठेस पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है जिसको लेकर सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह की तहरीर पर एक न्यूज पोर्टल संचालक सहित कुल तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो गई है।एसपी ने मीडिया को बताया कि सांसद प्रतिनिधि की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।गोन्डा सांसद के प्रतिनिधि राजेश सिंह ने थाना मनकापुर में दी तहरीर में कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह साफ-सुथरी छवि के राजनेता है। आरोप है कि उनके खिलाफ वन माफिया व हिस्ट्रीशीटर अजय कुमार सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह तथा उनकी पत्नी मनीषा सिंह ने न्यूज पोर्टल के सोशल मीडिया पेज पर जनता की जमीन हड़प लेने का फर्जी आरोप लगाते हुए समाचार चलवाया है। केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के सम्मान को नुकसान पहुंचाने के लिए यह काम किया,जिससे मानहानि हुई। जब राजेश सिंह और अन्य कार्यकर्ताओं ने अजय सिंह से सांसद की छवि गलत तरीके से धूमिल करने के बाबत पूछताछ की तो उसने जान से मारने की धमकी दी।इस मामले में धुसवा खास निवासी राजेश सिंह की तहरीर पर अजय सिंह, मनीषा सिंह व गोन्डा एक्सप्रेस न्यूज पोर्टल के संचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कोतवाल मनोज पाठक ने जानकारी दी कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण की छानबीन व विवेचना एसआई प्रदीप सिंह सेंगर को सौंपी गई है।

# भगवा रंग की बसों से कुंभ जायेंगे जिले के यात्री

- महाकुंभ के लिए जिले से जाएंगी 70 बसें देवीपाटन मंडल से 200 बसों को परिवहन विभाग ने लगाया

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के लिए परिवहन विभाग ने तैयारी कर ली है। महाकुंभ जाने वाले यात्रियों को भगवा कलर की बसें मिलेंगी। पूरे देवीपाटन मंडल परिक्षेत्र से 200 बसें प्रयागराज यात्रियों को लेकर जाएंगी। प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से होगी। इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। परिवहन विभाग द्वारा बसों को भगवा रंग में रंगवाया जा रहा है। परिवहन विभाग के एआरएम ज्ञानचंद कनौजिया ने बताया कि जिले से प्रयागराज के लिए 70 बसें जाएंगी।

**बीएस 4 और बीएस 6 बसों से यात्रा करेंगे यात्री**

परिवहन विभाग की स्टेशन इंचार्ज शबाना बानो ने बताया कि प्रयागराज यात्रा के दौरान प्रदूषण भी ध्यान रखा गया है। इसके लिए नई बसें उसी हिसाब से आई हैं। उन्होंने बताया कि बीएस 3, बीएस 4, बीएस 6 और बीएस 7 वाहनों से लोग यात्रा करेंगे।

**सभी बसों परदो-दो कर्मचारी रहेंगे मौजूद**

परिवहन विभाग की स्टेशन इंचार्ज शबाना बानो ने बताया कि प्रत्येक बस में दो दो चालक और परिचालक रखे जाएंगे। जिससे बस के महाकुंभ के आने जाने के दौरान कोई दिक्कत न हो। किसी चालक और परिचालक को समस्या होगी तो दूसरे लोग बस का संचालन कर सकेंगे।

जबकि देवीपाटन मंडल से कुल 200 बसें यात्रियों को लेकर प्रयागराज जाएंगी। उन्होंने बताया कि 70 बसों में 57 बसें भगवा रंग में रंगी गई हैं। इसके अलावा 23 नई बस भी आई हैं।

# टीबी हारेगा, देश जीतेगा के तहत चलेगा 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान

- टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों की होगी जांच
- धर्मगुरुओं की भागीदारी होगी अहम

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



भारत सरकार ने 7 दिसंबर, 2024 से 24 मार्च, 2025 तक 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य टीबी के उन्मूलन में तेज़ी लाना है। इस अभियान के तहत जागरूकता फैलाने, शीघ्र पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मुहिम में प्रभावशाली व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और समाज के हर वर्ग को भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा भारत दुनिया में सबसे अधिक टीबी रोगियों वाला देश है। यह बीमारी हवा से फैलती है, लेकिन यदि इसे शुरुआत में ही पहचाना जाए और पूरा इलाज किया जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकती है।

इस अभियान में स्वास्थ्यकर्मी आपके घर आएंगे, कृपया उनका सहयोग करें और सही जानकारी साझा करें। ÷टीबी हारेगा, देश जीतेगा÷ की यह लड़ाई तभी सफल होगी, जब हम सब मिलकर इस अभियान का हिस्सा बनें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और उपचार निःशुल्क है।

**धर्मगुरुओं की भूमिका अहम**

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया इस अभियान के तहत क्रिसमस, लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और रमज़ान जैसे त्योहारों के दौरान चर्च, मस्जिद, मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों पर धर्मगुरु अपने अनुयायियों को जागरूक करेंगे कि टीबी के लक्षण – जैसे दो हफ्ते से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना और भूख न लगना – दिखने पर तुरंत जांच करवाएं। यह बीमारी हवा से फैलती है, इसलिए सावधानी बरतना जरूरी है। साथ ही, टीबी रोगियों का भावनात्मक सहारा बनें और उन्हें इलाज के लिए प्रेरित करें। धर्मगुरुओं का यह संदेश समाज में जागरूकता फैलाने का अहम माध्यम बनेगा।

**समाज के हर व्यक्ति को इस लड़ाई में होना होगा शामिल**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएल वर्मा ने बताया कि इस अभियान का लक्ष्य है टीबी की शीघ्र पहचान और इलाज, टीबी से होने वाली मृत्यु दर में कमी, और नए टीबी रोगियों को रोकने के लिए बचाव के उपाय। उन्होंने बताया टीबी उन्मूलन के लिए यह अभियान केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं है। समाज के हर व्यक्ति को इस लड़ाई में शामिल होना होगा। आइए, हम सब मिलकर एक टीबी मुक्त समाज बनाएं, ताकि हमारी अगली पीढ़ी एक स्वस्थ भविष्य में सांस ले सके।

**टीबी जागरूकता संदेश**

- टीबी का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त है।
- सही और पूरा इलाज टीबी को पूरी तरह खत्म कर सकता है।
- टीबी छूने से नहीं फैलती। इसे छुपाने के बजाय इलाज करवाएं।

इसके अलावा, रोगियों को बेहतर पोषण के लिए हर महीने 1000 रुपये की सहायता दी जा रही है। समाज के सभी वर्गों को आगे आकर निःक्षय मित्र बनना चाहिए और रोगियों को पोषण पोटली जिसमें गुड़, चना, मूंगफली, तिल, सत्तू, प्रोटीन पाउडर, फल आदि उपलब्ध करानी चाहिए।

इसके लिए निक्षय पोर्टल पर या जिला क्षय रोग अधिकारी के मोबाइल नंबर 9792969400 पर संपर्क किया जा सकता है। अभी तक जनपद में 696 से अधिक निःक्षय मित्रों ने 3586 मरीजों को पोषण पोटलियां वितरित की हैं।

# अभाविप के जनजातीय कार्य के प्रदेश सह संयोजक बने आदर्श शुक्ला

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 64वां प्रांत अधिवेशन सीतापुर जिले में संपन्न हुआ । प्रांत अध्यक्ष डा नीतू सिंह द्वारा नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई । जिसमें बहराइच जिले से प्रदेश सह मंत्री आदर्श शुक्ल को प्रदेश सह संयोजक जनजातीय कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आदर्श पूर्व में भी संगठन की बड़ी जिम्मेदारियां का निर्वहन कर चुके हैं आदर्श ने प्रदेश सह मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जिला संयोजक जिला सहसंयोजक जिला सोशल मीडिया प्रमुख नगर मंत्री तहसील संयोजक सहित विभिन्न दायित्व का सफलतापूर्वक कुशल नेतृत्व किया है। विभाग प्रमुख डॉ अंजनी शुक्ला ने बताया कि प्रांत अधिवेशन में बहराइच जिले से कार्यकारिणी में नित्या पाठक को खेलो भारत का सहसंयोजक, देवाशीष सिंह, वंशिका मिश्रा रुस्तम राणा, शिवा पाठक, देवेंद्र सिंह को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रांत कार्यकारिणी में नवीन दायित्व मिलने पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मंयक अग्रवाल, जिला संयोजक आयुष श्रीवास्तव, पूर्व जिला सहसंयोजक आशुतोष मिश्रा नगर अध्यक्ष राजकुमार शर्मा , रणवीर गुप्ता,विवेक प्रताप सिंह, तनिष्का मल्होत्रा, पीहू ,रोशनी शेख, सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# गोंडा महोत्सव समापन पर होगा भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

- अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से समृद्ध होगी गोंडा की सांस्कृतिक विरासत

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

गोंडा महोत्सव-2024 के अंतर्गत आयोजित मण्डल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर एक शानदार अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 4 जनवरी 2025 को शाम 7 बजे से, शहीद-ए-आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज परिसर में होगा। इस सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित कवि अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से दर्शकों का मन मोहेंगे।

**साहित्यिक संगम**–कवि सम्मेलन में 18 कवि भाग लेंगे, जो हास्य, वीर, ओज, श्रृंगार, नारीवाद और प्रकृति जैसे विविध विषयों पर आधारित अपनी कविताएँ प्रस्तुत करेंगे। इसमें शामिल कवि हैं: 1. साहित्य भूषण श्री कमलेश मौर्य मृदु (सीतापुर) - संवेदनशील और मर्मस्पर्शी रचनाओं के लिए प्रसिद्ध। 2. साहित्य भूषण श्री शिवाकान्त मिश्र विद्रोही (गोंडा) - ओजस्वी और प्रखर काव्यधारा के सशक्त हस्ताक्षर।

3. श्री मंजुल मयंक (फिरोजाबाद) - भक्ति और अध्यात्म की अनूठी छवि प्रस्तुत करने वाले कवि। 4. श्री भालचन्द्र त्रिपाठी (आजमगढ़) - देशभक्ति और प्रेरक रचनाओं के कुशल प्रवक्ता। 5. श्री लटूरी लठ्ठ (टूंडला) - हास्य और व्यंग्य के बेजोड़ कवि। 6. श्री मनोज चौहान (मैनपुरी) - विचारशील और प्रभावी अभिव्यक्ति के कवि। 7. श्रीमती मीना बन्थन (रांची, झारखण्ड) - नारीवाद और प्रकृति पर गहन विचारों की प्रस्तुति। 8. श्री राजेन्द्र मौर्य (बिलासपुर, छत्तीसगढ़) - मर्मस्पर्शी और संवेदनशील कवि। 9. श्री अजय अंजाम (औरैया) - मानवीय मूल्यों और सामाजिक मुद्दों पर आधारित कविताओं के धनी। 10. श्री नीरज पाण्डेय (रायबरेली) - मंच संचालन के साथ साहित्य के अद्भुत संयोजक। 11. श्रीमती सोनी मिश्रा (लखनऊ) - प्रेम और सौंदर्य से भरपूर कविताओं की रचयिता। 12. श्री नरेन्द्र मिश्र धड़कन (चिरमिरी, छत्तीसगढ़) - मधुर भाव और प्रेरणा का संगम। 13. श्रीमती नीता सिंह (गोंडा) - स्थानीय प्रतिभा और उत्कृष्ट कविता की प्रस्तुति। 14. श्री विवेक बादल बाजपुरी (उत्तराखंड) - प्राकृतिक सौंदर्य और उत्साहवर्धक रचनाओं के कवि। 15. श्री संदीप अनुरागी (बाराबंकी) - हास्य के माध्यम से जीवन के मर्म को छूने वाले कवि। 16. श्री दुर्गेश दुर्लभ (अयोध्या) - ओज और वीर रस के प्रतिभाशाली रचनाकार। 17. श्री विनय शुक्ल अक्षत (गोंडा) - मोहक भाव और समर्पण से युक्त कविताओं के कवि। 18. श्री प्रीतम नायक (हरियाणा) - गहन संवेदनाओं और सरल अभिव्यक्ति के प्रखर कवि।

**कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ**–कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य भूषण श्री कमलेश मौर्य मृदु करेंगे। संचालन रायबरेली के प्रख्यात कवि श्री नीरज पाण्डेय द्वारा किया जाएगा, और सूत्रधार रहेंगे साहित्य भूषण श्री शिवाकान्त मिश्र विद्रोही।

**संयोजकों की भूमिका**–इस भव्य आयोजन की रूपरेखा जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकित जैन, और परियोजना निदेशक चंद्र शेखर के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। गोंडा महोत्सव आयोजन समिति ने जिले के सभी साहित्य प्रेमियों से अनुरोध किया है कि वे इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। आपकी उपस्थिति इसे और भी खास बनाएगी।

# डीएम ने जर्मनी की आधुनिक नेत्र जांच मशीन का किया लोकार्पण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मोहन सिंह स्मारक नेत्र चिकित्सालय का उप्र युवा उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा उपलब्ध करायी गयी जर्मनी आधुनिक नेत्र जांच मशीन का लोकार्पण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह मशीन मिलने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा अस्पताल में एक मशीन पहले से थी, दूसरी मशीन हो जाने से अधिक मरीज इसका लाभ उठा पायेंगे। मशीन का अपग्रेड मॉडल होने की वजह से चिकित्सकों को भी सर्जरी करने में आसानी होगी और मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, अधीक्षक मोहन सिंह नेत्र चिकित्सालय डॉ एसके कटियार, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, व्यापार मण्डल से अतुल गुप्ता, मोहित गुप्ता सहित व्यापार मण्डल के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## पीड़ित ने मुख्यमंत्री से की अवैध निर्माण की शिकायत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** पीड़ित लगा रहा अधिकारियों से गुहार फिर भी नहीं बंद हो रहा है अवैध निर्माण। अनिल कुमार निवासी पुरे रानी मजरे चंदापुर तहसील महराजगंज जिला रायबरेली ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ऑनलाइन शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी के पैतृक मकान सहन भूमि बगल कुछ हिस्सा सरकारी भी पर भूमाफिया श्रवण कुमार पवन कुमार आदि निवासी उपरोक्त द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। भूमाफिया द्वारा जिला अधिकारी को गुमराह कर तहसील प्रशासन पर दबाव बनाकर निर्माण कर रहे हैं जबकि प्रार्थी ने माननीय सहित जिलाधिकारी को 29 12 2024 तथा 30 12 2024 को उप जिला अधिकारी महोदय को लिखित प्रार्थना पर दे चुका है किंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अनिल कुमार ने शिकायती पत्र कि संलग्न प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए भूमाफियाओं पर भूमाफिया एक्ट सहित वन्य जीव पर्यावरण पशु पक्षी संरक्षण औषधि जड़ी बूटी वृक्षों को नष्ट करने वाली धाराओं सहित अवैध निर्माण हटवाने की तुरंत कार्रवाई की जाए।



## राष्ट्रीय महामंत्री का हुआ भव्य स्वागत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ से रायबरेली एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के कार्यक्रम में जाते समय विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह का कस्बे के मुख्य चौराहे पर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठन के विभिन्न कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए राष्ट्रीय महामंत्री विश्व हिंदू रक्षा परिषद राहुल सिंह चौहान ने बताया कि हम सनातनी हैं और सनातन सदैव से ही दया एवं क्षमा के जीवंत उदाहरण पेश करता आया है, परंतु अब समय पहले जैसा नहीं रह गया है आज विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक के लिए सनातन को निशाना बना रही है। उनके स्वागत के इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होमगार्ड राम प्रताप यादव हुए सम्मानित



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सम्मानित हुआ होमगार्ड पूरे माह अच्छी ड्यूटी और अच्छी वर्दी के लिए होमगार्ड को कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एवं होमगार्डों द्वारा प्रशस्ति पत्र फूल माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इंद्रमणि सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि महीने की 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरी वर्दी तथा समय से एक्टिविटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 जनवरी को कोतवाली प्रभारी महराजगंज ने होमगार्ड राम प्रताप यादव को सम्मानित किया गया इस मौके पर समस्त होमगार्ड मौजूद रहे।

# खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में स्थित रफी अहमद किदवई पार्क मिनी स्टेडियम के प्रांगण में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा आयोजित किया गया।

इस खेल प्रतियोगिता के आयोजन में सब जूनियर वर्ग का आयु वर्ग, जूनियर वर्ग का आयु वर्ग एवं सीनियर वर्ग का आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं को सम्मिलित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बालीबाल, कबड्डी, कुश्ती, फुटबॉल, जूडो सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान कुछ नियम एवं शर्तें रखी गई। जिसमें आयु की



गणना एक जनवरी 2024 से की जाएगी, कोई भी खिलाड़ी सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में से केवल किसी एक वर्ग में ही प्रतिभाग कर सकेगा, विजेता खिलाड़ी जनपद स्तर का प्रतिभाग करेंगे, निर्णायक का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा सहित अन्य बिंदु रखे गए। प्रतियोगिता में बालीबाल में बछरावां की टीम, फुटबॉल में बछरावां की टीम, सब जूनियर बालिका कबड्डी में पस्तौर की टीम, जूनियर बालिका कबड्डी में पस्तौर की टीम, बैडमिंटन सब जूनियर में रौनक, बैडमिंटन जूनियर में अंश सोनकर, बैडमिंटन सीनियर में शिवम मिश्रा, वही 800 मीटर की रेस सब जूनियर बालिका में रिंकी, 800 मीटर की रेस सब जूनियर बालक में अन्यपाल, 200 मीटर की रेस जूनियर वर्ग बालिका में कोमल, 200 मीटर रेस जूनियर वर्ग बालक में शिवम, 400 मीटर रेस जूनियर वर्ग बालक में हरिओम, 400 मीटर रेस जूनियर वर्ग बालिका में दिव्यांशी, 1500 मीटर रेस जूनियर वर्ग बालक में अंकित गौतम, 800 मीटर रेस जूनियर वर्ग बालिका में रोशनी, 100 मीटर रेस सीनियर वर्ग बालक में सौरभ, 200 मीटर रेस सीनियर वर्ग बालक में सौरभ, 400 मीटर रेस सीनियर वर्ग बालक में मृत्युंजय शुक्ला, 1500 मीटर रेस सीनियर वर्ग बालक में मृत्युंजय शुक्ला विजेता रहे। वहीं इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, शिक्षा विभाग से अमन शुक्ला वेद शुक्ला, मुकुट बिहारी मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राम लखन, राकेश कुमार, चंद्रप्रकाश, उमेश कुमार, शिखा श्रीवास्तव, संध्या सहित शिक्षा विभाग के अन्य अध्यापक व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम नरेंद्र मोदी से मिले मंत्री दिनेश प्रताप सिंह



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

▸ **परिवार की तीन पीढ़ियों संग नए साल की शुभकामनाएं दीं**

नव वर्ष के प्रथम दिन प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के परिवार की तीन पीढ़ियों को एक साथ दुनिया के सबसे लोकप्रिय जननेता एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के पंचवटी परिवार ने पीएम मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उन्हें नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## मंडी स्थल निर्माण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** उतरौला विकास मंच के अध्यक्ष आदिल हुसैन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सब्जी व फल मंडी स्थल के निर्माण की मांग की है। आदिल हुसैन ने बताया कि पिछले 20 वर्षों से मंडी स्थल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन मंडी समिति और प्रशासन की उदासीनता के चलते यह समस्या अब भी जस की तस बनी हुई है। मंडी स्थल के अभाव में फल, सब्जी, गल्ला, खाद और बीज विक्रेता किराए की दुकानों पर व्यापार करने को मजबूर हैं। बाजार में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे न केवल व्यापारी, बल्कि आम जनता भी प्रभावित होती है। आदिल हुसैन ने कहा कि उतरौला मंडल की सबसे पुरानी तहसील होने के बावजूद यहां के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। तुलसीपुर तहसील में कई वर्ष पूर्व मंडी स्थल का निर्माण हो चुका है, लेकिन उतरौला को उपेक्षित रखा गया है। आदिल हुसैन ने बताया कि मंडी निर्माण के लिए व्यापारियों का कई करोड़ रुपये मंडी समिति कार्यालय, उतरौला में जमा है। इसके बावजूद मंडी स्थल का निर्माण नहीं हो पाया है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में तत्कालीन एसडीएम अरुण कुमार गौड़ ने मंडी निर्माण के लिए कई स्थानों पर जमीन चिन्हित की थी। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण के बाद प्रस्ताव तैयार करके इसे एडीएम बलरामपुर को भेजा था। एडीएम ने जमीन का निरीक्षण किया और फाइल आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बाद से यह फाइल ठंडे बस्ते में डाल दी गई। उतरौला विकास मंच के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि इस जनहित की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और मंडी निर्माण के लिए पुनः सर्वेक्षण कर तत्काल कार्य शुरू कराया जाए। मंडी स्थल का निर्माण न केवल व्यापारियों और किसानों को राहत देगा, बल्कि बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को भी सुचारू बनाएगा। आदिल हुसैन ने यह भी कहा कि मंडल की सबसे पुरानी तहसील होते हुए भी उतरौला विकास की दृष्टि से उपेक्षित है।

# 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान

▸ **जागरूकता के लिए निकल गई रैली**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान तेज किया गया है। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर में 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी एएनएम को निर्देशित किया कि उच्च जोखिम समूह में रहने वाले सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग आशाओं के माध्यम से करवाया जाए तथा प्रत्येक संभावित टीवी रोगी की बलगम या एक्स रे जांच करवाई करवाने के लिए निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजना सुनिश्चित किया जाए तथा टीबी रोगी के पुष्टि होने के उपरांत उनके संपूर्ण इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। सीएमओ ने बताया कि जांच में यदि कोई मरीज टीबी से ग्रस्त निकलता है तो उस मरीज को सभी दवाइयां मुफ्त मिलेंगी, इसके अतिरिक्त इन मरीजों को निः क्षय पोषण योजना के तहत ?1000 प्रति



माह की दर से इलाज अवध में पोषण भत्ता भी देने का प्रावधान है। सीएमओ ने बताया कि सिर्फ खांसी ही टीवी का लक्षण नहीं होता है। टीवी के और भी लक्षण हो सकते हैं जैसे दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी आना , मुंह से खून आना, थकावट होना, सांस लेने में तकलीफ होना ,रात में पसीना आना, वजन कम होना, भूख न लगना ,बुखार होना, सीने में दर्द होना ,गर्दन में गिल्टी या गांठ होना भी टीवी का लक्षण हो सकता है। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली भी निकली गई। मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला ,डॉ जावेद अख्तर, डॉ महेश गुप्ता, डॉ मोहसिन खान एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बलरामपुर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# गोमांस रखने के मामले में अभियुक्त को सजा, 1000 रुपये का अर्थदंड

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में गोमांस रखने के एक पुराने मामले में अभियुक्त हकीमुल्ला पुत्र रहमुल्ला को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि और 1000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सजा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप संभव हो सकी। बताते चले कि थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में वर्ष 1998 में गोमांस रखने के संबंध में मुकदमा संख्या 05/98, धारा 5/8 गौहत्या निवारण अधिनियम के तहत अभियुक्त हकीमुल्ला पुत्र रहमुल्ला, निवासी महुआ इब्राहिम ढाबा, थाना



श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर के खिलाफ पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना तत्कालीन उपनिरीक्षक श्रीकांत पांडेय द्वारा की गई। विवेचना पूर्ण होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोग की प्रभावी पैरवी सहायक अभियोजन अधिकारी सुभाषचंद्र यादव, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी ओम प्रकाश चौहान, और थाना कोतवाली उतरौला के न्यायालय पैरवीकार द्वारा की गई। इसके परिणामस्वरूप, न्यायालय CJJD/JM उतरौला ने अभियुक्त हकीमुल्ला को दोषी करार दिया और उसे जेल में बिताई गई अवधि के साथ 1000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सजा दिलाने में पुलिस टीम और अभियोजन पक्ष ने सराहनीय कार्य किया। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मामलों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस और अभियोजन विभाग लगातार प्रयासरत हैं। यह निर्णय न्यायालय और पुलिस की निष्पक्षता और कठोरता को दर्शाता है। इस सजा से कानून का पालन करने वालों में विश्वास बढ़ेगा और अपराधियों को यह संदेश जाएगा कि कानून से बचना असंभव है।

# सीएसके सीसी महुआ ने मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की

**सादुल्ला नगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व प्रधान फखरूददीन खान के संयोजन में आयोजित एमएम क्रिकेट ट्राफी के निर्णायक मुकाबले में सीएस के सी सी महुआ ने मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम कर लिया। विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू सिंह ने क्रमशः ढाई लाख व सवा लाख नकद व ट्राफी देकर सम्मानित किया। इटईरामपुर के करबला मैदान में फखरूददीन खान के संयोजन में आयोजित एमएम क्रिकेट ट्रॉफी के निर्णायक मुकाबले में सीएसके सीसी महुआ व बेवफा टी स्टाल सी सी इटईरामपुर के बीच खेला गया। टास जीत कर बेवफा टी स्टाल सीसी ने



बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 14 ओवर में बेवफ़ा टी स्टाल सी सी ने 105 रन स्कोर किया सर्वाधिक 46 रन शकील बरेली ने बनाया ।जवाबी पारी में सीएसके सी सी महुआ ने तेरहवें ओवर में 6 पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया सर्वाधिक रन विकास तिवारी कैरी ने 48 रन का योगदान दिया विजेता टीम के अंकित सिंह कलकी मेन आफ द मैच रहे। उपविजेता टीम के मोहसिन बेस्ट बैट्समैन व जावेद मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे।मुख्य अतिथि धीरेंन्द्र प्रताप सिंह धीरू सिंह ने कहा कि खेल में जीतना हारना नहीं वरन प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण होता है खेल से समाज में भाईचारे की भावना को बल मिलता है खेल खिलाड़ियों व दर्शकों को संयमी व धैर्यवान बनाता है।आयोजक फखरूददीन खान ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आगामी अप्रैल माह में आयोजित क्रिकेट कप के विजेता टीम को दस लाख रुपये व उपविजेता टीम को पांच लाख रूपये दिये जायेंगे ।उक्त प्रतियोगिता के आयोजन में वसीम मलिक, अदनान खान, दिलीप जायसवाल का विशेष योगदान रहा। समापन अवसर पर तौकीर अहमद, जमीर मलिक, डाक्टर मजहर, शहजाद, मलिक मुहम्मद, बदरूददीन, कलामुददीन, कमालुददीन, गुज्जी लाल चौहान प्रधान गजपुर ग्रिंट, डाक्टर मुहम्मद अहमद, सोनू गुप्ता,राजेश प्रधान, जावेद खान, डाक्टर एहसान, डाक्टर रहीम, आसिफ, कौसर, नबीउल्लाह व मदन जायसवाल मौजूद रहे।।

# पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

थाना कोतवाली उतरौला पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशों और अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। इस ऑपरेशन का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक उतरौला अवधेश राज सिंह ने किया।

गुरुवार को थाना कोतवाली उतरौला पुलिस टीम ने मुअस 1722/08/96 धारा 323/504 भारतीय दंड संहिता और 3(1)(×) एससी/एसटी एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त रफीक पुत्र कल्लू नाई और




लतीफ पुत्र कल्लू नाई, दोनों निवासी ग्राम भैरमपुर थाना कोतवाली उतरौला, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को बाद में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक शंभू सिंह, कांस्टेबल राम अवतार यादव शामिल रहे । प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि यह गिरफ्तारी अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गए अभियान का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और सभी वांछित अभियुक्तों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना को बल मिलेगा और अपराधियों में यह संदेश जाएगा कि कानून से कोई भी बच नहीं सकता।

## सभी विकास खंडों में शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार को आयोजित होंगे सेमिनार: डीएम

▸ **सेमिनार में प्रतिभा करने वाले अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार को कार्यक्रम स्थल पर सभी सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में संचालित योजनाओं फैमिली आईडी, फार्मर आईडी, जीरो पॉवर्टी, पीएम सूर्य घर योजना, टीवी मुक्त भारत अभियान एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बेहतर प्रचार प्रसार एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में जनपद के सभी विकास खंडों में विभिन्न भागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं ग्राम प्रधानों को योजनाओं के संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान किए जाने हेतु सेमिनार कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। सभी विकासखंड में आयोजित आयोजित कार्यशाला में संबंधित उप जिलाधिकारी , जनपद स्तरीय अधिकारी , संबंधित खंड विकास अधिकारी, सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी , ग्राम प्रधान उपस्थित रहेंगे। आयोजित सेमिनार में प्रतिभा करने वाले अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु कार्यक्रम स्थल पर समस्त आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# गौशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार, ठंड से परेशान गायें

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम चमरूपुर स्थित गौशाला में व्यवस्थाओं की भारी कमी के चलते गायों को ठंड और भूख से जूझना पड़ रहा है। गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था नहीं है और पीने के पानी के लिए बने नाद अक्सर सूखे रहते हैं। ठंड के मौसम में गायों की हालत और भी खराब हो रही है। गौशाला में गेट की अनुपस्थिति के कारण बांस से अस्थायी अवरोध लगाया गया है। हरे चारे के अभाव में गायों को केवल सूखा भूसा दिया जा रहा है। इसके अलावा, पानी की व्यवस्था के लिए लगा मोटर पंप वर्षों से खराब पड़ा है। इसके सुधार के लिए कई बार संबंधित विभाग को पत्र





लिखा गया, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्राम प्रधान राम शंकर सैनी ने बताया कि गौशाला के संचालन की जिम्मेदारी केयर टेकर पर है, जिसकी नियुक्ति जिला पंचायत द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि मोटर पंप को ठीक कराने के लिए विभाग को कई बार पत्र भेजे गए हैं, लेकिन कोई परिणाम नहीं मिला। मजबूरन केयर टेकर को नल से पानी निकालकर गायों को पिलाना पड़ रहा है।सचिव ग्राम्य पंचायत धनंजय यादव ने कहा कि गौशाला की जिम्मेदारी उनके विभाग की नहीं है, इसलिए वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। गौशाला में वर्तमान समय में लगभग एक दर्जन गायें रखी गई हैं। देखभाल की जिम्मेदारी दूर रहने वाले केयर टेकर पर होने से उनकी नियमित देखरेख भी नहीं हो पा रही है। इन सब अव्यवस्थाओं के कारण गायें ठंड और भूख के संकट का सामना कर रही हैं। गौशाला की स्थिति पर स्थानीय प्रशासन की उदासीनता और विभागीय लापरवाही स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। अविलंब इन समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए ताकि गायों को बेहतर देखभाल मिल सके और गौशाला का उद्देश्य पूरा हो सके।

## गरीबों का मसीहा बना गुरुकुल, बांटें ढाई सौ कंबल



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** गुरुकुल महाविद्यालय के प्रबंधक आरडी मिश्रा एवं उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा लगातार कड़ाके की पड़ रही ठंड में गरीबों के लिए किसी मसीहा की तरह काम कर रही हैं। विगत कई वर्षो से लगातार चाहे वह कोरोना कल रहा हो चाहे कड़ाके की ठंड हो गुरुकुल महाविद्यालय हमेशा मदद में आगे आया है। आज अशर्फाबाद ग्राम पंचायत में लगभग डेढ़ सौ से अधिक लोगों को गुरुकुल महाविद्यालय की तरफ से कंबल वितरित किए गए। जिसमें पहरेमऊ ओया ज्योना खैहरना आदि ग्राम पंचायत के लोग शामिल रहे तो वहीं मुरैनी ग्राम पंचायत के पूरे दादू में भी कंबल वितरित किए गए गुरुकुल महाविद्यालय द्वारा आज बृहस्पतिवार को लगभग ढाई सौ कंबल वितरित किए गए । गुरुकुल महाविद्यालय के प्राचार्य अमित पांडे सोभनाथ सिंह राम कुबेर सिंह अशोक सिंह संतोष सिंह चौहान मेजर सिंह सुरेश सिंह किशुन रामू लल्लन महेश रामकृपाल प्रभु दयाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## चुनौतियां बेशुमार

यूं तो नया या पुराना साल एक समय चक्र मात्र है और देश के सामने समस्याएं व चुनौतियां हर दौर में रही हैं। लेकिन हम समय की एक इकाई में अपनी समस्याओं को दूर करने के लक्ष्य निर्धारित कर निराकरण का प्रयास करते हैं। कमोबेश वर्ष 2025 को लेकर भी यही स्थिति रहने वाली हैं। हालांकि महंगाई, बेरोजगारी तथा गरीबी सर्वकालिक व सर्वदेशीय समस्याएं रही हैं, फर्क है तो यही कि सत्ताधीश इन चुनौतियों का मुकाबला कैसे करते हैं। जैसे–जैसे बीता साल पूर्णता की ओर बढ़ रहा था, देश को लेकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कुछ सकारात्मक तो कुछ चिंता बढ़ाने वाली खबरें वातावरण में तैर रही थीं। हालांकि, बांग्लादेश का राजनीतिक घटनाक्रम व अल्पसंख्यकों पर ज्यादती की खबरें विचलित करने वाली थी। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बांग्लादेश में जिस सत्ताधीश के विरोध में सत्ता पलट हुआ,उस सत्ता की सूत्रधार को भारत ने शरण दी। दरअसल, भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में तार्किक के बजाय भावनात्मक मुद्दे राजनीतिक विमर्श पर हावी रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि दशकों से जारी एलएसी विवाद सिमटता नजर आया। जिससे चीन से बिगड़े रिश्ते पटरी पर आने की उम्मीद जगी। जिसके मूल में अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम भी है, लेकिन सुखद है कि एशिया की बड़ी महाशक्ति से संबंधों में सुधार आया। बाकी इस माह डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद भारत की विदेश नीति दशा–दिशा तय करती नजर आएगी। जहां तक देश के घरेलू मोर्चे का सवाल है तो आर्थिक सुस्ती सत्ताधीशों की चिंताओं का विषय होनी चाहिए। वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर 5.4 फीसदी रहना चिंता का सबब बनी, क्योंकि यह विकास दर पिछली सात तिमाहियों के सबसे निचले स्तर पर है। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि बीता वर्ष आम चुनावों व कई बड़े राज्यों में चुनाव का साल था, जिसमें भारी मात्रा में अनुत्पादक सरकारी खर्च हुआ है। जो कहीं न कहीं देश की विकास दर को प्रभावित करता है। बहरहाल, इसके बावजूद केंद्र सरकार विकास दर व मंदी की आहट को लेकर चिंतित नजर नहीं आती तो उसकी वजह है कि भारत की यह विकास दर भी दुनिया की तमाम बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से अधिक है। आर्थिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि वर्ष 2024–25 की तीसरी व चौथी तिमाही में विकास दर के तेज रहने के आसार हैं। जैसा कि केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि आगामी वित्तीय वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर 6.6 फीसदी रहेगी। जिसके आधार पर विभिन्न रेटिंग एजेंसियां व आईएमएफअनुमान लगा रहा है कि इस साल भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। लेकिन यह विचारणीय प्रश्न यह है कि कुलांचें भरते शेयर बाजार और बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करते देश में एक आम आदमी के जीवन में धनात्मक वृद्धि नजर क्यों नहीं आ रही है? सवाल यह भी है कि यदि देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के दावे किए जा रहे हैं तो क्या देश में गरीबी, कुपोषण, असमानता की समस्या खत्म हो रही है? क्या स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार हो रहा है? सवाल यह भी कि क्या पर्याप्त रोजगार के अभाव में होने वाला विकास तार्किकता की कसौटी पर खरा उतर रहा है? क्यों शहरी व ग्रामीण बेरोजगारी दर में इजाफा हो रहा है? आखिर क्यों राजनीतिक लाभ–हानि के गणित से परे संवेदनशील ढंग से बेरोजगारी की समस्या के समाधान के गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते? जब हम यह कहते नहीं थकते कि देश दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश है तो क्या हम इन युवा हाथों को उनकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध करा पा रहे हैं? आखिर क्यों देश में युवाओं का तेजी से पलायन हो रहा है? क्यों वे छोटी–मोटी नौकरियों के लिये विदेश जाने की होड़ में लगे हैं? क्यों अपनी योग्यता से कम की नौकरी करने को मजबूर हैं? देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली कृत्रिम महंगाई, सामाजिक असुरक्षा तथा बेरोजगारी जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए।

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

रमेश सर्राफ धमोरा



संसद के शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था। इंडी अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है, वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वहीं, गठबंधन अब धीरे–धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है। आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आआपा चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आआपा भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुलेआम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। यदि दिल्ली चुनाव में आआपा पराजित हो जाती है तो गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी।

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडी गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा कांग्रेस से गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडी गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुलेआम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही हैं। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडी गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की है। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी सहमति जताई। इससे विपक्षी गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडी गठबंधन टूट के कगार पर है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने कांग्रेस को गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आआपा खासी नाराज है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह चुनाव लड़ रही है, उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी जीत तय मानकर आआपा से गठबंधन से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आआपा ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आआपा से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गंवा दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर लड़ा था। महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाविकास अघाड़ी की करारी हार के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आआपा और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार की भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले जीत सकती है इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। इनमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का औसत, 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का औसत 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह देखें तो कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ी थी। जबकि बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश हैं जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटें 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां, कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12.42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा।

संसद के शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था।

इंडी अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है, वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वहीं, गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है।

आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आआपा चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आआपा भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुलेआम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। यदि दिल्ली चुनाव में आआपा पराजित हो जाती है तो गठबंधन के ताबूत में वह आखरी कील साबित होगी।

कांग्रेस को यदि इंडी गठबंधन को बचाना है तो अपने सहयोगी क्षेत्रीय दलों की भावनाओं को समझ कर फैसला करना होगा। तभी कांग्रेस अपना राजनीतिक वजूद को बचा पाएगी। इंडी गठबंधन टूटने की स्थिति में कांग्रेस का भी कमजोर होना तय माना है। क्योंकि कांग्रेस अकेले भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है। गठबंधन के साथी दलों की मदद से ही कांग्रेस मजबूत हो सकेगी, इस बात से कांग्रेस नेता भी अच्छी से वाकिफ हैं।

विचार

# सर्दियों के दौरान बच्चों में न हो पानी की कमी

डॉ. सत्यवान सौरभ



सर्दी भले गर्मियों जैसी परेशानी लेकर नहीं आए लेकिन ठंड के मौसम में बच्चों को हाइड्रेटेड रखना उतना ही जरूरी है। तापमान गिरने पर बच्चों को शायद उतनी प्यास न लगे लेकिन उनके शरीर के ऊर्जा स्तर बनाए रखने, उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को सहारा देने और समग्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए अभी भी पर्याप्त पानी की जरूरत होती है। सर्दियों के दौरान निर्जलीकरण आम चिंता है, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है क्योंकि पसीना कम दिखाई देता है। माता-पिता को यह सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए कि उनके बच्चे हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहें, यहाँ सर्दियों में कुछ व्यावहारिक और रचनात्मक रणनीतियाँ दी गई हैं। सर्दियों के दौरान बच्चों के शरीर के तापमान को नियंत्रित करने, पाचन का समर्थन करने और प्रतिरक्षा को बढ़ाने जैसे शारीरिक कार्यों को बनाए रखने के लिए उचित हाइड्रेशन ज़रूरी है। सर्दियों के दौरान, ठंडी हवा शुष्क त्वचा और श्वसन सूखापन पैदा कर सकती है, जिससे हाइड्रेशन और भी ज़रूरी हो जाता है। इसके अलावा बच्चे अक्सर ठंड के मौसम में पानी पीने के लिए कम इच्छुक होते हैं, जिससे निर्जलीकरण का ख़तरा बढ़ जाता है। माता-पिता को अपने बच्चों को ठंड के महीनों में स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ हाइड्रेशन की आदतों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

1. **गर्म पेय पदार्थ दें-** गर्म पानी, हर्बल चाय या पतला गर्म फलों का रस। ये पेय पदार्थ न केवल हाइड्रेट करते हैं बल्कि गर्मी और आराम भी देते हैं।
2. **हाइड्रेटिंग खाद्य पदार्थ शामिल करें-** संतरे, खीरे, तरबूज और टमाटर जैसे उच्च पानी की मात्रा वाले फल और सब्जियाँ बच्चों को हाइड्रेट रखने के लिए बहुत बढ़िया हैं। इन्हें उनके भोजन या नाश्ते में शामिल करें।
3. **सूप और शोरबा को मुख्य आहार बनाएँ-** सूप और शोरबा सर्दियों के पसंदीदा व्यंजन हैं और बच्चों को हाइड्रेट करने का शानदार तरीक़ा। घर पर बनी सब्जी या चिकन सूप का चुनाव करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे पौष्टिक और हाइड्रेटिंग दोनों हों।
4. **पानी पीने का शेड्यूल तय करें-** बच्चों को नियमित अंतराल पर पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करें, भले ही उन्हें प्यास न लगे। उनके लिए प्रक्रिया को दिलचस्प बनाने के लिए रंगीन पानी की बोतलों या मज़ेदार टाइमर का इस्तेमाल करें।
5. **हाइड्रेटिंग स्नैक्स परोसें-** बच्चों के लिए दही, स्मूदी या ताजाा फलों के रस से बने पॉप्सिकल्स जैसे स्नैक्स हाइड्रेटिंग और मज़ेदार हो सकते हैं। ये विकल्प हाइड्रेशन के साथ-साथ ज़रूरी पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं।
6. **मीठे और कैफीन युक्त पेय पदार्थों से बचें-** मीठे सोडा या कैफीन युक्त पेय पदार्थ निर्जलीकरण में योगदान कर सकते हैं। नारियल पानी या बिना चीनी मिलाए ताजा निचोड़े गए जूस जैसे प्राकृतिक हाइड्रेशन स्रोतों का चुनाव करें।
7. **पानी सुलभ रखें-** अपने बच्चों की आसान पहुँच में पानी की बोतलें या कप रखें। पानी की उपलब्धता उन्हें बार-बार पानी पीने की याद दिलाती है।
8. **शारीरिक गतिविधि पर नज़र रखें-** बच्चे अक्सर सक्रिय रहते हैं, यहाँ तक कि सर्दियों में भी। सुनिश्चित करें कि वे बाहरी गतिविधियों या खेलों से पहले, उसके दौरान और बाद में हाइड्रेट रहें ताकि खोए हुए तरल पदार्थों की पूर्ति हो सके।
9. **उन्हें हाइड्रेशन के महत्त्व के बारे में सिखाएँ-** बच्चों को यह बताना कि हाइड्रेटेड रहना क्यों ज़रूरी है, उन्हें स्वेच्छा से पानी पीने के लिए प्रेरित करता है। पाठ को रोचक बनाने के लिए सरल, मज़ेदार स्पष्टीकरण या कहानियों का उपयोग करें।
10. **निर्जलीकरण के लक्षणों पर ध्यान दें-** बच्चों में निर्जलीकरण के सामान्य लक्षणों जैसे सूखे होंठ, थकान या कम पेशाब आना देखें। ये संकेत हैं कि आपका बच्चा तरल पदार्थ नहीं पी रहा है और उसे अतिरिक्त हाइड्रेशन की ज़रूरत है।

हाइड्रेशन सालभर की ज़रूरत है और सर्दी भी इसका अपवाद नहीं है। इन सुझावों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके, आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके बच्चे ठंड के मौसम में हाइड्रेटेड और स्वस्थ रहें। थोड़ी-सी रचनात्मकता और निरंतरता हाइड्रेशन को मज़ेदार और आसान बना सकती है, जिससे आपके बच्चों को अपने ऊर्जा स्तर और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलेगी। आखिरकार, हाइड्रेटेड रहना सर्दियों के स्वास्थ्य की दिशा में सबसे सरल और सबसे प्रभावी कदमों में से एक है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## अस्तित्व

**अनुपमा श्रीवास्तव 'अनुश्री'**


मेरी ही ज़मी, मेरा आकाश
हर दिन सूर्य, मुझ में उगता है,
सुनहरी किरण बिखेर,
मुझ में डूबता है
पंछियों के करतब- कलरव,
मुझ में ही बसते हैं,
कोलाहल करते हैं।


यह हिमशिखर अटल,
कभी मुझ में जमे,
कभी पिघले रहते हैं,
अक़्सर कहते हैं,
वह पल भी नहीं ठहरा,
नहीं ठहरेगा यह भी पल।

प्रकृतिस्थ होती हूं,
जब प्रकृति के बीच,
यह मुझ में गुनगुनाती,
गीत गाती है
मुझ में ही सकल,
खिल जाती है,
नव सृजन की,
गाथाएं रच जाती है।

मानवता के दुख,
मुझ में रिसते हैं
ख़ुशियाँ भी यहीं,
रव.स करती हैं,
अनुभूतियों की,
कलम थामे
मेरी नित् नव्य रचना,
सुख- दुख को यहीं,
परिभाषित करती है।

पूर्णत्व से प्रगट,
पूर्णत्व में समाहित,
सृष्टि के पुरातन,
नव रूपों में झांकता,
मेरा अभिन्न अस्तित्व,
कहीं भी अधूरा- अपूर्ण नहीं।





# राशिफल

**मेषः-** कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**वृषभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। आलस्य कतई न करें।

**मिथुनः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीनता न आने दें। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का योग है। पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने दें।

**कर्कः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी।

**सिंहः-** रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्याः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। आप धैर्य से समय का इंतजार करें। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**तुलाः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कल्पनाओं में जीना छोड़ वर्तमान में जियें।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कल्पनाएं सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी।

**धनुः-** दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नहीं देता है। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याएं आएंगी।

**कुंभः-** राजनीतिक सरगर्मियों से व्यस्तता बढ़ेंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**मीनः-** किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# साल 2025 में मनुष्य व तकनीक के संबंधों को लेकर उभरती चिंताएं

प्रियंका सौरभ



वर्ष 2025 के बारे में चाहे किसी ने आशावादी या निराशावादी विचार व्यक्त किए हों, मगर ये सच है कि इन चिंतकों ने मनुष्य और डिजिटल तकनीकों के निकट भविष्य के लिए अपनी चिंताओं को भी व्यक्त किया है। उनकी ज़्यादातर चिंताएँ प्रौद्योगिकी कंपनियों की बढ़ती शक्ति पर केंद्रित हैं जो लोगों के जीवन में सूचना प्रवाह को नियंत्रित करती हैं और व्यक्तियों की गोपनीयता और स्वायत्तता से समझौता करने की उनकी क्षमता पर केंद्रित हैं।

इसकी बहुत कम संभावना है कि बाज़ार पूंजीवाद और मुनाफ़ा कमाने को प्राथमिकता बनाने की प्रतिस्पर्धी अनिवार्यता को बदलने में सफल होगा। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के जरिए झूठ का प्रसार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुँचाएगा। कुछ संभावित उपाय नागरिक स्वतंत्रता में बाधा डाल सकते हैं। ऑनलाइन झूठ, गलत सूचना और गलत सूचना का बेकाबू प्रवाह विभाजनकारी, खतरनाक और विनाशकारी है। स्वास्थ्य निगरानी, कार्य-निगरानी और सुरक्षा समाधान जो लागू किए जा सकते हैं, वे बड़े पैमाने पर निगरानी का विस्तार करेंगे और मानवाधिकारों को खतरे में डालेंगे। टेलीवर्क के कारण अधिक व्यावसायिक प्रणालियों और प्रक्रियाओं के तेज़ स्वचालन से मनुष्यों के लिए उपलब्ध नौकरियों की संख्या कम हो रही है। इसके अतिरिक्त इतने ज़्यादा अलगाव के समय में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

मुझे लगता है कि बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी परिणामों के संगम से प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुक़सान और दुरुपयोग की संभावना अधिक है, विशेष रूप से तब जब उत्पाद, जोखिम मूल्यांकन आदि पर कम कठोरता के साथ बाज़ार में आते हैं। तकनीक हमारे जीवन में और भी व्यापक हो जाएगी, हर पहलू में। यह काम, ज्यादा विकल्प और बेहतर सेवा को सक्षम करेगा, लेकिन इसकी बहुत अधिक क़ीमत चुकानी पड़ेगी। निगरानी में वृद्धि, गोपनीयता की हानि, अधिक जोखिम-व्यक्तियों और राजनीतिक प्रणालियों दोनों के लिए घातक होगा। बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी के परिणामों का गठजोड़ प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुकसान और दुरुपयोग की ओर ले जाने की अधिक आशंका है। बहुत कम या बिना किसी पारदर्शिता, जवाबदेही या निगरानी के साथ काम करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों की विशाल और काफी हद तक अनियमित शक्ति चिंताजनक है। साल 2025 आर्थिक, स्वास्थ्य और कल्याण कारकों के आधार पर औसत व्यक्ति के लिए बदतर होगा जिसके परिणामस्वरूप बढ़े हुए कर्ज, कम बचत, कम वेतन वृद्धि जैसे प्रभाव होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2025 कहीं ज़्यादा तकनीक-चालित होगा और ज़्यादा बड़ी चुनौतियाँ पेश करेगा। लोगों के पास काफ़ी कम दोस्त होंगे, क्योंकि नियमित रूप से व्यक्तिगत संपर्क की कमी के कारण रिश्ते कम होते जा रहे हैं। युगल और एकल परिवार पर कुछ हद तक नव-परंपरावादी गहन ध्यान केंद्रित होगा जो कि काफ़ी हद तक दमघोंटू होगा। जीवन अधिक तकनीक-संचालित होगा, जिससे और भी बड़ी चुनौतियाँ सामने आएंगी। लोग अच्छे और बुरे के लिए तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल उपकरणों पर अधिक निर्भरता विकसित कर लेंगे। व्यापक सामाजिक परिवर्तन से ज़्यादातर लोगों के लिए जीवन बदतर हो जाएगा क्योंकि अधिक असमानता, बढ़ता सत्तावाद और बड़े पैमाने पर ग़लत सूचनाएँ समाज पर हावी हो रही हैं। सामाजिक और नस्लीय असमानता बढ़ने, सुरक्षा और गोपनीयता के बिगड़ने और ग़लत सूचना के और अधिक फैलने की आशंका है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी* ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# ऋण न देने वाले बैंकों से सरकारी खाते कर दिए जाएं खत्म: डीएम

▸ डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न, लंबित मामले शीघ्र किये जाएं निस्तारित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बैंको के जमा ऋण अनुपात में सुधार के उद्देश्य से बैंकर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक मीटिंग हाल में संपन्न हुई। पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया एवं बैंक ऑफ़ बड़ौदा का सीडी रेसियों जमा ऋण अनुपात खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडी रेशियो में सुधार करने के निर्देश दिए। कहा कि ऋण न देने वाले बैंकों से सरकारी खाते समाप्त कर दिये जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता के साथ ऋण दिया जाए इसमें किसी भी तरह की



शिथिलता न बरती जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में जानबूझकर ऋण न देने वाले बैंकर्स पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे बैंकों से सरकारी खातों को हटाकर अन्य बैंकों में स्थानांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकर्स अपनी कार्यशैली को सकारात्मक करके सरकार की मंशानुरूप कार्य करें। जिलाधिकारी ने स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर बैंकर्स को समयबध्द ढंग से निर्णय लेकर नियमानुसार पेंडेंसी को निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला उपायुक्त मनरेगा, जीएमडीआईसी रवि वर्मा एलडीएम व बैंकर्स मौजूद रहे।

### हर रोज बेरोजगार ऋण लेने के लिये बैंकों के लगाते है चक्कर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** बैंको से ऋण लेने के लिये हर बैंक से युवा बेरोजगार व उद्योग विभाग से संचालित योजनाओं के लाभार्थी दिन भर चक्कर लगाते लगाते थक जाते है, मगर बैक लोन देने से साफ इंकार कर देता है। एनआरएचएम से जो लाभार्थी ऋण लेना चाहते है ताकि व अपना छोटा मोटा रोजगार कर सके मगर बैंक ऋण नहीं देता है। यही नही आरसेटी से ज्यादातर युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर ऋण लेने के लिये बैंको के चक्कर लगाते रहते है मगर अंत में उनको निराशा हाथ लगती है। यही नही बैंकों जो गरीब रोजगार कर ऋण चुकाने की क्षमता रखता है उसे बैंक कतई लोन नही देती है जो ऋण देकर बैंक को दूर दूर तक छुआई नही देते है बैंक उन्ही लोगो को ऋण मुहैया कराती है। हालाकि इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की गयी है मगर बैंक अपनी मनमर्जी के अनुसार काम करते हजिसमे सबसे ज्यादा समस्या स्टेट बैंक पंजाव एंड सिंध बैंक इंडियन बैंक में आती है।

## दबंगों ने मारपीट कर घर में किया पथराव, पुलिस जांच में जुटी

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में दबंगो ने घर में पथराव करते हुए दंपति के साथ जमकर मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पठानपुरा मोहल्ला निवासी साधना पत्नी विजय ने बताया कि चार युवकों ने उसके घर पर पथराव करते हुए उसके घर के दरवाजे पर लगे फाटक को क्षतिग्रस्त कर उसके घर के अंदर घुसकर आए। उसके पति के साथ जमकर गाली गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट कर दी। बताया कि मारपीट करने के बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आरोप लगाया कि लोग बीते करीब चार माह से उसके पुत्र उज्जवल को जबरन रास्ते में रोक कर उसे प्रताड़ित कर जान माल की आपराधिक धमकी देते रहते हैं। उसके पुत्र ने बीते करीब तीन माह पूर्व डायल 112 पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। लेकिन उक्त लोगों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि कोतवाली में उसने तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# मौ. सलीम जाफरी वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले आयोजित हुआ कंबल वितरण कार्यक्रम




**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में मौलाना सलीम जाफरी वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले गुरुवार को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री तथा रेलवे बोर्ड के सदस्य ने पहुंचकर निराश्रित लोगों को कंबल एवं स्वेटर वितरित किया हालांकि मंत्री इस कार्यक्रम में भी राजनीति करने से नहीं चूके तथा मौजूद निराश्रित लोगों के सामने ही विपक्ष पर निशाना साधना शुरू कर दिया और मौजूदा सरकार की उपलब्धियां तथा प्रदेश एवं केंद्र में विपक्ष की कमियां गिनाना नहीं भूले। इस दौरान कंबल पानी की चाहत में हजारों की तादाद में महिलाएं एवं पुरुष

▸ मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने गरीब निराश्रित लोगों को वितरित किए कंबल

एकत्र हुए। कस्बे के मकतब रहमानिया परिसर में गुरुवार को मौलाना सलीम जाफरी वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले कंबल एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे अतिथि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा विशिष्ट अतिथि रेलवे बोर्ड के सदस्य कमरुद्दीन जुगनू ने कस्बे के जरूरतमंद लोगों को कंबल व स्वेटर वितरित किए। हालांकि कार्यक्रम में अधिक भीड़ होने के चलते थोड़ी देर अफरा तफरी का माहौल हो गया लेकिन कमेटी ने बड़े ही सूझबूझ के साथ भीड़ को काबू में कर शालीनता के साथ मौजूद लोगों को कंबल वितरित कराया। कार्यक्रम के आयोजक निजामुद्दीन पावर ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह गरीबों निराश्रितों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन मौलाना खान ने किया और तकरीर करते हुए कुरान और हदीस की रोशनी में गरीबों को मदद पहुंचाने का मर्तबा भी बताया। इस दौरान कार्यक्रम में अब्दुल रहमान, अनीस अहमद, अशरफ क़माल, डॉ रज़िया सुल्तान, कुतुबद्दीन जुम्मू, सभासद आसिफ कुरैशी, शरीफ़ चौधरी सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते पीटा, फायरिंग का भी आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

घर जा रहे युवक को गांव के लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते बुरी तरह से पीट दिया जबकि पीड़ित ने फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है जबकि कोतवाली प्रभारी ने मामले की जांच की बात कही है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी किनायत अली पुत्र अनजान अली ने क्षेत्राधिकारी को बताया कि गुरुवार की सुबह जब वह घर जा रहा है तभी मांचा में मजार के निकट गांव के ही अजीम पुत्र इनायत अली कुददूस अली पुत्र बदर अली मजहर अली पुत्र कुददूस अली अपने



हाथों में नाजायज तमंचा और लाईसेंसी बंदूक लेकर आ गए और पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे इतना ही नहीं पीड़ित ने बताया कि उक्त लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की थी लेकिन पीड़ित किसी तरह से बच गया अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी।जबकि लोगों की मारपीट से पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच की जा रही है जबकि फायरिंग की बात बेबुनियाद है।

### चोरो ने सामान चोरी किया, पुलिस में शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** चोरों ने आटा चक्की स्पेलर में घुसकर आटा सरसों का तेल व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी बृजगोपाल गुप्ता ने पुलिस को बताया कि दादा गार्डन के पास उसकी आटा चक्की स्पेलर व गल्ला की दुकान है। बुधवार की रात वह दुकान बंद करके घर चला गया। गुरुवार की सुबह जब वह दुकान पर गया तो शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो दो कुंतल आटाए डेढ़ कुंतल सरसों का तेल व अन्य सामान चोरी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने छापा मारकर छह जुआड़ियों को भेजा जेल

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के एक विवाह घर में चल रहे जुएं के फड़ पर पुलिस ने छापा मार कर छह जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार की शाम चरखारी रोड स्थित एक विवाह घर में जुआ का फड़ चल रहा था। जुआ खेल रहे अरविंद रामकिशोर निवासी फरसौलियाना राठ अरविंद निवासी टोला रावत सुनील निवासी टिकरिया हरी निवासी सिकन्दरपुरा दिनेश निवासी चरखारी रोड को गिरफ्तार किया है। बताया कि गिरफ्तार किए गए जुआरियों के पास से 1.21 लाख रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने सभी जुआरियों को जेल भेज दिया है।

### बागेश्वरधाम से दर्शन कर लौट रहे शद्धालुओं से भरी कार खड़े ट्रक से टकरायी, एक की मौत, पांच घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** बागेश्वरधाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओ से भरी कार गुरुवार को सुमेरपुर क्षेत्र के कुंडौरा गांव के पास खडे ट्रक से टकरा गयी जिसमे एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि अन्य पांच लोग घायल हो गए जिन्हें




उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को ग्राम कुंडौरा के पास एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गया तो चार पहिया वाहन में सवार महेश सिंह (33) पुत्र सरदार सिंह निवासी राजपुर थाना परसापुर जनपद गोंडा,लल्लू सिंह जयहिंद यादव पुत्र प्रकाश चंद्र कानपुर हनुमान सिंह निवासी गोंडा नन्हे सिंह यादव निवासी वरदही जनपद गोंडा और शुभम शर्मा(43) निवासी लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना सुमेरपुर पुलिस और पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तुरंत एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय हमीरपुर भेजा गया जहां डॉक्टरों ने शुभम शर्मा लखनऊ को मृत घोषित कर दिया। थाना सुमेरपुर पुलिस ने शुभम शर्मा के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज है।घटना के बाद यातायात व्यवस्था को सुचारू कर दिया गया है और अन्य वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है।

### विक्की-बाइक की आपसी भिड़ंत में वृद्ध गम्भीर

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** नौरगा क्षेत्र विक्की और मोटरसाइकिल की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें विक्की सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने एम्बुलेंस व परिजनों को दी सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को एम्बुलेंस की सहायता से घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्लू पहलवान पुत्र पचमपाल 60 वर्षीय इटार्रा निवासी घर से अपनी विक्की में सवार होकर नौरंगा बाजार करने के लिए निकला था तभी परास मोड़ के धर्मकाटां के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे विक्की सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके सिर और पैर में गम्भीर चोट आ गई। घटना की सूचना राहगीरों ने एम्बुलेंस की सूचना राहगीरों ने और परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लाएं जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया परन्तु परिजन निजी वाहन से प्राइवेट अस्पताल कानपुर ले गए जहां इलाज जारी है।

# शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कलाकारों के लिये मंच देने का सुनहरा मौका दिया शासन ने

▸ दो से पांच जनवरी तक कलाकारों की होंगी प्रतियोगिताएं

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के ऐसे कलाकारों कोएजो शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय संगीत लोक संगीत तथा लोकनाट्य इत्यादि की विभिन्न विधाओं में पारंगत हो ऐसे कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यता अनुसार मंच प्रदान करने के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा। कलाकारों को प्रोत्साहित एवं समृद्ध करने के लिए संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव-2024-25 की शुरुआत की जा रही है, जिसमें दो जनवरी से पांच जनवरी 2025 तक गांव पंचायत ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता तहसील मुख्यालय पर की जाएगी। तहसील मुख्यालय पर विजयी कलाकारों की प्रतियोगिता जनपद मुख्यालय पर 7 से 8 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। उसके बाद जनपद से चयनित कलाकारों को क्रमशः मंडल एवं प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं की कलाकार जैसे कथक भरतनाट्यम ओडीसी इत्यादि के साथ-साथ ठुमरी, दादरा, चौती चौता, लोक नृत्य में कजरी, राई धीमरयाई एकछियाई इत्यादि इसके अलावा जनजातीय नृत्य लोक गायन आल्हा गायन सोहर, लोकगीत सुगम संगीत लोक नाटक इत्यादि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वादन में स्वर वाद्य सुषिर वाद्य बांसुरी हारमोनियम तंतु वाद्य सितार, वायलिन, गिटार, सारंगी, वीणा वादन आदि ताल वाद्य तबला पखावज दक्षिणी भारतीय मृदंगए घटक आदि की तथा जनजाति वाद्ययंत्र डफला, नगाड़ा, दुक्कड़, मादल शहनाई, ढोल, ताशा, ढोलक नाल, चिमटा, हुड़का, सिंघा आदि की प्रतियोगिता आयोजित की जानी है। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए कलाकारों को उ.प्र. संस्कृति विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना पड़ेगा। प्रतियोगिताओं में चयनित कलाकारों को विभिन्न अवसरों पर जनपद में होने वाले कार्यक्रमों में मंच प्रदान करने का भी मौका दिया जाएगा।

# शोभिटाल कप के पहले सेमीफाइनल में ब्लू स्टार ने घाटमपुर को आठ विकेट से हराया

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के जनता महाविद्यालय के मैदान में आयोजित शोभिटाल कप क्रिकेट मैच के पहले फाइनल में ब्लू स्टार ने घाटमपुर को 8 विकेट से हरा कर फाइनल मे जगह बना लिया, घाटमपुर ने टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। घाटमपुर की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए 163 रन बनाए जिसमे करन पाल 54,जीतू तिवारी 48 रन रितिक सोनकर 17 और माही कटियार ने 17 रन बनाए।

ब्लू स्टार की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिनीर तीन विकेट ऋषभ,सचिन और नक्षत्र में एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू स्टार अपने दो विकेट खोकर 16 ओवर में 167 रन बनाएं जिसमें सत्यम ने 79 रन



दिग्विजय ने नाबाद 62 रन और शौर्य ने 12 रन बनाए। घाटमपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अर्जुन और दिव्यांशु त्रिपाठी ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच शैल सोनी, संदीप सचान और आदर्श तिवारी द्वारा सत्यम को दिया गया। मैच के दौरान जय हिंद इंटर कॉलेज के छात्रा अपूर्वा तिवारी और मनीष कुमार ने क्विज प्रतियोगिता जीती जिन्हे कमेटी की तरफ से पुरस्कार दिया जायेगा।

## मिशन शक्ति अभियानः फेज-5.0

# महिला सशक्तीकरण को पुलिस ने बालिकाओं-महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान 'मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान' चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर



पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल/कालेज/बीट/गांव आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरुकता कार्यशाला एवं चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा मिशन शक्ति फेज-05 के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उप्र शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र कमेटी के सदस्यों ने परिवार को बिखरने से बचाया

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें द्वारा पति-पत्नी के 5 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं की काउंसिलिंग/



परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का एक जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। परिवार परामर्श के दौरान रेखा देवी, म.कां. नेहा सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर क्रमशः नीतू पालीवाल, नेहा चंसौरिया, रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, श्री मो. हनीफ आदि सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं का स्वास्थ्य परिक्षण पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज चरखारी में किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी के अधीक्षक डॉ. पीके सिंह राजपूत के निर्देशन में आयोजित शिविर में बालिकाओं व अध्यापिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बताते चले विद्यालय में उपस्थित लगभग 1200 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं सभी बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धित विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज की प्रधानाचार्या




सरोज गोस्वामी की देखरेख मे अध्यापिकाओं का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ परीक्षण में उपस्थित रहीं अध्यापिका सुषमा (प्रवक्ता), प्रियंका (प्रवक्ता), निशा आजाद (प्रवक्ता), किरन (स.अ.), कमलेश कुमारी (स.अ.), अर्चना सोनी (स.अ.) आदि। आरबीएस के टीम प्रभारी डॉ. पंकज सक्सेना ने बताया कि उनकी टीम ने विद्यालयों की छात्राओं का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया तथा दृष्टि दोष वाले बच्चों को चश्मों का वितरण किया गया है। श्री सक्सैना ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण योजना के तहत निर्धारित 100 दिवसीय टीबी कैम्पेनिंग के बारे में जानकारी में बताया पाँच वर्ष पुराने टीबी से ग्रस्त मरीजों को बलगम की जांच करवाना चाहिए और सरकारी पोषण योजना के अंतर्गत सभी मरीजों (टीबी) को 1000 प्रति माह इलाज के दौरान दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डॉ. चेतना गुप्ता, डॉ. नायाब अख्तर, डॉ. विकास सचान, डॉ. महेश सेन, डॉ. नीता सोनी, शिवशंकर अवस्थी, एसटीएस, सलिल खरे एसटीएस, आफताब अहमद टीबी एचवी सहित छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# डीएम ने निर्माणाधीन पानी की टंकी का किया निरीक्षण

▸ जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने गुरुवार को विकास खण्ड मसौली के ग्राम मुबारकपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधि. अभियंता जलनिगम, कार्यदायी संस्था प्रभारी, उपस्थित प्रधान एवं ग्राम वासियों से संवाद स्थपित कर घरों में जलापूर्ति की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा आज गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक , प्रधानाचार्य, ग्राम प्रधान की उपस्थिति में हाईस्कूल रसूलपुर, हाउस का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरुक किया और शिक्षा के माध्यम से जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से कई सवाल भी किए, सही जवाब देने पर बच्चों की प्रशंसा भी की। जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में पठन पाठन के कार्य की गुणवत्ता के साथ मूल भूत सुविधाओं हेतु उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## जिलाधिकारी ने मोहिउद्दीनपुर में संचालित वृहद गौ आश्रय का भी किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने गुरुवार को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी, खंड विकास अधिकारी बंकी एवं संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम प्रधान की उपस्थिति में विकास खंड बंकी एवं तहसील नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहिउद्दीनपुर में संचालित वृहद गौ आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पशुओं के चारे पानी आदि की उपलब्धता सहित अन्य जरूरी सुविधाओं के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# ग्रामीण खेल प्रतियोगिता सम्पन्न, नगर पंचायत चेयरमैन ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

खंड स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग गुरुवार को बीजापुर स्थित खेल मैदान पर संपन्न हो गई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पंचायत हैदरगढ़ के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने किया, वही समापन ग्राम पंचायत बीजापुर के प्रधान गौतम पाठक एवं जिला व्यायाम प्रशिक्षक अनिल सिंह द्वारा किया गया।



बीजापुर खेल मैदान पर सुबह 9 बजे से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर स्तर पर 100, 400, 800 एवं 1000 मी की दौड़ प्रतियोगिताओं के अलावा कबड्डी वालीबाल एवं गोला फेंक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। व्यक्तिगत स्पर्धाओ में प्रथम से तृतीय स्थान पर आने वाले एवं टीम स्पर्धाओं में विजेता एवं उपविजेता टीम के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राजेंद्र किशोर पांडेय, भावना मिश्रा एवं शिक्षक प्रेम राज, वीरेंद्र कुमार सिंह, रवि तिवारी व सत्यदेव सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ ।

इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विशाल वर्मा, प्रांतीय रक्षक दल के जवान एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# सार्ट सर्किट से मारुति वैन में लगी आग, हड़कंप

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



घर पर खडी मारुति वैन में सार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगते ही हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। गुरुवार को खुर्दमऊ गांव के अंदर खड़ी मारुति वैन में अचानक आग लग गई। आग लगते ही गांव में अफरातफरी मच गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने फायर स्टेशन पर आग लगने की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मारुति वैन जलकर पूरी तरह से खाक हो गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई और अफरातफरी का मौहल बन गया। वैन में एलपीजी टैंक लगा था। खुर्दमऊ निवासी नियाज पुत्र मेराज की मारुति वैन में कुछ खराबी आ गयी थी और स्टार्ट नही हो रही थी। बार बार स्टार्ट करने पर अचानक से वैन में शॉर्ट सर्किट हुई और आग लग गई । देखते ही देखते आग भयानक रूप रख लिया। सूचना पर बदोसराय पुलिस व फायर विग्रेड की टीम मौके पर पहुची । जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गनीमत रहा कि बड़ा हादसा होने से बच गया। इस सम्बंध में कोतवाली बदोसराय प्रभारी सन्तोष कुमार ने बताया कि खुर्दमऊ गांव में एक वैन में आग लगी थी आग को फायर टीम ने बुझा दिया गया है। स्तिथि सामान्य है।

## नौचंदी के मौके पर भव्य लंगर का आयोजन

**जैदपुर बाराबंकी।** नौचंदी के मौके पर कस्बे के छोटी बाजार मे हजरत वली शहीद र.अ. मजार के पास भव्य लंगर का आयोजन किया गया।जिसमें भारी संख्या में हिंदी मुस्लिम लोगो ने हिस्सा लिया।बताते चले कि गुरुवार को नौचंदी के मौके पर जहां एक तरफ तमाम आसतानों पर भारी भीड़ देखने को मिली वहीं कस्बे के छोटी बाजार में हजरत वली शहीद र.अ. की मजार पर नियाज़ देने के अकीदतमंदों की भीड़ लगी रही और भव्य लंगर का आयोजन भी किया गया।जिसमे पूडी सब्जी शाकाहारी व मुस्लिम लोगो के लिये दर्जनो भगौने बनाकर लंगर चलता रहा।वही मिठाईयों सहित विभिन्न प्रकार की दुकाने सजने से मेले जैसा माहौल बना रहा।

## आवासीय पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने की एसडीएम से लगाई गुहार

**जैदपुर बाराबंकी।** याकूतगंज गांव निवासी व्यक्ति ने आवासीय पट्टा की भूमि पर जबरन कब्जा करने के संबंध में एसडीएम से शिकायत की है।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत याकूबगंज गांव निवासी कुसुमेश चंद्र पुत्र स्व रामकुवर ने नवाबगंज उप जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए जानकारी दिया है कि उनके माता शांति देवी के नाम पर आवास हेतु पट्टा 1997 मे आवंटित हुआ था।जिसके बाद उक्त काबिज भूमि पर आवास का निर्माण नही कर सके।उन्होंने ग्राम प्रधान व हल्का लेखपाल की मिलीभगत कर विपक्षी गणो पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके उक्त आवासीय भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।वही उन्होने उक्त प्रकरण में जांच के उपरांत उचित कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

# एनवाईके ने आयोजित किया खेलकूद प्रतियोगिता



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नेहरू युवा केंद्र बाराबंकी द्वारा ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण मिनी स्टेडियम बेसुवा टेराकला विकासखंड देवा में आयोजित किया गया।

जिसमें बालकों में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान शिवा सिंह चौहान द्वितीय अंकित कुमार तृतीय विशाल सिंह एवं बालिका साइकिल स्लो रेस 500 मी में दिव्या सिंह प्रथम निशा सिंह द्वितीय अंशु सिंह तृतीय, कुश्ती बालक वर्ग में सुभाष चंद्र प्रथम शिव सिंह चौहान द्वितीय तथा बैडमिंटन बालिका वर्ग में दिव्या सिंह प्रथम खुशबू सिंह द्वितीय व कबड्डी बालिका वर्ग में विनोबा ग्राम टीम विजेता जगदीशपुर उपविजेता व वॉलीबॉल बालक वर्ग वॉलीबॉल विजेता जगदीशपुर विजेता विनोबा ग्राम उपविजेता स्थान पर रही विजेता खिलाड़ियों को ग्राम प्रधान टेरा काला श्रीमती फूल कली, बीएचपी जिला सह मंत्री वीरेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार मेडल देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य निर्णायक तुलसीराम चौहान निर्णायक पूर्व एन वाई वी कार्यक्रम संयोजक सुरजीत चौहान शिवा गौतम पूर्व एन वाई वी निर्णायक मुख्य रूप से उपस्थित अश्विनी कुमार शर्मा एपीए व तमाम खिलाड़ी व दर्शक उपस्थित रहे।

## नया बिजली घर बनाने की उठाई गई मांग

**जालौन,उरई।** नगर में ध्वस्त बिजली व्यवस्था के चलते एक और बिजलीघर बनवाने की आवश्यकता है। नया बिजलीघर बनवाने के लिए जगह उपलब्ध कराने के लिए नगर के लोगों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। नगर के अशफ़ाक राईन, बृजमोहन कुशवाहा, जाकिर सिद्दीकी, चंद्रकिशोर द्विवेदी, लोकेंद्र सिंह, रीना देवी, नफ़ीस खान, राज मंसूरी आदि ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विनय मौर्य को सौंपकर बताया कि नगर में इन दिनों बिजली व्यवस्था ध्वस्त है।

## व्यापारियों के साथ एसडीएम ने लोगों को बांटे कम्बल

**कालपी,जालौन।** गुरुवार को व्यापारियों की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कालपी में निराश्रित एवं गरीब लोगों को कंबलों का वितरण किया। शीतलहर के मौसम में कंबल पाकर जरूरतमंदों को चेहरे खुशी से खिल उठे। कालपी नगर के फुल पावर अंडरपास में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में विचार प्रकट करते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान व्यापार मंडल के सदस्यों द्वारा गरीब, निर्बल एवं असहाय व्यक्तियों के लिए कम्वल वितरण किया गया है वह सराहनीय कदम है।

# खबरें एक नजर में

## भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा है। जानकारी के अनुसार जैदपुर नगर पंचायत मे भीम आर्मी जिला संगठन मंत्री मनीराम गौतम के नेतृत्व मे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर नाराजगी जताते हुए गुरुवार को दर्जनो की संख्या में बड़ी बाजार से होकर थाना चौराहा पहुंचे। जहां पर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह को सौंपा गया। इस दौरान भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री मनीराम गौतम ने बताया की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब का घोर अपमान किया गया है।जिसको लेकर उन्होने गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा देने की मांग उठाई।

## सात माह पूर्व खोया मोबाइल पुलिस ने लौटाया

**जालौन,उरई।** सात माह पूर्व खोए मोबाइल को स्थानीय पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से ट्रैक कर मोंबाइल बरामद कर संबंधित व्यक्ति को सौंप दिया। नगर के मोहल्ला तोपखाना निवासी नफीस खान ने पुलिस को बताया था कि लगभग सात माह पूर्व वह उरई से वापस जालौन आ रहा था। रास्ते में कहीं उसका मोबाइल गिर गया। काफी तलाश करने के बाद भी मोबाइल का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित की सूचना व कोतवाल वीरेंद्र पटेल के निर्देशन में कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद सचान ने सर्विलांस की मदद से मोबाइल को ट्रैक कर लिया। पुलिस ने पीड़ित को कोतवाली बुलाकर खोया हुआ मोबाइल पीड़ित को लौटा दिया। जिसे पाकर उसका चेहरा खिल उठा।

## बच्चों ने नव वर्ष पर की जमकर मस्ती

**जालौन,उरई।** शिल्पी कोचिंग सेंटर खनुवा में बच्चों ने धूमधाम से नववर्ष मनाया। इस दौरान बच्चों ने जमकर मस्ती की और ठुमके लगाए। खनुआं में शिल्पी कोचिंग सेंटर में वर्ष 2024 की विदाई और 2025 का स्वागत बच्चों ने केक काटकर किया। इस दौरान शिक्षिका निहारिका उदैनिया ने बच्चों के साथ केक काटी। केक काटने के बाद बच्चों ने जमकर मस्ती की। देशभक्ति गीतों के अलावा फिल्मी गानों पर बच्चों ने जमकर ठुमके लगाए। अंत में सभी बच्चों ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। इस मौके पर चाहत, अंशी, देवाशी, जुनेरा, वनिका उदैनिया, चीकू, अक्षत, अनमोल, निशांत, अंशु मौजूद रहे।

## जालौन-उरई मार्ग पर की इलेक्ट्रिक बसें चलाने की मांग

**जालौन,उरई।** जनपद में अभी तक इलेक्ट्रॉनिक बसों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। नगर के लोगों ने उरई-जालौन मार्ग पर कम किराए में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा इलेक्ट्रिक बसों का भी संचालन किया जा रहा है। जो न सिर्फ पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगाने में कारगर हैं बल्कि इनका किराया भी कम हैं। इस प्रकार की बसें पुखरायां से कानपुर तक चलाई जा रही हैं। इसके अलावा अधिकांश शहरों में भी इन बसों का संचालन हो रहा है। समाज सेवी सुनील त्रिपाठी, वैभव दीक्षित, भूरे वारसी, आशुतोष, अकरम सिद्दीकी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि जालौन से उरई तक प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों का आना जाना होता है। कुछ लोग स्वयं के वाहन से जाते हैं तो कुछ सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते हैं। प्राइवेट बसों में जहां किराया अधिक है साथ ही स्वयं के वाहन से जाने में प्रदूषण भी होता है। यदि उरई जालौन मार्ग पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाए तो लोगों के किराए में बचत होगी और साथ ही प्रदूषण भी कम होगा। स्वयं के वाहनों से जाने वाले लोग भी इन बसों से यात्रा कर सकेंगे। नगरवासियों ने शीघ्र ही इन बसों का संचालन कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

# क्षय रोगियों को निश्चय पोषण पोटली वितरित



**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

▸ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाटा-बरौली कुलदीप मौर्या ने बचाव व जागरूक के लिए किया प्रेरित

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मुलन कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम पंचायत-कुरौली में टीबी (क्षय रोग) से ग्रसित मरीजों को निश्चय पोषण पोटली का वितरण खण्ड विकास अधिकारी संस्कृता मिश्रा की अध्यक्षता किया गया।

जिसमें ग्राम पंचायत-कुरौली के कुल 04 टीबी (क्षय रोग) से ग्रसित मरीजों को निश्चय पोषण पोटली (एक किजी गुड़, एक किजी सत्तू, एक किग्राचना, एक किग्रा मुंगफली, एक गजक बच्चों के लिए एक किग्रा हार्लेक्त / बानबीटा) का वितरण कर क्षय रोग से मुक्त किये जाने एंव उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप में खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत अभय शुक्ला, प्रभारी चिक्तिसा अधिक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाटा-बरौली कुलदीप मौर्या ने बचाव एवं जागरूक के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में सचिव ग्राम पंचायत कुरौली दिनेश कुमार कुशवाहा, विकास खण्ड-बंकी के अजीत प्रताप सिंह, हिमांशु वर्मा, सुधीर मिश्रा, सर्वेश सिंह, अरूण द्विवेदी, सचिव ग्राम पंचायत एंव स्वास्थ्य विभाग से दीवान चन्द्र वर्मा, विमलेश यादव, नीलम वर्मा, एवं क्षेत्र की सभी आशा एंव ऑगनवाड़ी उपस्थित मौजूद थी।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ हवन-पूजन आयोजित



**इटावा,समृद्धि न्यूज।**

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, इटावा में नववर्ष के अवसर पर एक विशेष हवन और पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव (सीबीएसई डीटीसी) ने की। इसमें समस्त शिक्षकों, स्टाफ और विद्यार्थियों ने पूरे श्रद्धा भाव से भाग लिया। हवन के दौरान ईश्वर से प्रार्थना की गई कि यह नववर्ष सभी के लिए शुभ और मंगलकारी हो तथा समाज में सुख, समृद्धि और खुशहाली का वातावरण बने। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। पूजन अर्चन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सभी में खुशी और उमंग का माहौल छा गया। इस आयोजन ने विद्यालय परिवार को एकजुटता और सामूहिकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन शांति और सद्भावना के संकल्प के साथ हुआ।

**NOTICE**

मेरे पासपोर्ट No-VO436295 में पति का नाम त्रुटिवश MOHD SALEEM अंकित हो गया है जबकि मेरे पति का सही नाम MOHD SALIM है अतः इसी नाम से पढ़ा व जाना पहचाना जाए।
ROSHAN QAMAR JAHAN
W/O MOHD SALIM
BADIHAAT NEAR JAIPUR
TENT HOUSE BAHRAICH

**नीलामी सूचना**

समस्त लाइसेंस धारक लकड़ी व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10/01/2025 को संविलियन विद्यालय अमृतपुर में 5 पेंड़ों की नीलामी खुली बैठक में की जानी है। लकड़ी व्यापारी बैठक में भाग लें।
**संविलियन विद्यालय अमृतपुर, जनपद फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Smt Ruchi दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Priyanka Singh है। Priyanka Singh W/o of Army NO-3007992M, रैंक-सिपाही, भूपेन्द्र सिंह भदौरिया, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट-चौम्हो, तहसील-अटेर, जिला-भिन्ड, राज्य-मध्य प्रदेश-477111, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160228, 02 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

# विवाह के 21 दिन बाद ही विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना के साथ पति पर लगाये आरोप

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

▸ एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर की जा रही मामले की जांच

तहसील क्षेत्र अंतर्गत विवाह के 21 दिन बाद विवाहिता ने पति पर दूसरी महिला के साथ फरार होने और दहेज के लिए उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है।

थानाक्षेत्र के दौलतपुर निवासिनी सुमन ने अपने पति अमन समेत ससुराल पक्ष के लोगो पर दहेज के लिए मारने पीटने का आरोप लगाते हुए बताया है की पति अमन दूसरी महिला को लेकर कहीं फरार गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहम्मदपुर खाला थानाक्षेत्र के ग्राम कुतलूपुर निवासनी सुमन का विवाह 9 दिसम्बर को फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी अमन के साथ हुआ था। विवाहिता के पिता ने अपने सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज आदि देकर अपनी पुत्री का कन्यादान किया था लेकिन पिता का आरोप है कि विवाह के तुरन्त बाद ही दहेज कम मिलने की बात कह ससुराली पक्षीयों द्वारा सुमन की विदाई करने से मना कर दिया गया था पीडिता का कहना है कि विवाह के बाद 5 दिन तक वो अपनी ससुराल में रही।

इसी दौरान पति अमन सोने की चेन की मांग करते हुए विवाहिता को रोज प्रताडित करता रहा फिर वह उसके मायके में उसको छोडकर चला आया इसके पश्चात् विवाहिता के पति किसी दूसरी महिला को लेकर कहीं चले गये जिसकी शिकायत विवाहिता ने पुलिस से की है लेकिन संतोष जनक कार्यवाही नहीं होने पर विवाहिता महिला ने एस पी के यहां गुहार लगायी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस सम्बन्ध में कोतवाल डी के सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत परापांतर वि.ख. पनवाड़ी, महोबा**

**निविदा सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन योजना 2024-25 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 03.01.2025 से 09.01.2025 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबन्द निविदायें खोली जाएंगी।

**निविदा शुल्क 100 रू.**

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परापांतर | आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण (टिगुरा) | 413570 | 2% | ईंटा,सीमेन्ट, सरिया, पाईप, चद्दर, एमएस जाली,बालू, आदि | 10X6 मीटर | 6 माह |

**नियम व शर्ते**-1. ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिए।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रू. के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3. निविदादाताओं धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा।
4. निविदा स्वीकृत या अवस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के निहित में होगा शासकीय टैक्स नियम अनुसार काटा जायेगा।

**सचिव** **ग्राम प्रधान**

**कार्यालय ग्रा0पं0 हुसैनपुर बांगर विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वितीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 02/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर बांगर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 03/01/2025 से 09/01/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 091/01/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | पंचायत घर में इंटरलाकिंग कार्य | 422000 | 6830 | 500 | 1 माह |
| 2- | अमित के घर से जगवीर के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 215000 | 3377 | 500 | 1 माह |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (दिलीप कुमार)** **ग्रा0पं0 हुसैनपुर बांगर, नवाबगंज** **सचिव ( प्रमोद शुक्ला)**

**सूचना**

मेरा इंटरमीडिट वर्ष 2018 का अनुक्रमांक नम्बर 0142528 है, जिसकी मार्कशीट कहीं खो गयी है। दूसरी मार्कशीट की अत्यंत आवश्यकता है।
**अमन यादव पुत्र कुरेन्द्र पाल सिंह नि0 ग्राम रतनपुर थाना जहानगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

# वयोवृद्ध संत को जान का खतरा, भेजा शिकायती पत्र

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



▸ जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी किया गया निर्गत

रामनगरी के अति प्राचीन सुरसर मंदिर विवाद मामले में फिर एक नया मोड़ आ गया है। मंदिर मामलों की देखरेख के लिए अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय की ओर से पूर्व में नियुक्त किए संत विरागानंद द्वारा अब उन्हीं लोगों के पर गंभीर आरोप लगाते हुए अपनी जान को खतरा बताया गया है जिन्हें वे अपने साथ रखते थे।

उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अयोध्या से लेकर प्रधानमंत्री तक को शिकायती पत्र भेज कर मुकदमा दर्ज करने और अपनी जान माल सुरक्षा किए जाने की गुहार लगाई गई है। शिकायती पत्र मे बताया गया है कि वे डॉ निर्मल पाणिग्रही के उत्तराधिकारी हैं और उनके पक्ष में जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया है।

कुछ वर्षों पूर्व अखिल भारत जय गुरु संप्रदाय की ओर से मंदिर तथा उसकी संपत्ति विवाद की देखरेख के लिए उन्हें पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी दी गई थी,अत्यंत वृद्ध,अस्वस्थ और स्मरण शक्ति अल्प हो जाने के कारण जिसका समर्पण कर दिया गया है।

शिकायती पत्र में बताया गया है कि बीती 28 जून को मंदिर में आये दो व्यक्तियों ने अपना नाम प्रकाश जायसवाल और प्रिंस सिंह बताते हुए स्वयं को साकेतवासी डॉ निर्मल पाणिग्रही का शिष्य बताया और किराये पर कमरा लेकर कुछ दिनों तक रुकने की अनुमति मांगने लगे। मंदिर में कुछ कमरे खाली रहते हैं,इस वजह से उन्हें रुकने की अनुमति दे दी गई। बताया गया कि बीती पांच जुलाई को उन दोनों लोगों द्वारा उन्हें मंदिर की समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया और प्रार्थना पत्र देने की बात बताते हुए सादे पन्नों पर हस्ताक्षर करा लिए गए।



## नारायन कॉलेज ने किया नववर्ष का स्वागत

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, इटावा में नववर्ष के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थनासभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने रिबन काटकर नववर्ष 2025 का स्वागत किया। तत्पश्चात शारीरिक शिक्षक श्री यादवेन्द्र पाल सिंह ने छात्र/छात्राओं एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को स्वस्थ्य एवं निरोगी जीवन यापन के लिये महत्वपूर्ण शारीरिक अभ्यास करवाये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र/छात्राओ को स्वस्थ्य एवं निरोगी रहने के लिये शारीरिक अभ्यास को अपनी दिनचर्या में अवश्य सम्मिलित करना चाहिये। उन्होने छात्र/छात्राओं को 2025 के संकल्प में गीता के सार को महत्ता देने के लिये कहा जिसमें फल की चिंता किये बगैर कर्म को करते रहने की बात कही गई है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने समस्त छात्र/छात्राओंऔर विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक/अध्यापिकाओं को नववर्ष 2025 की शुभकामनायें दी।

**कार्यालय ग्रा.पं. कपूरपुर वि.ख. छिबरामऊ, कन्नौज**

पत्रांक मेमो/सचिव ग्राम पंचायत राज्य वित्त/15वां वित्त/टेण्डर प्रकाशन 2025-26 दिनांक-10.01.2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्क्षातरी द्वारा ग्राम पंचायत कपूरपुर विकास खण्ड छिबरामऊ कन्नौज के कार्यों हेतु आयकर एवं बिक्रीकर में पंजीकृत टिप नम्बर सहित सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मों से ईंट, ईंट की रोड़ी सीमेन्ट,बालू,मौरंग, सरिया लोहे के गेट, प्लम्बरिंग, बिजली का सामान, गिट्टी, टाइल्स, इंटरलाकिंग ईंट मिट्टी रोवोर हेतु प्रयुक्त होने वाली सामग्री सफाई किट हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार कुटेशन निविदा पत्र कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 12.01.2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत कपूरपुर में सामग्री आपूर्तिकर्तीयों की उपस्थित में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गणित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा कि किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जाता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण होने की लागत लगभग |
|---|---|---|---|
| 1. | कलीम खां के मकान से पुलिया तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 90 मी.ल. | 490000 |
| 2. | ग्राम पंचायत कपूरपुर में क्रास निर्माण कार्य लागत लगभग | 35 मी.चौ. | 160000 |
| 3. | नवी हसन के मकान से तालग्राम रोड नाला तक नाली निर्माण कार्य लागत लगभग | 130मी. | 140000 |

**ग्राम प्रधान**
**राज मीर खा**

**ग्राम सचिव**
**मनोज कुमार यादव**

# जीरो पावर्टी सर्वे का डीडीओ ने किया सत्यापन

- योजना में प्रत्येक ग्राम पंचायत से 25 परिवारों को किया गया चिह्नित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सभी निर्धन परिवारों को भोजन व वस्त्र की उपलब्धता तथा अच्छी शिक्षा, चिकित्सा व मकान की सुविधा दिलाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान की शुरूआत की गई है। जिसका डीडीओ ने जीरो पावर्टी सर्वे का स्थलीय सत्यापन किया। गुरूवार को विकासखण्ड व ग्राम पंचायत जलालाबाद में जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी ने जीरो पावर्टी सर्वे का स्थलीय सत्यापन किया। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के विजन को सफल बनाने के लिए जीरो पावर्टी अभियान चलाया गया है। जिसमें गांव के ऐसे अति निर्धन परिवारों के पास कमाने खाने की व्यवस्था, मकान, शौचालय, आयुष्मान हेल्थ कार्ड, ईधन आदि की व्यवस्था नही है। ऐसे परिवारों का चयन कर शासन की सभी योजनाओं से जोड़कर आच्छादित किया जा सकेंगा। खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25 परिवारों को चिह्नित किया जाएगा। जिसमें विकासखंड में 35 ग्राम पंचायतें हैं। जिसमें कुल 875 परिवारों को शामिल किया जाएगा।

इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालाबाद में 25 परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है। जिसमें 7 परिवारों का सत्यापन किया गया। जिसमें 6 सत्यापन सही पाए गए। इस दौरान एडीओ पंचायत लक्ष्मी राज यादव, सचिव प्रमोद यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित आदि रहे।



जलालाबाद में स्थलीय सत्यापन करते डीडीओ एनडी द्विवेदी व मौजूद वीडीओ

# संदिग्धों की तलाश में पुलिस ने चलाया अभियान

- जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत चौराहों और जनपदीय बॉर्डरों पर बैरियर लगाकर चलाया गया अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए कन्नौज पुलिस महकमे की ओर से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए एसपी अमित कुमार आंनद के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना पुलिस बल द्वारा अपने- अपने क्षेत्रांतर्गत मुख्य मार्गों, चौराहों व जनपदीय बॉर्डरों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाकर नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। चार पहिया वाहन चालकों को सीट वेल्ट और दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के फायदे बताएं और वाहन चलाते समय सीट वेल्ट और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की बात कही।



वाहन की तलाशी लेती पुलिस

# पं. रंजीत पांडेय को राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने का हुआ स्वागत



**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय शक्ति सेवा गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक के पद पर चयन किया। अंतरराष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ल महाकाल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प का पंडित रंजीत पांडेय को राष्ट्रीय संयोजक बनाए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर पगड़ी व माला पहनाकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर लोगों मिष्ठान भी वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी शिवम दुबे, रामकिशोर दुबे, डॉक्टर शैल कुमार, अनूप दुबे, कृष्णा पांडे, राहुल तिवारी, अजय गुप्ता,शिवा कश्यप,नीलू गिहार, करन गिहार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बार एसो. के निर्विरोध महामंत्री बने विपिन, उपाध्यक्ष बने रामप्रताप

**तिर्वा,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

तहसील की बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए गुरूवार को चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव अधिकारियों की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया हुई। जिसमें महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव व मीडिया प्रभारी पद पर सिर्फ एक-एक नामांकन होने से उनको निर्विरोध चुन लिया गया। अध्यक्ष पद पर तीन नामांकन होने से शुक्रवार को उनका चुनाव होने की संभावना बन गई है।

बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए बरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर यादव, बृज किशोर अवस्थी व देवेन्द्र भदौरिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया। इसमें महामंत्री पद के लिए विपिन कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष के लिए रामप्रताप पाल, बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए प्रशांत सिंह राजावत, कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रदीप कुमार राजपूत, संयुक्त सचिव पद के लिए हिमांशू तोमर व मीडिया प्रभारी पद के लिए सुमित श्रीवास्तव ने अपना नामांकन दाखिल किया। चुनाव अधिकारी सुधीर यादव ने बताया कि इन सभी पदों पर सिर्फ एक-एक नामांकन होने से इनके निर्विरोध चुना गया। इसके अलावा अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए। शुक्रवार को उक्त तीनों उम्मीदवारों को आपसी सुलह समझौते का वक्त दिया गया है। यदि समझौता नहीं होता है, तो शुक्रवार को मतदान कराकर अध्यक्ष चुना जाएगा। सम्भवतया समझौता हो जाने की स्थिति में निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया जाएगा।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई देते अधिवक्ता

### बाइक वापस न करने का लगाया आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी समारोह में गए एक युवक की मोटरसाइकिल एक युवक मांग कर ले गया और वापस नहीं की। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रजलामऊ निवासी रफीक पुत्र मुबारक अली ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह 15 नवंबर को सीमांत नगर मोहल्ले में शादी समारोह में गया हुआ था। जहां दोपहर 12 बजे मोहल्ले के ही निवासी एक युवक उसकी बाइक को मांग कर ले गया। इसके बाद उसने बाइक अभी तक वापस नहीं की। बाइक मांगने पर उक्त युवक बहाने बाजी करता है। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शौचालय निर्माण करने पहुंचे ठेकेदार से मारपीट, मुकदमा दर्ज

- तिरंगा तिराह के पास शुरू होना था सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर की मोहल्ला राधा नगर निवासी ठेकेदार राघव त्रिपाठी नाम बताया कि नगर पालिका द्वारा निर्मित होने वाले सर्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए जब वह लेवर मिस्त्री लेकर मौके पर पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद चार पांच अज्ञात व्यक्ति ने निर्माण का विरोध किया। जिसकी सूचना फोन द्वारा नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह को दी गई।

जब तक वह लोग घटनास्थल पर पहुंचते तब तक वहां मौजूद लोगों ने उसके हाथ में वर्क आर्डर लेकर फाड़ दिया और धक्का मुखी करते हुए मारपीट करने लगे। जिसका वीडियो उनके पास है।

'विरोध के चलते उठाई गई निर्माण सामग्री'।' तिरंगा तिराह के पास नगर पालिका द्वारा बनवाने वाले सार्वजनिक शौचालय का निर्माण शुरू होना था। इससे संबंधित ठेकेदार निर्माण सामग्री और लेवर मिस्त्री के साथ मौके पर पहुंचा। वहां विरोध के चलते ठेकेदार ने मौके पर पड़ी अपनी निर्माण सामग्री हटवा वहां से शीघ्र उठवाली।

## खबरें एक नजर में

### अराजकतत्वों के खिलाफ अधिशाषी अधिकारी ने कराया मुकदमा

**छिबरामऊ।** तिरंगा तिराहा के पास सार्वजनिक शौचालय का पालिका द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कुछ लोगों द्वारा इसका विरोध कर निर्माण कार्य में बांधा डाली गई। इसको लेकर अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने अराजकतत्वों के खिलाफकोतवाली में तहरीर दी है। वाल्मीकि समाज द्वारा उप जिलाधिकारी छिबरामऊ को लिखित ज्ञापन दिया गया जिसमें कहा गया कि प्रार्थीगढ़ की आराजी गाटा संख्या 971 व 12 81 34 डेसिमल आरजी में कब्रिस्तान समाज का है नगर पालिका परिषद मरघट के सामने का निर्माण अवैध तरीके से कराया जा रहा है उक्त निर्माण को रोकने की मांग की गई या अपन देते समय दिवारी लाल सोनी इच्छाराम सरोज संतोष मिला शकुंतला बिट्टन देवी किरण देवी मीनू देवी सहित दर्जनों समाज के लोग मौजूद रहे।

### फातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से लगा मेडिकल कैम्प



**छिबरामऊ।** मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास फ़तेह बिलग्राम मिशन की तरफसे 50 प्रतिशत छूट के साथ मेडिकल कैम्प में मरीजो को बीमारी के हिसाब से दी गई दवाई यह मेडिकल कैम्प का आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चला। हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि फातेह बिलग्राम मिशन मेडिकल कैम्प में बरेली के मशहूर हकीम अब्दुल हकए व शोएब रजा के द्वारा मरीजो को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा गया इस दौरान आमिर रजा, शोएब खान, महमूद मंसूरी, आदि लोगो की मौजूदगी में लगा कैंप।

### मेडिकल स्टूडेंटस के विवाद पर प्राचार्य ने अभिभावकों को किया तलब

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** मेडिकल कॉलेज कैम्पस में नवबर्ष का जश्न मना रहे एमबीबीएस इंटर्न स्टूडेंटस व जूनियर डॉक्टरों के मध्य हुई मारपीट को लेकर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने गुरूवार को आरोपी इंटर्न छात्रों के अभिभावकों को नोटिस भेजकर तलब किया है। उन्होने अपने कक्ष में दोनो गुटों के छात्रों को बुलाकर पूरी घटना की जानकारी भी ली है। नवबर्ष की पूर्व संध्या 31 दिसम्बर की मध्य रात्रि को मेडिकल कॉलेज के छात्रावासों में मौजूद एमबीबीएस छात्रों ने जश्न मनाना शुरू किया था। यद्यपि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने सभी छात्रों को नोटिस दिया था कि कोई भी छात्र डीजे नहीं बजाएगा। कैम्पस व छात्रावासों में रहकर ही नए बर्ष का जश्न मनाएं। इसके बावजूद भी रात्रि दो बजे के करीब किसी बात को लेकर इंटर्न छात्र व जूनियर डॉक्टरों के दो गुटों में कहासुनी हो गई। बाद में दोनो गुटों में मारपीट हुई। जिसमें एक डॉक्टर चुटहिल हो गया। उसको इमरजेंसी वार्ड में उपचार कराकर छात्रावास भेज दिया गया। बुधवार को जब मारपीट की जानकारी हुई, तो मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने छात्रावास पहुंचकर घटना की जानकारी ली। आरोपी छात्रों को चिन्हित किया गया। गुरूवार को प्राचार्य ने दोनो गुटों के लोगों को फिर से बुलाया। समझौते का प्रयास किया, पर जूनियर डॉक्टर लिखित माफी मांगने की बात कह रहे थे। इसपर प्राचार्य ने आरोपी इंटर्न छात्रों के करीब आधा दर्जन परिजनों को नोटिस भेजकर प्राचार्य कक्ष में बुलाया है। प्राचार्य ने बताया कि अभिभावकों के आने पर उनको पूरी घटना की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद कोई कानूनी फैसला लिया जाएगा।

### धोखाधड़ी कर तीस हजार रूपये की ठगी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अज्ञात युवक ने मोबाइल पर फोन करके एक युवक से धोखाधड़ी कर खाते में हजारों रुपए की नगदी डलवा ली। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात कॉलर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गुग़रापुर निवासी शिवा पुत्र बांकेलाल ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 01 जनवरी की दोपहर एक अज्ञात कॉलर के द्वारा उसके मोबाइल पर फोन करके 30000 रुपये एक अन्य नंबर पर गूगल पे की सहायता से डालने को कहां गया। इसके बाद युवक ने 30000 रुपये बताए गए नंबर पर ट्रांसफर कर दिए। जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उसने युवक का फोन मिलाया। लेकिन नंबर स्विच ऑफमिला। इसके बाद पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उधारी मांगने पर महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उधार दिए गए रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने महिला के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम इब्राहिमपुर निवासी प्रिया देवी पत्नी पेशकार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 01 जनवरी की शाम लगभग 07 बजे उसने परिवार के युवक से उधार लिए गए 50 हजार रुपये वापस मांगे। तो युवक ने अपने भाई और पिता के साथ मिलकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जाच शुरू कर दी है।

# न्यायालय सम्बंधित प्रपत्रों की तामील में लापरवाही न बरते अधिकारी: एएसपी



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सम्मन वारंट आदि के प्रभावी तामीला किए जाने हेतु तथा इस कार्य में उपेक्षावान रहने वाले पुलिस कर्मियों का उत्तर दायित्व निर्धारण करने हेतु समन सेल, मॉनिटरिंग सेल, न्यायिक समन सेल, समस्त थाना पैरोकारों एवं समस्त कोर्ट मोहरिरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र से संबंधित आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि न्यायालय से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का पालन समयबद्धता और पूर्ण सतर्कता के साथ किया जाए। समन, वारंट, और अन्य न्यायालय सम्बंधित प्रपत्रों की तामील में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

# ईशन नदी में मिले कचरे को लेकर कम्पनी को सीएमएस ने भेजा नोटिस

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- नोटिस मिलने के बाद कम्पनी के कर्मचारियों ने ईशन नदी पहुंचकर कचरा किया साफ
- सीएमएस ने ईशन नदी पर टीम भेजकर कराई थी डम्प कचरे की जांच

राजकीय मेडिकल कॉलेज कैम्पस का कचरा ईशन नदी में फेंके जाने के मामले को लेकर मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने लखनऊ की कम्पनी को नोटिस दिया है। नोटिस मिलते ही कम्पनी के प्रबंधक मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होने कर्मचारियों को लगाकर ईशन नदी से कचरे को साफ करा दिया है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज का कचरा ईशन नदी में फेंके जाने को लेकर फगुहा व आसपास के ग्रामीणों में काफी रोष था। ग्रामीणों का कहना था कि उक्त कचरे से नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है।

यही पानी खेतों में सिचाईं के लिए जाता है। जिससे फसलें भी प्रदूषित हो रही है। इस समस्या को लेकर डीएम से कुछ ग्रामीणों ने शिकायत रखी। डीएम के आदेश पर मेडिकल कॉलेज के सीएमएस ने लखनऊ की कचरा ले जाने वाली कम्पनी अवध इंटर प्राईजेज को नोटिस भेजा। नोटिस मिलते ही कम्पनी के प्रबंधक विलाल मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होने अपने कर्मचारियों को लगाकर ईशन नदी से कचरे को साफ कराया।

### सपा सरकार में शुरू हुआ कूड़ा सयंत्र केन्द्र, हो गया बंद

**तिर्वा।** मेडिकल कॉलेज में मौजूद बायो कचरे को जलाकर नष्ट करने के लिए सपा सरकार के द्वारा मेडिकल कॉलेज कैम्पस में ही करीब दो करोड़ की लागत से कूड़ा सयंत्र केन्द्र बनाया गया था। इसकी दो चिमनी भी लगाई गई थी। बाद में आसपास के लोगों की आपत्ति पर इस केन्द्र को बंद कर दिया गया। इसके बाद बायो कचरे को ले जाने के लिए लखनऊ की कम्पनी से एग्रीमेण्ट किया गया।

मेडिकल कॉलेज के सीएमएस ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में मौजूद कचरे को उठाने के लिए लखनऊ की दो कम्पनियों से एग्रीमेण्ट किया गया था। इसमें बायो कचरा उठाने के लिए एमपीसीसी कम्पनी से करार है। उक्त कम्पनी अपने निजी वाहन से बायो कचरे को लखनऊ ले जाती है। इसके अलावा कैम्पस में मौजूद अन्य कचरे के लिए लखनऊ की अवध इंटर प्राइजेज से एग्रीमेण्ट है। यह कम्पनी लोकल में ही किसी सुरक्षित स्थान पर कचरे को डम्प करती है। इसी कम्पनी के द्वारा ले जाया गया कचरा सम्भवतया ईशन नदी में फेंका गया है।

उन्होने एक टीम को भेजकर ईशन नदी में मिले कचरे की जांच कराई थी। जांच में पुष्टि हुई कि इसी कम्पनी के द्वारा कचरा डम्प किया गया था। इसी बजह से कम्पनी को नोटिस दिया गया। नोटिस के बाद कम्पनी ने कचरे को साफ करा दिया है।

# विशोखर धाम में निकाली गई कलश यात्रा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम अमोलर स्थित विशोखर धाम सीता आश्रम में संत श्री 108 महावीर दास, सीताराम महाराज के द्वारा आयोजित श्री राम कथा एवं सतचंडी यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। जिसमें महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रख कथा स्थल से गांव में भ्रमण किया।

गुरुवार को अमोलर स्थित विशोखर धाम सीताराम आश्रम पर आचार्य रामानुज पांडे कथावाचक के तत्वाधान में श्री राम कथा एवं सत्सचडी यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व 108 महावीर दास, सीताराम महाराज के द्वारा क्षेत्र के आसपास महिलाओं के द्वारा कलश यात्रा निकलह गई। जिसमे भक्तों ने भक्ति गीत पर जमकर नाचे। इस मौके पर देवदास आशुतोष दास, हरिदास बाबा सहित कई भक्तजन मौजूद रहे।

महाराज सीताराम ने बताया कि 10 जनवरी दिन शुक्रवार को कथा का समापन होगा और विशाल भंडारे का आयोजन 11 जनवरी दिन शनिवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 050 बजे तक कथा का श्रवण कराया जाएगा।



गांव में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

# सर्दी से बचाव के लिए एसडीएम ने बांटे कंबल

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की ठंड और सर्दी से बचाव के लिए शासन के निर्देशन में उप जिलाधिकारी छिबरामऊ की मौजूदगी में पांच लोगों को कंबल वितरण किया गया।

गुरुवार को नगर के मुख्य चौराहा स्थित राम मंदिर परिसर में सर्दी से बचाव के लिए शासन के निर्देशन में उप जिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी के नेतृत्व में पांच लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर नीरज मिश्रा, पंकज गुप्ता, आदि लोगों ने गरीबों को कंबल वितरण किए। इस मौके पर विजय दुबे, शुभम दुबे, संतोष गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

पांच गरीबों को सर्दी में मिले कंबल



गरीबों को कंबल बांटते एसडीएम व नीरज मिश्रा।

# राह चलती महिलाओं से छींटाकशी करना युवक को पड़ा भारी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

राह चलती महिलाओं के साथ छींटाकशी करना युवक को मंहगा पड़ गया है। पुलिस ने इस मामले में युवक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया है। नगर के एम एस वी इन्टर कालेज के पास शोहदो की मौजूदगी कोई नयी नही बल्कि कालेज में छात्राओ की संख्या अच्छी खासी होने के चलते उक्त क्षेत्र में उनकी भीड़ ज्यादातर समय मौजूद रहती है जिसकी शिकायत समय समय पर विद्यालय प्रशासन द्वारा समय समय पर कराई जाती रही है सूत्रो की माने तो वुधवार को नव वर्ष के मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां इस अवसर पर घूमने निकले थे लेकिन उन्हें एम एस वी कालेज के पास छींटाकशी का सामना करना पड़ा था जिसकी जानकारी पुलिस तक पहुँची थी जिस पर सक्रिय हुई पुलिस ने मौके पर छापेमारी की तो उन्हें मौके पर हरपाल निवासी देवकली मौजूद मिला जो राह चलती महिलाओ के साथ छींटाकशी कर रहा था जिसके चलते उक्त युवक के खिलाफ कोतवाली मे पदस्थ दरोगा रामजीलाल ने धारा 296 बी एन एस के तहत मामला दर्ज कराया है। वही पुलिस की इस कार्यवाही के बाद शोहदे गायब हो गए हैं। कोतवाली प्रभारी नागेन्द्र पाठक के मुताबिक कुछ स्थानो को चिन्हित किया गया है।

### कोहरे के दृष्टिगत ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगाये गये रिफ्लेक्टर टेप

**उरई,जालौन।** गल्ला मण्डी कोंच में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ज्योति सिंह, उप जिलाधिकारी कोंच व राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-।) जालौन द्वारा सड़क सुरक्षा व कोहरे के दृष्टिगत ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये व उपस्थित सभी वाहन स्वामियों व चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए यातयात नियमों के प्रति जागरुक किया गया व सुरक्षित परिवहन करने की सलाह दी गयी। साथ ही उनसे यह भी अपील की गयी कि वह नशे की हालत में वाहन का संचालन न करें व टैक्ट्रर-ट्राली में सवारियाँ न ढोयें व बिना एचएसआरपी नम्बर प्लेट के वाहनों का संचालन न करें।

# उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने नगर में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस के द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत 20 दो पहिया वाहनों का चालान किया गया। पुलिस कार्रवाई को देखते हुए वाहन चालक इधर-उधर के रास्तों से जाते हुए दिखाई पड़े। गुरुवार को नगर के मुख्य चौराहा पर कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसको देख वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और इधर-उधर के रास्तों से जाते हुए दिखाई पड़े। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान उप निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह के द्वारा कुल 20 दो पहिया वाहन के चालान किए गए। इस दौरान कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, दीपांशु, अमन सिंह, प्रशांत बालियान सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



बाइक सवार से पूछताछ करते कस्बा प्रभारी।

# नारकीय जीवन जी रहे मोहल्ला अवंतीबाई नगर के वाशिंदे

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत के मोहल्ला अवंतीबाई नगर के वाशिंदों को मजबूरी में नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। नगर पंचायत में पानी की निकासी न होने के कारण नालियों का गंदा पानी एक जगह जमा होता रहता है।

जिससे नालियां बजबजाती रहती हैं। नालियों की सफाई समय से न होने पर नालियों का गंदा पानी गलियों में भी भरने लगता है।

जिससे गली से निकलने वाले लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चे कभी कभार फिसल कर गिर जाते हैं। गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोगों की मुसीबतें दोगुनी हो रही है। वहीं दिन भर लोगों को बदबू की मार झेलनी पड़ रही है। केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की नगर पंचायत मोहम्मदाबाद जमकर धज्जियां उड़ा रही है। जनता द्वारा शिकायत करने के बाद भी नगर के अधिशासी अधिकारी एवं जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण हालात दिनोंदिन और बदतर होती जा रहे है। अवंतीबाई नगर निवासी गोविंद ने बताया कि मेरे घर के सामने से 24 घंटे गंदा पानी बहता रहता है। पूरे दिन बदबू आती है। मच्छरों के कारण जीना दूभर हो रहा है। बदबू के कारण रात में ठीक से सो भी नहीं पाते। अवंतीबाई नगर निवासी रमाकांत सक्सेना ने बताया की नगर में पानी की निकासी न होने के कारण हमारे घर के पास पानी जमा रहता है।


जानकारी देता गोविंद

बदबू के कारण जीना मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या से निजात नहीं मिल रही है। जय किशोर ने बताया कि घर के ठीक पीछे कई वर्षों से गंदा पानी जमा हो रहा है। जिस कारण मकान में नमी बनी रहती है। बदबू व मच्छरों के कारण बीमारी फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है, लेकिन मोहल्ले के सभासद व जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हुए हैं।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग हादसों में क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी नन्हें लाल की 17 वर्षीय पुत्री गीता, नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी मनीषा देवी, कंपिल क्षेत्र के गांव जिजौटा बुजुर्ग निवासी सुखेंद्र घायल हो गए। आसपास के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। तीनों के परिजन मौके पर पहुंचे। जहां तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद सुखेंद्र को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# घायल बछड़े का विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कराया उपचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घायल बछड़ा पड़ा होने की सूचना पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर उसका उपचार कराया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि बरखेड़ा चीनी मिल के पास एक बछड़ा जख्मी अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही बजरंग दल व विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता तत्काल पहुंचे और तत्काल पशु चिकित्सक को बुलवाकर घायल बछड़े का उपचार कराया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यदि समय पर न पहुंचता, तो शायद बछड़े की जान चली जाती, क्योंकि भीषण सर्दी में बछड़ा काफी परेशान था। इस दौरान नंद किशोर गंगवार जिला गौ रक्षा प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, शिवम गंगवार (प्रखण्ड अध्यक्ष) बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद, अवनीश शर्मा प्रखण्ड मंत्री विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।


बछड़े का उपचार करते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता

# सर्दी में जन जीवन अस्त व्यस्त, प्रधान-सचिव ने जलवाये अलाव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सर्दी के मौसम में ग्राम सचिव तथा ग्राम प्रधान के प्रयास से नगर में कई स्थानों पर अलाव जलवाये गये। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदपुर में ग्राम प्रधान बबिता सिंह के पति अभय राज सिंह तथा ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला ने सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के लिए अलाव जलवाये।

नगर के दो दर्जन से अधिक स्थानों पर अलाव जले। जिससे लोगों ने काफी राहत महसूस की। लोग प्रधान तथा सचिव को दुआयें देते नजर आये। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया की अगले सप्ताह में ग्रामीणों को कंबल वितरण भी किया जाएगा। ग्राम प्रधान ने बताया कि भीषण सर्दी के चलते गरीब लोग काफी परेशान हैं। उनका सहारा मात्र अलाव ही है। इसलिए उनकी परेशानी को देखते हुए वह अलाव जलवा रहे हैं और आगे भी अलाव जलवाये जायेंगे। इस मौके पर ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला, ग्राम प्रधान पति अभय राज सिंह तथा अन्य ग्रामीणों ने अलाव तापकर सर्दी को दूर भगाया।


सर्दी में अलाव ताप रहे लोग

# दलित दंपति को पीटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्राहपहाड़पुर मंडी में दलित दम्पति की पिटाई करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम अर्राहपहाड़पुर निवासी राजीव कुमार जाटव पुत्र विद्याराम ने ग्राम नेकपुर खुर्द निवासी दिवारी लाल शाक्य व उनके पुत्रों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में राजीव ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति जाटव समुदाय का शान्तिप्रिय व्यक्ति है। दिनांक 9 दिसम्बर को समय लगभग 5.30 बजे मण्डी अर्राहपहाड़पुर मे पल्लेदारी करने गया था। मण्डी से वापस आते समय ग्राम नेकपुर खुर्द निवासी दिवारी लाल शाक्य व उनके पुत्र लक्की व रचित ने ललकारते हुए जातिसूचक गाली देते हुए कहा कि तूने मेरी उच्च अधिकारियों से शराब बेचने की शिकायत की है तुझे आज जिन्दा नहीं छोड़ूंगा। उपरोक्त लोगों ने लात-घूंसों व लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। जिससे मैं घायल हो गया। किसी ने मेरे घर मेरी पत्नी मिथलेश को सूचना दी कि तुम्हारे पति को उपरोक्त लोग मार रहे है। मेरी पत्नी के आने पर उसे भी जातिसूचक गाली देकर कहा कि आ गयी इसे भी मारो। जान से मारने की नियत से मेरी पत्नी पर भी हमला कर दिया और सार्वजनिक स्थान पर मुझे व मेरी पत्नी को अपमानित कर मेरे साथ मारपीट की। मेरे द्वारा चिल्लाने पर आसपास के लोग आ गये तब उपरोक्त लोग जातिसूचक गालियां देते हुए व जान से मारने की धमकी देते हुए लोग भाग गये। पीड़ित के गम्भीर चोटें आयी हैं।

# कब्जा हटवाने के लिए एसडीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीड़िता ने जमीन पर अनाधिकृत रुप से किये गये कब्जा को हटवाने के लिए एसडीएम सदर व जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है।

जानकारी के अनुसार गाटा सं0 84 रकवा 1.26 डि0 मौजा श्रंगीरामपुर, परगना भोजपुर, तहसील सदर से अनाधिकृत रुप से किये गये कब्जे को छुड़वाने हेतु जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी सदर को लिखित प्रार्थना पत्र दिया।

सावित्री पत्नी रामदास एवं बेबी पुत्री मानसिंह के ससुर छविनाथ पुत्र डल्ला उर्फ छेदा आराजी गाटा सं0 84 रकवा 0.510 हे0 स्थिति मौजा श्रंगीरामपुर परगना भोजपुर तहसील सदर के खतौनी भाग 2 के वर्ग 9 के काश्तकार थे। उनकी मृत्यु के बाद उनके लड़के मानसिंह, रामदास, रामसेवक पुत्रगण छविनाथ का कब्जा दखल बराबर चला आ रहा है और खेती करते चले आ रहे है। विपक्षी प्रियंका बाजपेई पत्नी आशुतोष बाजपेई उर्फ बबुआ निवासी अस्तल श्रंगीरामपुर के पुत्र वंश बाजपेई पुत्र आशुतोष बाजपेई उर्फ बबुआ ने प्रार्थना पत्र एसडीएम को देकर एक आदेश दिनांक 26.12.2024 को करा लिया। उक्त आदेश गाटा सं0 229 रकवा 0.263 हे0 के लिये था, परन्तु लेखपाल व अन्य अधिकारियों ने मौके पर जाकर गाटा सं0 229 के बजाय पीड़िता के गाटा सं0 84 रकवा 1.26 डि0 पर अनाधिकृत रूप से कब्जा दिला दिया।


जानकारी देती पीड़िता

पीड़िता ने नाजायज कब्जा करने से रोकने का प्रयास किया, तो लेखपाल व पुलिस ने धमकी दी कि तुम्हे जेल में सड़ा देंगे और गलत तरीके से कब्जा दिला दिया, जबकि पीड़िता ने उसमें गेहूँ की फसल बोई है। आदेश दिनांक 26.12. 2024 के अनुसार विपक्षी को गाटा सं0 229 रकवा 0.263 पर कब्जा दिलाया जावे और पीड़िता के गाटा सं0 84 रकवा 1.26 डि0 से नाजायज रूप कराया गया कब्जा छुड़वाने का आदेश पारित करने की कृपा करें।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से लगी आग से जली गृहस्थी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात कारणों से लगी आग से गृहस्थी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इकलहरा गांव में आग से एक घर की गृहस्थी खाक हो गई। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उसका सारा गृहस्थी का सामान जल गया। गृहस्वामी ने आग की सूचना तहसील प्रशासन को दी है। गुरुवार दोपहर क्षेत्र के इकलहरा गाँव निवासी शरीफ के घर अज्ञात कारणों से आग लग गयी। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। परिजनों ने देखा तो मदद के लिए पुकार लगाई। चीखपुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पानी आदि डालकर आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक शरीफ के घर रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, चारपाई आदि सामान जलकर राख हो गया। नुकसान पर घर की महिलाए रो पड़ी। शरीफ ने आग की सूचना तहसील प्रशासन को दी है। समाचार लिखे जाने तक कोई भी लेखपाल आदि मौके पर जांच करने नहीं पहुंचा था।

### महिला को परिवारीजनों ने टकोरा मारकर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला को परिवारीजनों ने ही टकोरा मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव लटूर नगर निवासी श्यामा देवी को घायलवास्था में पुलिस मेडिकल परीक्षण व इलाज के लिए अस्पताल लेकर आई। जहां इलाज के दौरान घायल महिला के पति ने बताया कि उसके ताऊ के लड़कों ने उसकी पत्नी के साथ मारपीट की और सिर में टकोरा मार दिया। मारपीट को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

### एक सप्ताह बाद भी नहीं पकड़ा जा सका मगरमच्छ, ग्रामीण भयभीत


वह तालाब जिसमें रह रहा मगरमच्छ

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गौटिया में तालाब में पिछले सात दिन पूर्व एक मगरमच्छ को ग्रामीणों के द्वारा देखा गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग के दरोगा मोहित शर्मा को दी। वन दरोगा ने मौके पर तत्काल पहुंचकर ग्रामीणों से तालाब के पास से दूर रहने को कहा था। उसके बाद दरोगा मोहित शर्मा ने वहां पर वन विभाग के तीन कर्मचारियों को तालाब के आसपास ड्यूटी पर लगा दिया। जिससे वहां पर रह रहे ग्रामीणों को किसी प्रकार का कोई खतरा न हो पाए। वहां पर तैनात सचिव राजीव सुमन द्वारा तालाब से जेसीबी द्वारा जलकुंभी को निकाला गया था, ताकि तालाब में रह रहे मगरमच्छ को आसानी से पकड़ा जा सके, लेकिन मगरमच्छ को नहीं पकड़ा जा सके। फिलहाल मगरमच्छ को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने शाम के समय खेतों में जाना छोड़ दिया है। पता नहीं कब मगरमच्छ उसको अपना शिकार बना ले।

# सफेद हाथी साबित हो रहे ग्राम पंचायतों में बने शौचालय

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनवाये गये सामुदायिक शौचालय सफेद हाथी साबित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के अधिकतर ग्राम पंचायतों में बने सामुदायिक शौचालय बने सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। वहीं अधिकतर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत निधि से 9000 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से केयरटेकर के लिए मानदेय निकाला जाता है, लेकिन ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय पर केयरटेकर अधिकतर नहीं जाते हैं और ना ही ग्राम पंचायत के केयरटेकर सामुदायिक शौचालय को खोलते हैं। जिससे कि आम जनमानस को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश शौचालयों में ताला पड़ा रहता है। ग्राम पंचायत की निधि का दुरुपयोग करते हुए जिम्मेदार लोग इस ओर कोई ध्यान नहीं देते हैं और माह समाप्त होने के बाद ही केयरटेकर के पैसे निकालने का आदेश ग्राम सचिवों को जारी हो जाता है कि वह केयरटेकर का पैसा प्रतिमाह ग्राम पंचायत की निधि से निकालकर दें। जिससे साफ जाहिर है की ग्राम प्रधानों के चहेते ही केयरटेकर बने हुए हैं।


ग्राम पंचायत कुरार में बना शौचालय

वह काम करें तो भी अच्छा है और ना करें तब भी अच्छा है, लेकिन उनका मानदेय प्रतिमाह ग्राम पंचायत की निधि से दिया जाता है। जिसमें साफ जाहिर हो रहा है कि ग्राम पंचायत की निधि का दुरुपयोग किया जा रहा है, लेकिन इस और शासनादेश के अनुसार कोई भी जिम्मेदार ध्यान देने की जेहमत नहीं उठा रहा है।

# लोहिया अस्पताल में अव्यवस्थायें: डाक्टर की कुर्सी पर बैठ रहीं प्रशिक्षु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहिया महिला अस्पताल की ओपीडी में इलाज को पहुंचने वाली महिलाओं को छटपटाना पड़ रहा है। उन्हें इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है। डॉक्टर की कुर्सी पर प्रशिक्षु बैठ रही हैं। गुरुवार को सुबह 11 बजे करीब ओपीडी में डॉक्टर नदारत थी। प्रशिक्षु उनकी कुर्सी पर बैठकर इंट्री कर रही थीं। जबकि आधा दर्जन के करीब महिलाएं इलाज के लिए यहां पहुंच चुकी थीं। महिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह को डॉक्टर नहीं थीं। पता चला कि वह ओटी में मरीजों को देख रही हैं। दो प्रशिक्षु एएनएम सविता और शिवानी के अलावा फैमिली प्लानिंग काउंसलर सुनीता, स्टाफनर्स रेनू, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट की मौजूदगी थी। स्टाफ नर्स रेनू ने बताया कि डॉक्टर ओटी में मरीज को देखने के लिए गयी हुयी हैं। वहीं दूसरी ओर अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर की कुर्सी पर प्रशिक्षु सविता बैठी हुयी थी। पूछने पर बताया कि वह रजिस्टर में इंट्री कर रही हैं। बाद में स्टाफ नर्स ने उसे डॉक्टर की कुर्सी से हटकर बैठने के लिए कहा। अस्पताल की ओपीडी में महिलाओं का इलाज स्टाफ नर्स के ही हवाले रहता है,. क्योंकि डॉक्टर ज्यादातर इमरजेंसी में ही रहती हैं। अस्पताल में डॉक्टर की कमी है। इसके चलते और भी दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे में दूर दराज से इलाज को पहुंचने वाली महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सीएमएस डॉक्टर कैलाश ने बताया कि जो भी प्रशिक्षु हैं उनको निर्देशित किया जायेगा कि वह डॉक्टर की कुर्सी पर न बैठें। इसको लेकर कर्मचारियों को भी नजर रखने के लिए कहा जायेगा।

# तिराहे, चौराहे पर ठिठुर रहे लोग नगर पंचायत नहीं जलवा रहा अलाव

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

**बढ़ी सर्दी से ग्रामीण ठिठुरने को मजबूर**

कड़ाके की सर्दी को देखते हुए नगर पंचायत की ओर से अभी तक अलाव नहीं जलवाये गये हैं। जिससे क्षेत्रीय लोगों में रोष है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में लोग बढ़ती सर्दी से ठिठुरने को मजबूर हैं, लेकिन नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा अलाव की सार्वजनिक स्थानों पर व्यवस्था नहीं की गयी है। जब इस बाबत कार्यालय के लिपिक विकास कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज शाम को व्यवस्था की जाएगी, लेकिन अभी तक कार्यालय पर कोई ऐसा आदेश नहीं हुआ है जो कि कार्यालय के कर्मचारी लकड़ी लेकर तिराहे, चौराहों पर डलवाकर अलाव जलवायें। जिससे जनमानस को सर्दी से निजात मिल सके। वहीं लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के द्वारा जो खास-खास लोग हैं उनके ही दरवाजे पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन आम तिराहे, चौराहे पर जहां आम जनमानस को निकलना बैठना पड़ता है तथा दिल्ली जयपुर जाने वाली बसें भी चौराहे से गुजरती हैं जहां सावारियां भी ठिठुरती दिख रही हैं। ऐसे में लोग नगर पंचायत में एक आस लगाए हुए हैं कि वह ऐसे सार्वजनिक जगह पर अलाव की व्यवस्था कर दें तो आम जनमानस को इसकी सुविधा मिल सके। वही दो जगह से प्राइवेट बसों से लोग दिल्ली तथा जयपुर के लिए जाते हैं जो की देर रात तक ठिठुरते रहते हैं, लेकिन नगर पंचायत द्वारा कोई भी अलाव की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

# पांचाल घाट पर आबाद होने लगा तम्बुओं का शहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिनी कुम्भ के नाम से मशहूर मेला रामनगरिया में संतों के आने से रौनक बढ़ने लगी है। हर साल आने वाले संतों और कल्पवासियों की कदम.।-कदम पर सुरक्षा होगी। आठ से अधिक पुलिस चौकी बनेंगी। एसपी ने निरीक्षण कर मेला व्यवस्थापक से चौकी बनाने के लिए टेंट देने के निर्देश दिए है।

जानकारी के अनुसार पांचाल घाट पर मेला रामनगरिया का शुभारंभ 13 जनवरी से होगा। इससे पहले ही पूरा मेला क्षेत्र हर-हर गंगे और हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंजने लगेगा। फिलहाल संतों के आने से मेला में रौनक शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में कल्पवासी पहुंचकर टेंट और झोपड़ी लगाने समेत अन्य तैयारियों में जुट गये हैं। साधु संतों के क्षेत्र में भजन कीर्तन व पूजा अर्चन शुरू हो गया है। जूना अखाड़ा, आवाह्न अखाड़ा, वैष्णव संप्रदाय, यादव क्षेत्र, कुशवाह क्षेत्र के साधु-संत आ चुके हैं। मेला प्रशासन की तरफ से अभी तक कोई तैयारी न होने से साधु-संत स्वयं से ही तैयारियां करने में लगे हैं। कल्पवासियों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि वह मेले में अधिक से अधिक सुविधायें मुहैया कराये। सर्दी के कारण कई कल्पवासी परेशान हैं।


झुग्गी झोपड़ी बनाने में लगे कल्पवासी

कल्पवासियों व साधु संतों ने जिला प्रशासन से मेले में व्यवस्थायें चाक चौबंद करने की मांग की है।

# भारतीय कृषक संगठन की बैठक में उठायी गयीं जन समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक संगठन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न समस्याओं को उठाया गया।

बैठक में कहा गया कि रेलवे द्वारा घोषणा की गई थी कि अगस्त माह में फर्रुखाबाद से कासगंज, फर्रुखाबाद से टूंडला रेलवे स्टेशन तक मेमो चलाई जाएगी जो की आज दिनांक 2 जनवरी 2025 तक चालू नहीं हुई है। पिछले वर्ष 2023-24 में मेला श्रीराम नगरिया में बिजली के तारों द्वारा आग लग गई थी जिससे नुकसान हुआ था। शासन से अनुरोध है की इस बार इन चीजों का विशेष ध्यान दिया जा, ऐसी लापरवाही न होने पाए, नगर के मोहल्ला बंगसपुरा में नई आबादी हो गई, लेकिन नाली, सड़क, बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे वहां के रहने वाले लोगों को भारी असुविधाएं हो रही हैं, नगर पालिका द्वारा नगर में ऐसी कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई जिससे सड़क पर ठंड से ठिठुरते लोगों को राहत मिल सके, नगरपालिका से अनुरोध है कि हर तिराहे, चौराहा एवं बस स्टैंड पर लकड़ी की व्यवस्था की जाए जिससे लोगों को ठंड से बचाया जा सके, नगर में पानी की सुविधा तो सरकार द्वारा दी गई लेकिन सड़कों को खोदकर ऐसे ही छोड़ दिया गया, आदि समस्यायें शामिल हैं।


बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

यदि उपरोक्त समस्याओं का समाधान ना किया गया तो भारतीय कृषक संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बैठक में सुनील कुमार दुबे, मुन्नालाल सक्सेना, अमित शुक्ला, आशुतोष त्रिवेदी, निशांत त्रिवेदी, किशन अग्निहोत्री, राजीव तिवारी, रामवीर आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष शीलचंद्र एवं बिन्दु सिंह गंगवार ने किया।

# जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने अन्नदाताओं को फसलों को कीटों से बचाने के दिये टिप्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसान भाइयों से अपील की है कि इस समय वायुमंडल में तापमान निरन्तर गिर रहा है। तापमान गिरने तथा आर्द्रता बढ़ने से आपके द्वारा बोयी गयीं फसलों में फंफूदीजनित रोगों के लगने की सम्भावना बढ़ जाती है। साथ ही मौसम में उतार चढ़ाव होने पर माहू, थ्रिप्स आदि कीटों के लगने की सम्भावना हो जाती है।

ऐसी स्थिति में बोयी गयीं फसलों की निरन्तर देखरेख करने की आवश्यकता है। बोयी गयीं फसलों में आलू व सरसों की फसलों में इस समय सबसे अधिक रोगों व कीटों से प्रभावित होती हैं। आलू व सरसों की फसलों में रोगों व कीटों के नियंत्रण के लिए कुछ सुझाव दिये गये हैं। जिसमें आलू की फसल में माहू, थ्रिप्स कीटों के नियंत्रण के लिए एजाडिरैक्टिन (नील ऑयल) 0.15 प्रतिशत ई0सी0 की 2 लीटर की मात्रा प्रति हेक्टेयर के हिसाब से 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। रसायनिक नियंत्रण के लिए डाइमेथोएट 30 प्रतिशत ई.सी. की 1.5 एम.एल. मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर छिड़काव करें। आलू की फसल में इस समय अगेती व पिछेती झुलसा रोग का प्रकोप की सम्भावना सबसे अधिक होती है। अगेती झुलसा से पत्तियों पर कत्थई भूरे रंग के छोटे-छोटे धब्बे बनते हैं। जो धीरे-धीरे बढ़ जाते हैं तथा पिछेती झुलसा में पत्तियों व तनों पर भूरे रंग के धब्बे तथा धब्बों के ठीक निचली सतह पर रुई जैसी फंगस जमा हो जाती है। पिछेती झुलसा रोग आलू की फसल पर तीव्र गति से बढ़ता है। उसको तुरन्त नियंत्रितच करने की आवश्यकता होती है। अगेती व पिछेती झुलसा रोग पर नियंत्रण के लिए मैंकोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा कार्वेन्डाजिम 12 प्रतिशत तथा मैंकेजेब 63 प्रतिशत डब्ल्यूपी की 2 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी अथवा जिनेव 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. की 2.5 ग्राम मात्रा प्रति लीटर पानी के हिसाब से घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें। सरसों की फसल में मुख्य रुप से आल्टरनेरिया पत्ती धब्बा रोग लगता है। जिसमें पत्तियों तथा फलियों पर कत्थई रंग के धब्बे बनते हैं। जो गोल छल्ले के रुप में होते हैं। तीव्र प्रकोप होने पर यह छल्ले आपस में मिल जाते हैं। जिससे पूरी पत्ती झुलस जाती है। रोग के नियंत्रण के लिए मैंकोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू0पी0 अथवा जिनेव 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी की 2 किलोग्राम मात्रा प्रति हेक्टेयर के हिसाब 600 ले 750 लीटर पानी में घोल बनाकर फसल पर छिड़काव करें।


सरसों की फसल में लगा आल्टरनेरिया पत्ती धब्बा रोग

# जिलाधिकारी ने मेला रामनगरिया में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए गठित समिति की ली बैठक

▸ मनोरंजन क्षेत्र, टेंट व साइकिल स्टैंड की निविदाओं को दोबारा जारी करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में मेला रामनगरिया में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु गठित समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समयसारिणी 07 तारीख तक बनाकर जारी करे, अभी तक मनोरंजन क्षेत्र, टेंट व साइकिल स्टैंड की कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई है। डीएम ने उक्त निविदाओं को दोबारा जारी करने के लिये निर्देशित किया।

मेला क्षेत्र में बनाये गये अस्थाई शौचालयों में नियमित सफाई कराने, मेला क्षेत्र की साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी रखने, एम्बुलेंस की तत्काल तैनाती व पैंटून पुल के सुदृर्यीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मेला


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

व्यवस्थित ढंग से लगाया जाये व विकास प्रदर्शनी में लगने वाले स्टॉल पूरे समय लगे, जिला पूर्ति अधिकारी को मेला क्षेत्र में एल.पी.जी. की आपूर्ति के लिये 02 एजेंसियों को नामित करने व पूर्ति निरीक्षकों की ड्यूटी लगाने के लिये निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियंता विद्युत, अग्निशमन अधिकारी, सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, मेला मजिस्ट्रेट व मेला क्षेत्राधिकारी को सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण करने के लिये निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग को मेला क्षेत्र में अपने अधिकारियों व कर्मचारियों की नियमित रूप से ड्यूटी लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला क्षेत्र में फायर बिग्रेड व पी.आर.वी. की गाड़ी स्थाई रूप से लगाने व स्नान दिवसों पर अतिरिक्त महिला पुलिस की ड्यूटी लगाने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर,वरिष्ठ कोषाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 21वें फर्रुखाबाद युवा महोत्सव का हुआ आगाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा 21वें महोत्सव का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। समिति के सभागार में मां सरस्वती के चित्रण पर दीप प्रज्वलित के बाद मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

2 जनवरी से 16 जनवरी तक प्रतियोगितायें चलेगी। रुपेश गुप्ता ने कहा कि युवा महोत्सव निरंतर आसमान छुएगा।

अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा एवं प्रतिनिधि हर्ष दुबे ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया, साथ ही प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें हिमांशु राठौर प्रथम,


फीता काटकर उद्घाटन करते रुपेश गुप्ता

साइमा बनो द्वितीय, ललिता तृतीय स्थान पर रही। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। मंजू मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। संचालन आकाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप शर्मा, हर्ष दुबे, अक्षर, सच्चिदानन्द मिश्रा, सुनील सक्सेना, वीरेंद्र त्रिपाठी, पप्पन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# शीतलहर के चलते हाड़ कपाऊ ठंड में अलाव बना सहारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाड़कपाऊ ठंड के चलते जन जीवन अस्त-व्यस्त है। सड़कों पर सर्दी के कारण सन्नाटा दिखायी पड़ा। दोपहर को शाम जैसा नजारा दिखा। नव वर्ष के दूसरे दिन भी शीत लहर जारी रही। जिसके चलते बाजार में भी रौनक नहीं दिखी।

नव वर्ष व सर्दी को देखते हुए स्कूल-कॉलेज बंद है। गुरुवार को मंदिरों के अलावा हर जगह सन्नाटे जैसा माहौल था। रेलवे स्टेशन व रोडवेज पर भी भीड़ कम दिखायी दी। सर्दी के कारण लोग घरों से नहीं निकल रहे है और अलाव तापकर ठंड को दूर कर रहे है। खेतों में भी सन्नाटा है। इन दिनों आलू की खुदाई चल रही है। साथ ही मूंगफली की बुआई भी जोरों पर है। मण्डी में सर्दी के कारण आलू किसानों की संख्या कम रही। देर से सर्दी आने के कारण ठंड का


अलाव तापते लोग

प्रकोप एकदम बढ़ा है। पहाड़ों पर भी बर्फ गिरने से शीत लहर बढ़ गयी है। पिछले दो तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।

ठंड के कारण आवागमन पर भी प्रभाव पड़ा है। बुजुर्गों और बच्चों में ठंड का असर देखने को मिला। साथ ही जानवर व पशु भी सर्दी के कारण बेहाल है। ऐसे में एक मात्र सहारा आग है जिसे जलाकर सर्दी को लोग दूर कर रहे है।

नगर पालिका द्वारा अभी कुछ ही स्थानों पर अलाव जलाये गये है। शाम होते ही सर्दी बढ़ जाती है और सुबह तक कोहरे जैसा माहौल रहता है, ऐसे में बचाव ही प्रमुख है। लोग गर्म कपड़े ही पहनकर बाहर निकले और सर्दी से बच सकें।

# ठंड लगने से किशोर की मौत, निधन के शोक पर विद्यालय किया गया बंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की ठंड के चलते ब्लाक मोहम्मदाबाद के अन्तर्गत ग्राम सिरोली के मजरा हमीरपुर निवासी 15 वर्षीय आशीष कुमार पुत्र बृजेश राजपूत की सर्दी लगने से मौत हो गयी। बीते दिन आशीष राजपूत आलू की फसल में झुलसा बचाव के लिए दवा डालने गया था। स्प्रे मशीन से दवा छिड़काव करते समय कड़ाके की ठंड से वहीं पर गिर पड़ा। काफी देर हो जाने पर आशीष घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खेत पर जाकर देखा आशीष स्प्रे मशीन के साथ बेहोशी की हालत में जमीन पर कांपते हुए पड़ा मिला। आशीष के बड़े भाई बलराम राजपूत ने बताया कि हम लोग उसे तुरन्त शाम के समय फर्रुखाबाद स्थित निजी


मृतक आशीष का फाइल फोटो

अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने आशीष को मृत घोषित कर दिया। आशीष हाईस्कूल में था, उसके अध्यापक चंद्रपाल शास्त्री ने बताया कि आशीष बहुत ही होनहार छात्र था, उसके निधन के शोक पर गुरुवार को विद्यालय बन्द कर दिया।

# एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेधावी हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट पर गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्य, गीत, संगीत, गेम्स आदि कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ मेधावियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में ग्रुप नृत्य में रितिका मिश्रा, अंजलि वर्मा, विंध्या गोयल, राधिका सोमवंसी, म्यूजिकल चेयर में मीनाक्षी शुक्ला विजेता रहीं। टेबिल टेनिस में अंश पाल विजेता रहे। सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर व्यापारी नेता समाजसेवी संजय गर्ग ने सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय, आकांक्षा


सांस्कृतिक कार्यक्रम में धमाल मचाती छात्रायें

सक्सेना, नवीन मिश्र, पूर्णिमा दीक्षित, सुपर्णा मिश्रा, शैलेन्द्र, प्रखर सक्सेना, वंशिका मिश्रा, फाल्गुनी, भैरवानी सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# रहमत बरसते है अनवार मदीने में, आबाद है नबियों का सरदार मदीने में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

## नौचंदी की जुमेरात पर अकीदतमंदों ने दरगाह पर चादरपोशी कर टेका माथा

हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के महीने की नौचंदी जुमेरात में हज़रत मखदूम शाह सय्यद शाहबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा के आस्ताने पर अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी।

फतेहगढ़ लोको दरगाह स्थित ऐतिहासिक गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल हजरत मखदूम शाह सय्यद शाहबुद्दीन औलिया रह0 अलैह के आस्ताने पर नौचंदी जुमेरात अकीदत के साथ फातिहा ख्वानी कर मनाई गई। दरगाह शरीफ में फजर की नमाज के बाद से चादर पोशी और फातिहा का दौर चला। हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे की प्रतीक दरगाह पर नौंचदी जुमेरात पर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। दरगाह के नायब सज्जादानशीन शाह मुहम्मद वसीम चिश्ती साबरी मुजद्दिदी की सरपरस्ती



दरगाह पर दुआ करते अकीदतमंद

में फातिहा ख्वानी कर चादर पोशी की गई। जिसमे बड़ी तादाद में भीड़ उमड़ी और अपने-अपने तरीके से अकीदत पेश की। हाफिज अरशद साबरी ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की।

लोगों ने अपने-अपने तरीके से फूल व चादर चढ़ाकर अपनी अकीदत पेश कर खानकाह में दुआएं मांगी। जामिया के तुलाबा ने कहा कि रहमत बरसते है अनवार मदीने में आबाद है नबियों का सरदार मदीने में। मुझको क्या मिल गया मुझको क्या मिल गया दामन, शाह शहाबुद्दीन मिल गया। खानकाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम चिश्ती साबरी मुजद्दिदी ने तकरीर कर कहा ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती अलैहि रहमा ने अपनी खानकाह में इस पैगाम के साथ अपनी खानकाह को आम किया कि मोहब्बत सभी से नफरत किसी से नहीं और आज इसी पैगाम को हर खानकाह या दरगाह को आम करने की जरूरत है, क्योंकि इन सूफियो ने अपनी खानकाह के दरवाज़े पूरी आलमे इन्सानियत के खोल रखे है। साथ ही मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारे अमन और अमान के लिए दुआएं की गई। इसके बाद अकीदतमंदों को लंगर तकसीम किया गया। इस मौके मुहम्मद इसरार साबरी, अंसार साबरी, मुहम्मद हनीफ उर्फ़ बबलू, आफताब साबरी, रफत हुसैन, मुबीन, आसिफ साबरी, अजहर हुसैन, शिवम, आकाश आदि अकीदमंद मौजूद रहे।

# सर्दी के चलते आलू के भाव में 100 रुपये कुंटल गिरावट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सर्दी के चलते आलू के भाव में 50 रुपये से लेकर 100 रुपये कुंटल की गिरावट आयी है। निबल आलू 50 रुपये कुंटल भाव गिरा है। वहीं सामान्य एवं छट्टा आलू के भाव में लगभग 100 रुपये कुंटल भाव में गिरावट आयी है।

गुरुवार को सातनपुर मण्डी में आलू की बिक्री सुस्त रही। मण्डी में सर्दी का प्रकोप दिखायी पड़ा। कम आलू आने के बावजूद भी खरीददार कम दिखे। जिस कारण भाव में 100 रुपये कुंटल गिरावट आयी। आमद लगभग 60 मोटर रही।

आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि सर्दी के कारण पिछले दो दिनों से किसान मण्डी में आलू कम ला रहे है। व्यापारी भी पहले की


मण्डी में लगे आलू के पैकेट

अपेक्षा कम आ रहे है। जिस कारण भाव में गिरावट जारी है। कच्चा आलू होने के कारण बाहर की मण्डियों पर आलू की बिक्री निर्धारित होती है। इन दिनों बाहर आलू नहीं पहुंच पा रहा है। मौसम साफ होने के बाद आलू की बिक्री सामान्य हो जायेगी। खेतों में भी आलू की खुदाई कम हो रही है। मौसम के चलते आलू बिक्री पर असर पड़ा है।

## अधीक्षण अभियंता ने उपकेंद्र का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**

विद्युत उपकेन्द्र सिरौलीगौसपुर का अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंता के साथ औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकेन्द्र परिसर में गन्दगी देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ सफाई करवाने का निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने कहा कि फीडर और परिसर में साफ सफाई रखे। अधीक्षण अभियंता राजबाला ने गांवों में लगाएं जा रहे ओटीएस योजना के तहत शिविर में उपभोक्ताओं के कम रजिस्ट्रेशन और बकाया बिल कम जमा होने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गांवों में कैम्प लगाए और उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के बारे में जानकारी दें।इसके अलावा बकाया बिल जमा करवाए।उन्होंने कहा कि गांवों में समय से कैम्प लगाए।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के आशीष शुक्ला व रजनेश बने उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला ने अपनी राज्य की नई कार्यकारिणी का गठन किया है। विभिन्न जनपदों से पदाधिकारी बनाये गये है। जिसमें जौनपुर के उपेन्द्र प्रताप सिंह व आरएनडी द्विवेदी संरक्षक बनाये गये है। साथ ही बड़ी संख्या में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये गये है।

जिसमें सीएमओ कार्यालय में तैनात फार्मासिस्ट आशीष शुक्ला को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ड्रग वेयर हाउस में तैनात फार्मासिस्ट रजनेश कुमार को भी उपाध्यक्ष


फार्मासिस्ट आशीष शुक्ला

का दायित्व मिला है। जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह सहित सभी फार्मासिस्टों ने आशीष शुक्ला व रजनेश कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित ने आशीष शुक्ला को बधाई दी और कहा कि उपाध्यक्ष बनने पर उनका अभिनंदन किया जायेगा। आशीष शुक्ला ने बताया कि संगठन के कार्यो में शुरु से जुड़ा रहा। जिसको देखते हुए पुनः मुझे दायित्व सौंपा गया है। संगठन की मजबूती व फार्मासिस्टों के निराकरण के लिए मैं संघर्षरत हूं। अपने सरल स्वभाव शैली से आशीष शुक्ला ने संगठन में अपना दायित्व बाखूबी से निभाया, जिसके चलते प्रदेश कमेटी में उन्हें उपाध्यक्ष का दायित्व मिला है। बड़ी संख्या में देर शाम तक लोग उन्हें बधाई देते रहे।

# सर्दी से बचाव के इंतजाम परखने के लिये प्रशासनिक अमला चौकन्ना

▸ शीतलहर के बीच गौशाला ही नहीं बल्कि नगर में अलावों के इंतजाम भी देखे

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सर्दी का मौसम अब शबाब पर है इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर बचाव की व्यवस्था भी की गई है और इसी को परखने के लिए वुधवार रात प्रशासनिक अधिकारी बाहर निकले। इस दौरान उन्होंने अलावों के साथ आश्रय स्थल और गौशालाओ को भी देखा।

विदित हो कि शासन द्वारा प्रतिवर्ष सर्दी से इंसानों और बेजुबानों को बचाने के लिए कम्बल और अलाव के साथ निराश्रित लोगों को ठंड से बचाने के लिए आश्रय स्थल की भी व्यवस्था की जाती है जिससे किसी की भी ठंड से मौत न हो और यह व्यबस्था मौसम की शुरुआत के साथ शुरू हो जाती है लेकिन सर्दी का सितम विगत दो दिनों से ही शुरू हुआ है जिससे इंसानों और बेजुवानों को बचाने की व्यवस्था परखने के लिए वुधवार रात तहसीलदार अभिनव तिवारी सड़क पर निकल पड़े। इस दौरान उन्होंने नगर में नगर पालिका परिषद द्वारा जलाए जा रहे अलावों की स्थित को परखा। उन्हें टरननगंज चौराहा, मुन्ना फुलपावर चौराहा, स्टेशन चौराहा के साथ नगर के अन्य स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव जलते मिले। इसके साथ ही उन्होंने आलमपुर स्थित नगर पालिका द्वारा संचालित गौशाला में गौवंशों को सर्दी से बचाने के उपाय को देखा तो वहां भी आग के साथ सर्दी से बचाव के उपाय पर्याप्त मिले।

# समस्याओं को लेकर विभिन्न संगठनों ने आवाज की बुलंद


विरोध जताते विभिन्न संगठन के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सिविल हॉस्पिटल लिंजीगंज में राज्य कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में गुरुवार को नव वर्ष पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। विभिन्न संगठनों ने संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। जनपद के शिक्षक संघ, शिक्षा मित्र संघ, आशा संघ, एक्स-रे टेक्नीशियन संघ, पीडब्लूडी संघ, एनएमएच संघ, फार्मासिस्ट संघ, आयुष्मान भारत संघ के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। सभी संगठनों ने समस्यायें उठायी। राज्य कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित ने समस्याओं का निदान कराये जाने के लिए हर संभव भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के समक्ष संघों की समस्यायें रखी जायेगी और उनका निदान कराया जायेगा। समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कर्मचारी संघ आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस मौके पर ऋषि पाल यादव, अभिषेक बाजपेयी, हरिशंकर तिवारी आदि ने भी विचार रखे और सभी ने नव वर्ष की शुभकामनायें दी।

# जिंदा रहना है तो जिंदगी से लड़ो, आसमान से नहीं रोटियां आएंगी: अनु सपन

▸ सीपी गेस्ट हाउस में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के सीपी गेस्ट हाउस में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में भोपाल से अनु सपन, इंदौर से डॉ0 भुवन मोहिनी, घिरौर से सतीश मधुप, हाथरस से राणा मुनि प्रताप, कायमगंज से पवन बाथम व देवेश दीक्षित देव आदि कवियों ने अपनी कविताओं व गजलों के माध्यम से महफिल में चार चांद लगा दिए। भोपाल से आयी अनु सपन ने अपने शायराना अंदाज में पढ़ा कि हम भी तरसेंगे तेरे खतों के लिए, जब पड़ोसन



काव्य पाठ करती अनु सपन


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण

के घर चिट्ठियां आएंगी। जिंदा रहना है तो जिंदगी से लड़ो, आसमान से नहीं रोटियां आएंगी।

उन्होंनो अगली कविता में पढ़ा कि मुश्किलों से हमें जूझना आ गया, हारते हारते जीतना आ गया, एक नाजुक लोग समझे क्या, हमको शाखों के दिल थामना आ गया, हारते हारते जितना आ गया। आंधियों से लड़े तो ये असर, हमें तूफान का रुख मोड़ना आ गया, पार होने को जी चाहता ही नहीं, शुक्र है कि हमें उनमें डूबना आ गया। कवि अनु सुमन की इन पंक्तियों में महफिल में चार चांद लगा दिए। उन्होंने एक गजल के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। उन्होंने कहा कि ये जो मेरी आंखों में खारा खारा पानी है, इसके कतरे कतरे में प्यार की कहानी है। जब से उनकी आंखों ने छू लिया है तन मेरा, तब से मेरे चेहरे का रंग जाफरानी है। कायमगंज के कवि पवन बाथम ने शायराना अंदाज में पढ़ा कि तेरे आने का भान होता है, खुशनुमा आसमान होता है, तू अकेले में नहीं मिल मुझसे, दिल बड़ा बेईमान होता है। कवि पवन बाथम ने यह चार पंक्तियां पढ़कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन कवि सतीश मधुप ने किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य योगेश चंद्र तिवारी ने की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष सतीश चंद्र अग्रवाल, अमित सेठ, जितेंद्र रस्तोगी, डॉ0 शरद गंगवार, डॉ0 विकास शर्मा, शिव कुमार शाक्य, अनमोल अग्रवाल, अतुल गुप्ता, रश्मि दुबे, विशाल गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, सुनील सेठ, मंजू अग्रवाल, अर्चना चौहान आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# डीएम ने क्षतिग्रस्त तटबंध पुर्ननिर्माण के लिये शासन को भेजा पत्र

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रमुख अभियन्ता, विकास एवं विभागाध्यक्ष लोनिवि, लखनऊ को एक पत्र भेजकर जनपद जालौन के ग्राम सलैया के समीप पहूज नदी द्वारा तटबन्ध की कटान की मरम्मत के संबंध में कार्यवाही करने का अनुरोध किया है। पत्र में बताया गया है कि अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण पहूज नदी की धारा का रुख बदल गया, जिससे कैलिया-सलैया मार्ग का कटान हो गया और यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। ग्राम सलैया मध्य प्रदेश की अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित है, और इस मार्ग का पुनर्निर्माण अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, तटबन्ध की मरम्मत के बिना इस क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण की स्थिति गंभीर हो सकती है। वर्तमान में कैलिया सलैया मार्ग पर चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। अधिशासी अभियन्ता, बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम, उरई ने तटबन्ध की मरम्मत के लिए 342.64 लाख रुपये का अनुमान भेजा है। जिलाधिकारी ने यह भी अनुरोध किया है कि तटबन्ध की मरम्मत कार्य के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति शीघ्र जारी की जाए, ताकि इस महत्वपूर्ण मार्ग की मरम्मत का कार्य समय पर पूरा हो सके।

# राजेंद्र आर्लेकर ने केरल के राज्यपाल के रूप में ली शपथ

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।

राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गुरुवार को राजभवन में आयोजित एक विशेष समारोह में केरल के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली।

केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नितिन मधुकर जामदार ने राज्यपाल को सुबह 10.30 बजे शपथ दिलाई। राज्यपाल ने भगवान के नाम पर शपथ ली और राज्य के 23वें राज्यपाल बन गए।



समारोह में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, विधानसभा अध्यक्ष एएन शमसीर, विपक्ष के नेता वीडी सतीसन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं एआईसीसी कार्यसमिति के सदस्य रमेश चेन्निथला, मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी, रक्षा अधिकारी, वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता भी शामिल हुए।

श्री अर्लेकर अपनी पत्नी अनघा अर्लेकर के साथ बुधवार शाम हवाई अड्डे पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, राजभवन में चाय पार्टी का आयोजन किया गया। श्री अर्लेकर ने आरिफ मोहम्मद खान की जगह ली है, जिन्हें बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ दिलाई गई है। गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं गोवा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अर्लेकर बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं।

उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किया। इनमें गोवा औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष, गोवा राज्य अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग वित्तीय विकास निगम के अध्यक्ष, दक्षिण गोवा के भाजपा अध्यक्ष शामिल हैं। 2021 में उन्हें हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया और बाद में वे बिहार के राज्यपाल बनें।

## बिहार के नये राज्यपाल बने आरिफ मोहम्मद खान



**पटना।** श्री आरिफ मोहम्मद खान ने आज बिहार के नये राज्यपाल के तौर पर शपथ ले ली है।
राजभवन के राजेंद्र मंडपम हॉल में आयोजित एक समारोह में पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन ने श्री आरिफ मोहम्मद खान को शपथ दिलाई है।
नये राज्यपाल श्री आरिफ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार , उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य कई राजनीतिक हस्तियां मौजूद थीं। श्री आरिफ इससे पहले केरल के राज्यपाल थे और अब वह बिहार के नए राज्यपाल बन गए हैं। अब वह श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। श्री आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।



## उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति भवन और उपराष्ट्रपति सचिवालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा कर यह जानकारी दी। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पर लिखा, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज राष्ट्रपति भवन में नए साल की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

# मोंटेनेग्रो में बंदूकधारी ने की दस लोगों की हत्या



एजेंसी, पोडगोरिका।

मोंटेनेग्रो के सेटिंजे शहर में एक व्यक्ति ने दो बच्चों सहित करीब 10 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में खुदकुशी कर ली।

गृह मंत्री डेनिलो सरनोविक ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, ÷व्यक्ति पर करीब 10 लोगों की हत्या करने का आरोप है। इनमें से दो नाबालिग थे।÷ उन्होंने कहा कि संदिग्ध ने अपने परिवार के कई सदस्यों की भी हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। मंत्री ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो सकती है। श्री सरनोविक ने कहा, ÷हमलावर ने गोलीबारी करने के बाद आत्महत्या करने की कोशिश की। घायल अवस्था में पोडगोरिका में मोंटेनेग्रो के क्लिनिकल सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मोंटेनेग्रिन के प्रधानमंत्री मिलोज्को स्पाजिक ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सेटिंजे गोलीबारी के बाद बंदूक रखने पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी और उन्होंने अवैध बंदूक रखने के लिए सख्त दंड का आह्वान किया।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि हमले से पहले हमलावर की पीड़ितों में से एक के साथ बहस हुई थी, फिर वह बंदूक लेने के लिए घर गया, एक कैफे में वापस आया और कई लोगों को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया तथा इसमें कुछ लोग घायल हो गये। बाद में, उसने कैफे मालिक के बच्चों और एक महिला की भी हत्या कर दी।

# शिवराज के पत्र को लेकर आआपा ने भाजपा को कटघरे में किया खड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से किसानों के मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के मामले में गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) ने पलटवार करते हुए भाजपा और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

आआपा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे आश्चर्य है कि उनमें अभी भी किसानों के बारे में बात करने की हिम्मत है। उन्होंने किसानों की अनदेखी की और एमएसपी कानून अभी भी लागू नहीं हुआ है। यह इस पार्टी (भाजपा) की वजह से है। (किसान नेता) डल्लेवाल जी आमरण अनशन पर हैं।

यह इस पार्टी की वजह से है कि महाराष्ट्र के किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। संजय सिंह ने कहा कि जो भाजपा और मोदी सरकार ने एक साल तक दिल्ली सीमा पर देश के अन्नदाता किसानों को गुलाम और दुश्मनों की तरह सड़कों पर ट्रीट किया। उन्हें पाकिस्तानी और आतंकवादी तक कहा। उसकी ज्यादती से 750 किसानों ने शहादत दी। उस किसान के मुद्दे पर शिवराज सिंह दिल्ली की मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख रहे हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी के बाद अगर किसानों की कोई द्रोही और विरोधी है तो वह भाजपा है। आपके (भाजपा) मुंह से तो किसान का 'क' नहीं निकलना चाहिए। संसद में किसानों की बात करने पर हमें जबरन सदन से बाहर निकाला गया। आआपा नेता ने कहा कि देश में किसानों को सर्वाधिक मुआवजा केजरीवाल की सरकार ने दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आयुष्मान के लाभ के लिए जो मानदंड तय किए हैं, उसके मुताबिक यहां का कोई बाशिंदा उसके दायरे में ही नहीं आएगा। इसीलिए केजरीवाल ने दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक बनाए, जिससे लोगों को मुफ्त इलाज मिल रहा है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज मिल रहा है।

### शिवराज की आतिशी को सलाह, किसानों के हित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र की योजनाएं की जाएं लागू

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह दी है कि दिल्ली सरकार दलगत राजनीति से ऊपर उठकर केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करे। चौहान ने पत्र में दिल्ली सरकार से किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्र की योजनाओं को लागू करने का अनुरोध किया है। चौहान ने लिखा है दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार किसानों के प्रति बेहद उदासीन है और संवेदनहीन है। पत्र में आरोप लगाया है कि केजरीवाल और आतिशी ने कभी भी दिल्ली के किसानों के हित में उचित निर्णय नहीं लिए। केजरीवाल ने हमेशा चुनाव से पहले बड़ी-बड़ी घोषणा कर राजनीतिक लाभ लिया है।

# प्रधानमंत्री मोदी आज दिल्ली में विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ियों के निवासियों के लिए 1,675 फ्लैटों और दो शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं सहित कई विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी के लिए आवास की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन जनवरी को दोपहर करीब 12:10 बजे दिल्ली के अशोक विहार स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों का दौरा करेंगे। इसके बाद करीब 12:45 बजे वे दिल्ली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री दिल्ली के अशोक विहार में झुग्गी बस्तियों के निवासियों के लिए 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों का उद्घाटन करेंगे और पात्र लाभार्थियों को स्वाभिमान अपार्टमेंट की चाबियां भी सौंपेंगे। नवनिर्मित फ्लैटों के उद्घाटन से दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा दूसरी सफल इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के पूरा होने का संकेत मिलेगा। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली में झुग्गी बस्तियों के निवासियों को उचित सुख-सुविधाओं से सुसज्जित बेहतर और स्वस्थ रहने का माहौल प्रदान करना है। सरकार द्वारा फ्लैट के निर्माण पर खर्च किए गए प्रत्येक 25 लाख रुपये के लिए, पात्र लाभार्थी कुल राशि का 7 प्रतिशत से भी कम भुगतान करते हैं, जिसमें 1.42 लाख रुपये का नाममात्र योगदान और पांच साल के रखरखाव के लिए 30,000 रुपये शामिल हैं। पीएमओ के अनुसार प्रधानमंत्री दिल्ली के द्वारका में सीबीएसई के एकीकृत कार्यालय परिसर का भी उद्घाटन करेंगे, जिस पर करीब 300 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।



# अवैध खनन की सूचना देने वाले बिहारी योद्धाओं को मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत

**एजेंसी, पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई में सहयोग करने वाले बिहारी योद्धाओं को पुरस्कृत किया है। मुख्यमंत्री ने 1, अण्णे मार्ग स्थित %संकल्प% में खान एवं भूतत्व विभाग के अंतर्गत अवैध खनन कर राजस्व चोरी करने वाले खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई में सहयोग करने वाले बिहारी योद्धाओं के सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सम्मानित होने वाले 24 बिहारी खनन योद्धाओं के खाते में माऊस क्लिक कर पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली राशि हस्तांतरित की। अवैध खनन कर राजस्व चोरी करने वाले खनन माफियाओं की सूचना देने वाले को यह राशि प्रदान की जा रही है। इसके तहत ट्रैक्टर की सूचना देने वाले योद्धाओं को 5 हजार और ट्रक की सूचना देने वाले योद्धाओं को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि सम्मान स्वरूप दी जा रही है।



# राज्य सरकार किसानों को 4 हजार 849 एकड़ जमीन वापस करेगी : देवेंद्र फडणवीस

- 963 किसानों को फायदा होगा
- मंत्री समूह बैठक को डिजीटल करने का भी लिया निर्णय

एजेंसी, मुंबई।

राज्य सरकार किसानों को 4 हजार 849 एकड़ जमीन वापस करेगी, इससे राज्य के 963 किसानों को फायदा होगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को मंत्री समूह की बैठक में लिया है।



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि करीब 40 साल पहले लगान न भरने की वजह से तत्कालीन सरकार ने महाराष्ट्र में 963 किसानों की 4 हजार 949 जमीनें सरकार के नाम पर हस्तांतरित कर लिया था। हालांकि सभी जमीनें किसानों के पास ही है और वहीं किसान उस जमीन पर खेती कर रहे हैं। लेकिन जमीन सरकार के नाम पर होने से किसानों को जमीन का स्वामित्व हक नहीं मिल सका है। इसी वजह से आज मंत्री समूह की बैठक में इस तरह की जमीन को किसानों वापस देने का निर्णय लिया है। इसके लिए किसानों को उस जमीन का वर्तमान कीमत का 25 फीसदी भुगतान करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह आधार किसी व्यक्ति की एक विशिष्ट आईडी है, उसी तरह प्रत्येक बुनियादी ढांचा परियोजना के लिए एक विशिष्ट आईडी बनाने का मसौदा बनाए जाने का निर्णय आज मंत्री समूह की बैठक में लिया गया है। इसके लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी बनाए गई और मसौदा आने के बाद इस मसौदे पर फिर से विचार किया जाएगा। साथ ही मंत्रालय में लोगों को आना न पड़ें, इसलिए जिलास्तर पर लोगों काम करने का निर्देश दिया गया है। इसका कारण मंत्रालय में आने वालों के 70 फीसदी काम जिला स्तर के ही रहते हैं। इसलिए अब मंत्रालय आने वालों की इंट्री फेस आईडी से किए का निर्णय लिया गया है। इस पर जल्द अमल होगा। इसी तरह मंत्री समूह बैठक को डिजीटल करने का भी आज निर्णय लिया गया है। हालांकि जब तक सभी मंत्री इसके लिए तैयार नहीं हो जाते, तब तक इस निर्णय में छूट दी जाएगी।

### शीतलहर के बीच कश्मीर घाटी में हुई ताजा बर्फबारी

# अधिकांश जगह तापमान शून्य से नीचे

एजेंसी, श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर में शीतलहर जारी रहने के बीच गुरुवार को कश्मीर घाटी में ताजा बर्फबारी हुई है। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर से लगातार दो पश्चिमी विक्षोभों के गुजरने के कारण और अधिक बारिश और बर्फबारी का अनुमान लगाया है। ताजा बर्फबारी, शून्य से नीचे के तापमान और मैदानी, ऊंचे इलाकों पर बर्फीली स्थिति को देखते हुए पर्यटकों, यात्रियों, ट्रांसपोर्टरों को सलाह दी गई है कि वह प्रशासन व यातायात सलाह का पालन करें।



मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया है कि 3 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी के साथ आमतौर पर बादल छाए रहने की संभावना है। 4-6 जनवरी को मध्यम से मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर बर्फबारी के साथ आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। 4 जनवरी की रात से 5 जनवरी की देर रात तक अधिकतम गतिविधि होगी। 6 जनवरी को दोपहर से सुधार होगा। मौसम विभाग ने 7-10 जनवरी तक आमतौर पर शुष्क मौसम के साथ ही बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है। ताजा बर्फबारी, शून्य से नीचे के तापमान और मैदानी, ऊंचे इलाकों पर बर्फीली स्थिति को देखते हुए पर्यटकों, यात्रियों, ट्रांसपोर्टरों को सलाह दी गई है कि वह प्रशासन व यातायात सलाह का पालन करें। विभाग ने 4 से 6 जनवरी के दौरान ऊंचाई वाले कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी का अनुमान जताया है।

# हरिद्वार में खड़े ट्रक से टकराई कार हरियाणा के चार युवकों की मौत

एजेंसी, हरिद्वार।

हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर देर रात बहादराबाद थाने से पहले शनि देव मंदिर के समीप एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कारसवार रेवाड़ी (हरियाणा) के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एम्स में भर्ती कराया गया है।

बुधवार देर रात हरियाणा से हरिद्वार घूमने आ रहे पांच युवकों की कार बहादराबाद थाने से पहले शनि देव मंदिर के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार केयर सिंह उम्र 35 पुत्र दिलीप सिंह, आदित्य उम्र 38 पुत्र हवा सिंह, मनीष उम्र 36 पुत्र बलवान की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में घायल दो व्यक्तियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्रकाश (40) पुत्र रघुवीर को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल महिपाल पुत्र घांसीराम की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



इस मामले में थानाध्यक्ष नरेश राठौड़ ने बताया कि पांचों व्यक्ति एक ही गांव लिसाड़ी जिला रेवाड़ी, हरियाणा निवासी हैं। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रक भगवानपुर से 800 सीमेन्ट के बैग भरकर ढालवाला में अम्बुजा सीमेन्ट के गोदाम ऋषिकेश जा रहा था। वह रास्ते में टायलेट करने लिए रुका था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। ट्रक चालक फजलुर्रहमान पुत्र लतीफुर्रहमान निवासी ग्राम पढेड थाना गागलहेडी जिला सहारनपुर है।

# बीएसएफ पर ममता का गंभीर आरोप, केंद्र को लिखेंगी बड़ा पत्र

एजेंसी, कोलकाता।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर गंभीर आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। वर्ष के पहले प्रशासनिक बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की सीमा पर पुलिस या तृणमूल कार्यकर्ताओं की तैनाती नहीं है, बल्कि बीएसएफ तैनात है, लेकिन वही अनियमित प्रवास में मदद कर रही है।



नवान्न में आयोजित इस बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य पुलिस के डीजी राजीव कुमार को निर्देश दिया कि वे इस मुद्दे पर मिले ठोस सबूतों को पेश करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमा पार से अपराधी आकर हत्याएं कर रहे हैं और वापस चले जा रहे हैं। डीजी ने कुछ विशेष जानकारी प्राप्त की है। स्थानीय स्तर पर भी कुछ तथ्य सामने आए हैं। मुझे ये सारी जानकारी विस्तार से दी जाए। मैं इन सबके आधार पर केंद्र सरकार को बड़ा पत्र लिखने जा रही हूं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उन्होंने इससे पहले भी कई बार केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर अवगत कराया है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पश्चिम बंगाल में सीमा पार से हो रहे अनियमित प्रवास और इससे जुड़े अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लंबे समय से बीएसएफ की भूमिका पर सवाल उठाती रही हैं। उनका मानना है कि बीएसएफ की निगरानी में ही सीमाओं पर अनियमित गतिविधियां हो रही हैं। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री के बयान से एक बार फिर राज्य और केंद्र सरकार के बीच तनाव बढ़ने की संभावना है।

# एनएसडीसी ने 2024 में भारत के श्रमिक प्रशिक्षण को बनाया बेहतर

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), 2024 के अंत के करीब आते ही भारत में कौशल विकास इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण प्लेयर के रूप में उभर कर सामने आया है। भारतीय कार्यबल की रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए स्थापित, स्किल्ड इंडिया के लिए सरकार के विजन के अनुरूप, एनएसडीसी ने इस वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। यह समीक्षा एनएसडीसी की उपलब्धियों, पहलों और भविष्य की संभावनाओं को संक्षेप में प्रस्तुत करती है।

2024 में, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा स्थापित स्किल इंडिया डिजिटल हब डिजिटल लर्निंग और कौशल विकास के लिए एक अभिन्न हब के रूप में उभरा है। आज तक, यह पोर्टल एआई, ड्रोन टेक्नोलॉजी, डेटा साइंस और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में 500 से अधिक कोर्सेज़ प्रदान कर रहा है। एग्रीकल्चर और साइबर सिक्योरिटी में एआई-संचालित समाधानों पर विशेष कोर्सेज़ की शुरूआत बहुत महत्वपूर्ण है।

इस हब में उल्लेखनीय भागीदारी रही है क्योंकि इसके 1 करोड़ से अधिक पंजीकृत यूजर्स हैं और 50 लाख से अधिक कोर्सेज़ पूर्ण हो चुके हैं। 2025 के अंत तक शिक्षार्थियों की संख्या 1 लाख तक ले जाने के मिशन के साथ, सिद्ध देश के 505 जिलों में 5,000 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को एनरोल करके, समावेशिता को भी अपना रहा है। एआई-संचालित शिक्षा के लिए मेटा और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसी तकनीकी दिग्गजों के साथ संपर्क ने अनुभव को और समृद्ध बना दिया है।

### आर्थिक योगदान

एनएसडीसी की पहलों में कुछ रोचक आर्थिक योगदान हैं। संगठन ने आईटी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि का नेतृत्व किया है। अगले पांच वर्षों में, 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने के भारत के सपने को पूरा करने की महत्वाकांक्षा के साथ, यह उम्मीद है कि एनएसडीसी एआई और रोबोटिक्स के नए युग के क्षेत्रों में 5 मिलियन से अधिक नौकरियाँ पैदा करेगा। इंडस्ट्री 4.0 टेक्नोलॉजी, जैसे ऑटोमेशन और मशीन लर्निंग से संबंधित उच्च-स्तरीय कोर्सेज़ पर ध्यान केंद्रित करना यह सुनिश्चित करता है कि ग्रेजुएट्स आज के उद्योग के लिए प्रासंगिक दक्षताएँ हासिल करें। अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की स्थापना ने वैश्विक रोजगार क्षमता को बढ़ाने वाली उन्नत डिजिटल दक्षताओं में डबल सर्टिफिकेशन प्राप्त करना भी संभव बना दिया है। लैंगिक समानता और सशक्तिकरण के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप, एनएसडीसी ने महिलाओं के नेतृत्व वाली उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल शुरू की हैं। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े संगठनों के साथ साझेदारी करते हुए, एनएसडीसी क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध सेल्फ-लर्निंग कोर्सेज़ के माध्यम से 2025 तक 10,000 महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### दिल्ली भाजपा ने 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' नाम से जारी किया पोस्टर




**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को नया चुनावी पोस्टर 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' जारी किया, जिसमें आम आदमी पार्टी के नेताओं पर नकली वोट बनाने के आरोप लगाये गये हैं। इस मौके पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के राजनीतिक गुनाह बहुत ज्यादा है और वे लोग दिल्ली को बर्बाद करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह अपनी पत्नी श्रीमती अनीता सिंह का वोट कटवाने का झूठा आरोप भाजपा पर लगाये हैं, लेकिन वह बताये कि श्रीमती सिंह का वोट कहां-कहां हैं। संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और दिल्ली भाजपा की चुनाव आयोग सम्पर्क समिति के संयोजक संकेत गुप्ता भी मौजूद थे।



## सिंगर अरमान मलिक ने गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से की शादी

सिंगर अरमान मलिक अपनी गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ के साथ गुरुवार को शादी के बंधन में बंध गए हैं। अरमान की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। अरमान की शादी की तस्वीरें सामने आते ही उनके फैंसों ने उन्हें बधाई दी। अरमान मलिक का शादी का शाही लुक उनके फैंस को काफी पसंद आया है। अरमान की पत्नी एक मशहूर यूट्यूबर और ब्लॉगर हैं। अरमान ने शादी की खास तस्वीरें अपने सोशल मीडिया पर शेयर कीं। अरमान ने पिछले साल 2024 में अपनी गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ को प्रपोज किया था। फिर 23 अगस्त 2024 को दोनों ने एक-दूसरे से सगाई कर ली। अब नए साल की शुरुआत में अरमान और आशना ने एक दूसरे से शादी कर ली है। दोनों की शादी में रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। अरमान ने शादी में पीच कलर की शेरवानी पहनी थी। आशना ने भी अरमान की शेरवानी के रंग से मेल खाती हुई साड़ी पहनी थी। दोनों मैचिंग आउटफिट पहने नजर आए। फोटो को देखकर लग रहा है कि अरमान-आशना शादी करने और वरमाला पहनने के लिए काफी ज्यादा एक्साइटेड थे। दोनों की शादी पारंपरिक तरीके से हुई। अरमान बॉलीवुड में कई लोकप्रिय गानों के लिए मशहूर हैं।